सुप्रभात
रांची, गुरुवार
12.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 180



12 रणजी ट्रॉफी: पृथ्वी शॉ ने जड़ा धमाकेदार तिहरा शतक

## न्यूज डायरी

### गुमला : हाथियों ने दो को मारा डाला, दहशत

**गुमला।** जंगली हाथियों ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला। पहली घटना घाघरा थाना क्षेत्र के तेंदार नवाटोली की है। यहां मंगलवार की रात जंगली हाथियों का झुंड ने उत्पात मचाया और फिर तेंदार नवाटोली निवासी बंधनी उराईन (42) को हाथी ने पकड़कर पटक-पटक कर डाला। उसके पति एतवा उरांव ने भाग कर अपनी जान बचायी। वहीं दूसरी घटना गुमला थाना क्षेत्र के सतपारा घटा की है। यहां बुधवार की सुबह शौच के बाद लौट रहे सतपारा गांव निवासी वृद्ध सिटुवा गोप (70) को हाथियों ने कुचलकर मार डाला।

### बंगाल में भी हाथी के हमले में दो की मौत

**बांकुड़ा।** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में हाथी के हमले की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के झरिया गांव में बुधवार तड़के एक जंगली हाथी ने एक बुजुर्ग महिला की जान ले ली। एक अन्य मामले में मंगलवार रात संग्रामपुर गांव में 45 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

### खनिज खोज और क्षमता बढ़ाने को 155 करोड़ मंजूर

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि उसने खनिज अन्वेषण और क्षमता को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण न्यास के लिए 154.84 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इस वित्तीय मदद से देश को नीलामी योग्य खनिज ब्लॉक मिल सकेंगे और खनन क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने में मदद मिलेगी।

### टीपीसी उग्रवादी पलामू से गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस ने टीपीसी के उग्रवादी जीतन भुइयां को गिरफ्तार किया है। जीतन भुइयां की गिरफ्तारी पलामू जिले के मनातु थाना क्षेत्र स्थित छोटका नागद से गिरफ्तार किया गया है। प्रतापपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर उग्रवादी को गिरफ्तार किया है।

### रिम्स में इलाज के दौरान महिला कैदी की मौत

**रांची।** रिम्स में इलाज के दौरान महिला कैदी ललिता देवी (71) की मौत हो गयी। वह नामकुम थाना क्षेत्र के केतारी बागान चुटिया रोड नंबर-3 की रहने वाली थी। ललिता को 22 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के वक्त उसकी शारीरिक स्थिति ठीक नहीं थी। गिरफ्तारी के बाद ललिता देवी को सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच के बाद रिम्स रेफर कर दिया था। ललिता पर दहेज के लिए हत्या करने आरोप था।

### अपराधियों का हमला टीपीसी के नाम पर लेवी

**रांची।** कांके थाना इलाके में स्टोन माइंस पर हथियारबंद अपराधियों ने हमला कर दो हाइवा में आग लगा दी। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत ही आग पर काबू पा लिया। अपराधियों ने टीपीसी के नाम पर लेवी की भी मांग की। जानकारी के अनुसार मां विंध्यासनी स्टोन-चिप्स माइंस में मंगलवार की आधी रात 10 की संख्या में अपराधी आ धमके। गार्ड के साथ मारपीट करने के बाद दो हाइवा को आग लगा दी। वारदात के बाद माइंस कर्मियो में दहशत है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस यहां पहुंची और अपराधियों की घेराबंदी की गयी। हालांकि अपराधी भागने में कामयाब रहे। गार्ड को अपराधियों ने बताया कि वह सभी टीपीसी संगठन से हैं। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि टीपीसी से ताल्लुक रखते हैं कि नहीं यह जांच का विषय है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 52,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,500 रु./प्रति किलो |

## चाईबासा में एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर दस्ते से मुठभेड़

# आइइडी धमाके में छह जवान घायल, रांची लाये गये

खबर मन्त्र टीम

**रांची, चाईबासा।** एक करोड़ के इनामी नक्सली कमांडर मिसिर बेसरा के दस्ते के साथ चाईबासा में सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हो गयी। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा किये गये आइइडी में ब्लास्ट में सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन छह जवान घायल हो गये। सुरक्षाबलों की जोरदार जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे। वहीं मुठभेड़ के बाद भी पुलिस का सर्च अभियान जारी है। सुरक्षाबलों की अतिरिक्त टुकड़ी भी वहां पहुंच गयी है। घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। मेडिका, रांची में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। धमाके में जवानों के घायल होने की खबर मिलते ही पुलिस मुख्यालय आनन-फानन में चॉपर भेज कर घायल जवानों को एयरलिफ्ट रांची लाया। एक बार 4 जवानों को और दूसरी बार में दो घायल जवानों को लाया गया।



जवाबी कार्रवाई के बाद भाग निकले नक्सली, अभियान जारी

### सभी जवान खतरे से बाहर

पुलिस मुख्यालय के अनुसार घायल सभी जवानों की हालत खतरे से बाहर है। जवानों को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची ले आया गया है, खेल गांव स्थित हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर के पहुंचने से पहले ही पांच एंबुलेंस मौके पर पहुचे हुए थे, जैसे ही हेलीकॉप्टर लैंड हुआ तुरंत सभी घायल जवानों को आनन-फानन में हेलीकॉप्टर से उतारकर एंबुलेंस में लाया गया और फिर उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिका अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सभी जवान आइइडी ब्लास्ट के बाद उसमें से निकले विस्फोटक सामग्री के शरीर में घुसने की वजह से घायल हुए हैं।

### दस्ते की जानकारी पर निकले थे जवान

यह मुठभेड़ चाईबासा जिले के घोर नक्सल प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र के सर्जनबुरु में बुधवार की दोपहर एक करोड़ के इनामी नक्सली कमांडर मिसिर बेसरा के दस्ते के साथ हुई। इसी दौरान नक्सलियों के आइइडी विस्फोट में ये जवान घायल हो गये। चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि टोंटो थाना क्षेत्र के सर्जनबुरु के बीहड़ों में एक करोड़ के इनामी नक्सली कमांडर मिसिर बेसरा के दस्ते के भ्रमणसील होने की जानकारी मिली थी। इसी सूचना पर कोबरा 209 बटालियन के जवान जिला पुलिस के साथ मिलकर साझा अभियान चला रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने छुपकर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। मौके पर मौजूद सुरक्षा बलों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों के खिलाफ जवाबी फायरिंग खोल डाला। इस दौरान दोनों तरफ से दर्जनों राउंड फायरिंग की गयी। सुरक्षाबलों को अपने ऊपर भारी पड़ता देख नक्सली दस्ते के सदस्य घनघोर जंगल का फायदा उठाकर पीछे की तरफ भागने लगे। मौके पर मौजूद सुरक्षा बलों ने भी उनके खिलाफ तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया, इसी दौरान सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए जंगल में लगाया गया आइइडी विस्फोट हो गया।

### साल का पहला एनकाउंटर

साल 2023 में नक्सलियों के साथ झारखंड पुलिस का यह पहला एनकाउंटर है, जिसमें 6 जवान जख्मी हुए हैं। एक करोड़ के इनामी नक्सली कमांडर मिसिर बेसरा को गिरफ्तार करने या फिर उसे एनकाउंटर में मार गिराने के लिए चाईबासा में लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

### घायल जवानों के नाम

सीआरपीएफ के अधिकारियों के अनुसार घायल जवानों में अजय लिंडा (29), शाहरुख खान (27), भरत सिंह राय (26) और मुकेश कुमार सिंह (38), अलोक दास और एक अन्य जवान शामिल हैं।

## गुरुजी ने 79वां, बाबूलाल ने 65वां जन्मदिन मनाया

# बाबा के सपनों का झारखंड बनायेंगे : हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के लोगों ने राज्य की राजनीति के दो दिग्गज नेताओं दिशोमगुरु शिबू सोरेन और बाबूलाल मरांडी का 11 जनवरी जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं दी। झामुमो सुप्रीमो सांसद और पूर्व शिबू सोरेन बुधवार को 79 और राज्य के पहले सीएम भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी 65 के हो गये। जन्म दिन पर दोनों नेताओं को सभी पार्टियों के नेताओं और समर्थकों की ओर से फोन, फेसबुक और ट्विटर से शुभकामनाएं मिल रही है। समर्थक अपने-अपने तरीके से उनका जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे हैं। उनकी लंबी उम्र की कामना कर रहे हैं। अपने पिता को शिबू सोरेन को पुष्पगुच्छ भेंट कर सीएम ने उन्हें बधाई दी। गुरुजी से आशीर्वाद ले कर सीएम हेमंत ने कहा, हमें बाबा के सपनों का झारखंड बनाना है। इस दिशा में वह लगातार राज्य को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उनके सपनों का झारखंड बनाकर राज्य की जनता को सौगात देंगे। झामुमो शुरू से ही शिबू सोरेन के बताए रास्ते पर चलता रहा है और आगे भी उनके बताये रास्ते पर चलता रहेगा। उन्हीं के आशीर्वाद से राज में आज एक मजबूत और झारखंड के लोगों की आकांक्षाओं की सरकार चल रही है।



### गुरुजी ने काटा 79 पाउंड का केक

झामुमो नेता और कार्यकर्ता इस दिन को उत्सव की तरह मना रहे हैं। गुरुजी के रांची में उनके आवास पर नेताओं कार्यकर्ताओं का जमघट लगा रहा। जन्मदिन के मौके पर गुरुजी ने 79 पाउंड का केक काटा। इस मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, गुरुजी के छोटे पुत्र विधायक बसंत सोरेन सहित सीएम और अन्य परिजन तथा कई गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी गुरुजी के बेहतर स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि आज बाबा का जन्मदिन है। बाबा हमेशा स्वस्थ रहें और राज्य के लोगों को हमेशा आशीर्वाद देते रहें, यही कामना है।

## कुपवाड़ा में हादसा जेसीओ समेत तीन शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास गहरी खाई में गिरने से एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) सहित तीन सैनिक शहीद हो गये। सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। हादसा शाम एक नियमित परिचालन कार्य के दौरान एक अग्रिम क्षेत्र में हुई। सेक्टर में 10 को शाम संकरे ट्रैक के साथ एक नियमित परिचालन कार्य किया गया था। आगे की पोस्ट की ओर बढ़ते समय, संकीर्ण ट्रैक के साथ लगी बर्फ टूट गयी। इससे एक जेसीओ और दो जवान गहरी खाई में फिसल गये। निकटतम चौकी से सैनिकों के साथ तुरंत एक खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया। प्रतिकूल मौसम और खराब इलाके के बावजूद, खोज दल के निरंतर प्रयासों से बुधवार तड़के तीनों बहादुर सैनिकों के पार्थिव शरीर बरामद हुए। उनकी पहचान नायब सूबेदार पुरुषोत्तम कुमार (43), हवलदार अमरीक सिंह (39) और जवान अमित शर्मा (23) के रूप में की गयी।

# डिजिटल पेमेंट पर मिलेगा इंसेंटिव

- मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला, रुपे, भीम-यूपीआइ से लेन-देन को प्रोत्साहन देने के लिए 2600 करोड़ मंजूर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य वाले भीम-यूपीआइ लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गयी। डिजिटल पेमेंट को और तेजी गति देने के लिए केंद्रीय कैबिनेट करीब 2600 करोड़ रुपये के इंसेटिव्स का एलान किया है। इनसे आम जनता को वित्तीय ट्रांजेक्शन्स और डिजिटल लेनदेन में आसानी होगी और उनको इंसेटिव्स मिलेंगे। फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि सरकार के इस फैसले के तहत वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रूपे क्रेडिट कार्ड और भीम यूपीआई के उपयोग पर लोगों को इंसेटिव्स दिए जायेंगे। डिजिटल पेमेंट के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गयी इंसेटिव स्कीम के तहत ये इंसेटिव्स पर्सन टू मर्चेंट (पी 2 एम) बेसिस पर दिये जायेंगे।



### बहु-राज्य सहकारी जैविक सोसायटी को भी मंजूरी

कैबिनेट की बैठक में सहकार-से-समृद्धि लक्ष्य की ओर और तेजी से बढ़ने के लिए सहकारिता क्षेत्र से जुड़े तीन फैसले भी लिये गये हैं। कैबिनेट ने बहु-राज्य सहकारी समितियां अधिनियम, 2002 के तहत एक राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी जैविक सोसायटी की स्थापना को मंजूरी दी है। यह जैविक उत्पादों के एकत्रीकरण, खरीद, ब्रांडिंग और विपणन के लिए एक संगठन के रूप में कार्य करेगा। इससे उपज अंतराल को कम करने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री के अनुसार वर्तमान में देश में संचालित हो रहे 8 लाख 50 हजार रजिस्टर्ड सहकारी समितियों में लगभग 29 करोड़ मेंबर हैं। श्री यादव ने बताया कि देशभर में तीन नई को-ऑपरेटिव सोसायटी बनाने का भी एलान कर दिया गया है। इससे किसानों को जैविक उत्पादों के भंडारण, छटाई, ब्रांडिंग, पैकेजिंग तथा कई अन्य कार्यों के लिए संस्थागत सहायता मिल सकेगी।

**रुपे कार्ड पर बड़ा इंसेंटिव :** भारत का अपना ग्लोबल कार्ड पेमेंट नेटवर्क रुपे के जरिये 2000 रुपये तक के डिजिटल पेमेंट्स पर पहले 0.25 प्रतिशत का इंसेटिव दिया जाता था। इस स्कीम के लागू होने से इंसेटिव का दायरा और भी बढ़ गया है। दो हजार रुपये तक के डिजिटल पेमेंट्स पर पहले मिलने वाले 0.25 प्रतिशत का इंसेटिव को बढ़ाकर 1.145 फीसदी तक कर दिया गया है। वर्तमान में रुपे कार्ड 1,100 से अधिक बैंकों द्वारा जारी किये जाते हैं। इनमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, निजी क्षेत्र के बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण और सहकारी बैंक शामिल हैं।

## फ्लाईओवर के नीचे की सड़क भी होगी फोर लेन

- बिना तोड़फोड़ के 14 मीटर चौड़ी होगी दोनों ओर की सड़कें
- स्ट्रेगर वन आर्म्ड फ्लाईओवर, 500 करोड़ खर्च का अनुमान

**(खबर मन्त्र ब्यूरो) रांची।** सहजानंद चौक से रातू रोड चौक-एसीबी ऑफिस तक प्रस्तावित फोरलेन फ्लाईओवर सात-सात मीटर चौड़ा होगा। देश का अपने आप में अनोखा स्ट्रेगर वन आर्म्ड फ्लाईओवर निर्माण के लिए पथ निर्माण विभाग तेजी से काम कर रहा है। इसके लिए विभागीय सचिव ने इंजीनियरों के साथ-साथ निरीक्षण भी किया है। दस-पंद्रह में इसका निर्माण के लिए डीपीआर भी तैयार हो जायेगा, जिसकी जल्द मंजूरी मिलेगी। इंजीनियरों ने बताया कि फ्लाईओवर निर्माण में कोई जमीन का अधिग्रहण नहीं किया जायेगा। इस कारण किसी तरह की तोड़फोड़ नहीं होगी। वहीं, फ्लाईओवर के नीचे दोनों ओर की सड़कें भी सात-सात मीटर चौड़ी होगी। नीचे भी फोरलेन रोड चलने के लिए मिलेगा। ऐसे में फ्लाइओवर के नीचे भी वाहनों को चलने में कोई परेशानी नहीं होगी। यानि हरमू बाइपास पूरी तरह से फोरलेन होगी।

# केंद्रीय टीम के साथ बादल की बैठक, राहत शीघ्र

## सुखाड़ की समीक्षा कर केंद्रीय टीम उपसमिति को देगी रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में सूखे की स्थिति का आकलन करने आयी केंद्र की टीम के साथ बुधवार को झारखंड के कृषि मंत्री बादल बैठक की। नेपाल हाउस में हुई बैठक में मंत्री ने केंद्रीय टीम को उन्होंने राज्य के हालात की जानकारी दी। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य के 226 प्रखंड सुखाड़ की चपेट में आए हैं। केंद्रीय टीम को सभी बिंदुओं से अवगत करा दिया गया है। उम्मीद है कि केंद्रीय टीम जो रिपोर्ट सौंपेगी, उसपर केंद्र सरकार सकारात्मक निर्णय लेगी। सुखाड़ से प्रभावित किसानों के उत्थान के लिए उचित कदम उठायेगी। मंत्री स्त्री बादल ने कहा कि हमने पूर्व से ही सारी तैयारी कर ली थी। बीज वितरण से लेकर अन्य कार्य भी कर लिये थे, लेकिन राज्य में बारिश कम होने की वजह से करीब 65% कम उपज हुई है। 15 अगस्त तक 658 मिलीमीटर की जगह मात्र 426.3 मिलीमीटर बारिश हुई। इसकी वजह से राज्य के 226 प्रखंड प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के 58 लाख किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार काम कर रही है।

### सरकार सकारात्मक निर्णय लेगी : रूक्मणी



केंद्रीय टीम की नेतृत्वकर्ता एवं संयुक्त सचिव एस रुक्मणी ने कहा कि हमने रांची के चान्हों प्रखंड में जायजा लिया है। साथ ही पलामू समेत 7 जिले में जाकर हमारी टीम सूखे की स्थिति का आकलन कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय टीम अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार की उप समिति को भेजेगी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारी टीम जो अनुशंसा भेजेगी, उसपर केंद्रीय कमेटी सकारात्मक निर्णय लेगी।

## हज यात्रा में वीआइपी कोटा खत्म

- अब सभी आम यात्रियों की तरह होंगे शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हज यात्रा में वीआईपी कोटा' खत्म करने का फैसला किया है ताकि देश के आम लोगों को इससे फायदा हो और इस धार्मिक यात्रा में वीआईपी कल्चर' खत्म हो। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, यह (हज में वीआईपी कोटा खत्म करने का) फैसला हो चुका है। पीएम ने अपने कार्यकाल के प्रथम दिन ही वीआईपी कल्चर खत्म करने का संकल्प राष्ट्र के समक्ष प्रस्तुत किया था। ईरानी ने कहा, हज कमेटी और हज यात्रा को लेकर संप्रग सरकार के समय वीआईपी कल्चर स्थापित किया गया था। इसके अंतर्गत संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों के पास हज का विशेष कोटा होता था। उन्होंने बताया, अब पीएम मोदी ने भी अपना कोटा राष्ट्र को समर्पित किया ताकि इसमें वीआईपी संस्कृति नहीं रहे और आम हिंदुस्तानी को सुविधा मिले। राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और मैंने भी अपना कोटा छोड़ा है। हमने हज कमेटी से चर्चा की कि आप वीआईपी कल्चर छोड़ दें और कोटा समाप्त कर दें। सभी राज्यों की हज कमेटियों ने इसका समर्थन किया।

# दुनिया का सबसे लंबा रिवर क्रूज 23 को पहुंचेगा साहिबगंज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**वाराणसी, रांची।** पीएम मोदी 13 जनवरी को दुनिया के सबसे लंबे भारतीय क्रूज गंगा विलास क्रूज को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। यह काशी के रविदास घाट से रवाना होकर करीब 51 दिनों में डिब्रूगढ़ (असम) पहुंचेगा। इस क्रूज पर 18 सुईट हैं। इसमें 36 लोग रह सकते हैं। इसमें एक सुईट का 24 घंटे का किराया 50 हजार रुपये है। लग्जरी क्रूज गंगा विलास कोलकाता से काशी पहुंच गया है। इससे पूर्व 23 जनवरी की शाम झारखंड के साहिबगंज पहुंचेगा। यहां पर्यटक रात्रि विश्राम करेंगे और फिर सुबह अपने गंतव्य के लिए रवाना हो जायेगा।



24 घंटे का किराया 50 हजार रुपये, 51 दिन में पहुंचेगा डिब्रूगढ़

### साहिबगंज में रात्रि विश्राम, सांस्कृतिक कार्यक्रम

साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव ने बताया कि दुनिया का सबसे लंबा भारतीय क्रूज 23 की शाम साहिबगंज पहुंचेगा। यहां पर्यटक रात्रि विश्राम करेंगे। क्रूज के पर्यटकों के लिए साहिबगंज में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिला प्रशासन ने सुरक्षा बंदोबस्त सहित अन्य तैयारी कर ली है। इसे लेकर पदाधिकारियों के साथ उन्होंने समदा बंदरगाह के पास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### किराया भी वीआइपी है

क्रूज का किराया भी वीआइपी है। एक सुईट का महज 24 घंटे का किराया ही करीब 50 हजार है। किराया जगह के हिसाब से फ्लेक्सी है। गंगा विलास क्रूज के अगले कुछ वर्षों के सभी टिकट बिक चुके हैं। इन्हें स्विस पर्यटकों ने खरीद लिया है। इन्होंने हर सुइट के लिए 38 लाख रुपये का पेमेंट किया है।

### क्रूज पर्यटन के नये युग की शुरुआत

यह क्रूज भारत के लिए रिवर क्रूज पर्यटन के एक नये युग की शुरूआत करेगा। यह बिहार में पटना, झारखंड में साहिबगंज, प. बंगाल में कोलकाता, बांग्लादेश में ढाका और असम में गुवाहाटी जैसे प्रमुख शहरों सहित 50 पर्यटन स्थलों की यात्रा करेगा। डिब्रूगढ़ में एमवी गंगा विलास के आगमन की अपेक्षित तारीख एक मार्च, 2023 निर्धारित है।

### एमवी गंगा विलास की खासियत

एमवी गंगा विलास शिप 62 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा है। इसमें तीन डेक हैं और 36 पर्यटकों की क्षमता वाले 18 सुइट्स हैं, जिनमें सभी सुविधाएं हैं। क्रूज की पहली यात्रा में स्विट्जरलैंड के 32 पर्यटक वाराणसी से डिब्रूगढ़ की यात्रा का आनंद उठायेंगे। लग्जरी सुविधाओं से युक्त इस क्रूज पर शानदार रेस्टोरेंट, स्पा और सनडेक है। इसी मेन डेक पर जो 40 सीटों वाला रेस्टोरेंट है उसमें कॉन्टिनेंटल और भारतीय व्यंजनों के साथ बुफे काउंटर हैं। जो अपर डेस्क है उसमें आउटडोर सिटिंग में रियल टीक स्टीमर चेयर्स लगी हैं। साथ ही कॉफी टेबल के साथ बार भी शामिल है। इसके अलावा शॉवर वाला बाथरूम, कन्वर्टिबल बेड्स, फ्रेंच बालकनी, एलईडी टीवी, तिजोरी, स्मॉक अलार्म्स, लाइफ वेस्ट और स्प्रिंकलर्स जैसी सुविधा भी उपलब्ध है।

## देवघर में बम और गोली मारकर हत्या

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के कोरियासा राजकृत मध्य विद्यालय के सामने अपराधियों ने एक शख्स की बम और गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान लक्ष्मी यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि छह की संख्या में आए अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने क्षत-विक्षत हालत में शव को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अपराधियों ने लक्ष्मी यादव नाम के शख्स को निशाना बनाकर बम फेंका। बम फटते ही शख्स के शरीर के चिथड़े उड़ गये। उसका सिर बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। बमबाजी की इस घटना से पूरे देवघर में अफरा-तफरी मच गयी।

## कोयला ब्लॉकों की नीलामी का टेंडर 16 जनवरी को खुलेगा

**रांची।** केंद्रीय कोयला मंत्रालय ने 3 नवंबर, 2022 को 141 कोयला खदानों के लिए वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी की 6वीं ट्रेंच और 5वीं ट्रेंच के लिए दूसरा प्रयास शुरू किया है। मौजूदा ट्रेंच के तहत कोयला खदानों को निवेशक समुदाय की विभिन्न मांगों को देखते हुए चुना गया है। उद्योग के फीडबैक के आधार पर कुछ कोयला खदानों का आकार बदला गया है, ताकि उनका आकर्षण बढ़े। समय-सीमा के अनुसार निविदादाता 13 जनवरी, 2023 को दोपहर 12 बजे तक ऑनलाइन और उसी दिन अपराह्न 4 बजे तक ऑफलाइन माध्यम से अपनी निविदा जमा कर सकते हैं। निविदाएं 16 जनवरी 2023 को निविदादाताओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुबह 10 बजे खुलेंगे।

### असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति मामला

## हाइकोर्ट ने जेपीएससी से अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट की मांगी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति मामले में बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में प्रार्थी विवेक हर्षिल के द्वारा दाखिल एलपीए पर सुनवाई हुई। उक्त याचिकाकर्ताओं की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, सुभाशीष रसिक सोरेन और सौरव अरुण ने पक्ष रखा। वहीं जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जेपीएससी से पूछा कि 186 अभ्यर्थियों में से कितने लोगों का सर्टिफिकेट आइटीपीआइ 10/8/2020 से पहले का है या उसके बाद का। साथ ही अदालत ने प्रतिवादियों के आवेदन पत्र भी दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब इस मामले की सुनवाई 23 जनवरी को होगी।

बता दें कि एकल पीठ में दायर याचिका में कहा गया था कि जेपीएससी ने वर्ष 2020 में सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था। परीक्षा में 20 ऐसे अभ्यर्थी सफल हुए हैं जिनके पास विज्ञापन की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर में रजिस्टर्ड डिग्री नहीं थी। इसलिए इस परीक्षा को रद्द किया जाना चाहिए। लेकिन हाईकोर्ट के सिंगल बेंच ने यह याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद डबल बेंच में एलपीए दायर की गई है।

### उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की हुई बैठक

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का करें प्रचार-प्रसार : डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उप-विकास आयुक्त (डीडीसी) दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में बुधवार को जिला समन्वय समिति की बैठक की गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के प्रचार प्रसार का निर्देश दिया। उन्होंने पदाधिकारियों को इस संबंध में विज्ञापन निकलवाने को कहा। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को हर प्रखंड में कम से कम 5 आवेदन प्राप्त करने का निर्देश भी दिया ।

उपविकास आयुक्त ने वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के पूर्णतः में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में स्थानीय श्रमिकों द्वारा निर्माण कराने का निर्देश दिया। बुढ़मू, अनगड़ा, सिल्ली, लापुंग, बुंडू, राहे एवं रातू प्रखंड में खेल मैदान निर्माण पूर्ण नहीं होने पर संबंधित बीडीओ को चेतावनी दी और जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने को कहा।

सभी प्रखंड के मनरेगा मजदूरों का शत प्रतिशत आधार सीडिंग की समीक्षा करते हुए उन्होंने 31 जनवरी 2023 तक पूरा करने का निर्देश दियाा। खराब प्रदर्शन करने वाले प्रखंड- कांके, रातू, नामकुम, लापुंग, तमाड़, नगड़ी, बुढ़मू, बुंडू के प्रखंड विकास पदाधिकारी को उप विकास आयुक्त ने कड़ाई से निर्देश देते हुए तय समय में पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि समय सीमा में आधार सीडिंग का कार्य नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।

सभी प्रखंडों में मनरेगा योजनाएं सुचारू एवं नियमित रूप से चलने की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों कम से कम 5 मनरेगा योजनाएं चलाने का निर्देश दिया ताकि ग्रामीणों को उनके घर में ही काम मिलता रहे।

आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने तेजी लाने का निर्देश दिया। खराब प्रदर्शन करने वाले प्रखंड तमाड़, रातू, सोनाहातू, कांके एवं लापुंग के संबंधित अधिकारियों को फटकार भी लगाई।



**अमृत सरोवर निर्माण की समीक्षा :** जिला में 150 अमृत सरोवर निर्माण की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इसके प्रचार-प्रसार पर जोर देने का निर्देश दिया। साथ ही यूजर ग्रुप का निर्माण करने को भी कहा ताकि स्थानीय लोग अपनी आजीविका के लिए इसका इस्तेमाल कर पाएं।

**मिड डे मील एवं सर्वजन पेंशन योजना :** बैठक में मिड डे मील एवं सर्वजन पेंशन योजना की समीक्षा कर पदाधिकारियों को निर्देश दिये गये।

**15वें वित्त आयोग की राशि :** बैठक में 15वें वित्त आयोग में प्राप्त राशि के खर्च की समीक्षा करते हुए डीडीसी ने 31 जनवरी 2023 तक राशि पूरा खर्च करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित योजना ससमय पूरा करें।

**राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान :** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत पंचायत भवन मरम्मति हेतु ली गई योजनाओं की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने 17/01/2023 तक किसी भी हाल में पूर्ण करते हुए इसका अभिलेख जिला पंचायत कार्यालय को जमा करने का निर्देश दिया।

वहीं उपविकास आयुक्त ने सभी पंचायत भवन में कॉमन सर्विस सेंटर शिफ्ट करने की समीक्षा करते हुए इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया।

वहीं डीडीसी ने पंचायत भवनों को पक्की सड़क से जोड़ने पर जोर दिया। जिले की सभी पंचायतों में खराब हुए एल.ई.डी. लाईट की सूचना जल्द से जल्द देंने को कहा ताकि इसे बदला जा सके। डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को लंबित मामलों को पूर्ण करने के लिए विशेष रणनीति तैयार कर विभाग द्वारा तय समय अनुरूप पूर्ण करने एवं लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु सूचित करने का निर्देश दिया।

समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में निदेशक डीआरडीए रामवृक्ष महतो, जिला योजना पदाधिकारी विनय कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी बिरेन्द्र कुमार चौबे, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद ब्रजलता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, श्रम अधीक्षक, सभी प्रखण्डों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस गठबंधन के साथ मजबूती से लड़ेगी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव



**झारखंड कांग्रेस के पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा**

**कांग्रेस देश में 26 जनवरी से हाथ जोड़ो यात्रा करेगी शुरू झारखंड में हाथ जोड़ो यात्रा 9 फरवरी से 30 मार्च तक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक बुधवार को रामगढ़ जिमखाना क्लब में हुई। इसकी अध्यक्षता झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने की। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे मौजूद थे। बैठक में झारखंड के सीएलपी लीडर और मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री बादल पत्रलेख और बन्ना गुप्ता भी शामिल हुए। बैठक के बाद प्रभारी अविनाश पांडे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस देश भर में 26 जनवरी से हाथ जोड़ो यात्रा आरंभ करने जा रही है। झारखंड में हाथ जोड़ो यात्रा 9 फरवरी से 30 मार्च तक चलेगा।

बैठक में अविनाश पांडे ने कहा कि पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में 1932 खतियान, पेसा एक्ट, जल जंगल जमीन पर अधिकार, नियोजन नीति पर विशेष चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि झारखंड की नियोजन नीति को कोर्ट ने खारिज किया है। अब राज्य सरकार इसमें व्यापक पैमाने पर सुधार कर सभी मुद्दों को ध्यान में रखते हुए दोबारा लाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण विस्थापित से संबंधित कानून एवं स्थिति पर चर्चा हुई। सात दिनों के भीतर इस पर महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाएंगे। जरूरत पड़ी तो केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धरना कानून को लेकर हाई पावर डेलिगेशन देश के राष्ट्रपति से मिलने दिल्ली जाएगा।

उन्होंने कहा कि रामगढ़ की विधायक ममता देवी जन आंदोलन के कारण जेल गयीं हैं। उनका 1 माह का बच्चा घर में है। हम लोगों ने आज हजारीबाग जेल में ममता देवी से मुलाकात की। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड में गैर भाजपा विधायकों को सजा सुनाकर उनकी सदस्यता खत्म कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि बैठक में रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर विशेष चर्चा हुई। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर हाल में रामगढ़ विधानसभा सीट पर फिर कब्जा करेगी। हमारे नेता और कार्यकर्ता पूरे विधानसभा क्षेत्र में लोगों के बीच जाएंगे।

झारखंड के रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेगी। पत्रकारों ने झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे से पूछा कि रामगढ़ जिले में अपराध बढे हुए हैं। रजरप्पा में एक कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई है. लेकिन अब तक अपराधी गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस पर अविनाश पांडे ने कहा कि मैं कार्यकर्ता की मौत पर शोक व्यक्त करता हूं। उम्मीद करता हूं कि पुलिस प्रशासन जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर लेगी। अपराध पर नियंत्रण किया जाएगा। कांग्रेस के प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सीएलपी लीडर और मंत्री आलमगीर आलम,पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव सहित कई नेता मौजूद थे।

## गठबंधन की सरकार ओबीसी के हितों की रक्षा करने में विफल : राजेश गुप्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की गठबंधन की सरकार ओबीसी के हितों के प्रति असंवेदनशील है। एक ओर जहां मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार सरकार ओबीसी का आरक्षण सुनिश्चित कर पंचायत और नगर निगम चुनाव करा ली तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश की सरकार ने ट्रिपल टेस्ट के तहत आयोग का गठन पदाधिकारियों का चयन भी कर लिया है लेकिन झारखंड सरकार उस दिशा में विफल है। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में कही। श्री गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा विगत मार्च से अब तक ट्रिपल टेस्ट करने की मांग को लेकर कई आंदोलन किया है बावजूद सरकार उस दिशा में टस से मस नहीं हो रही है।




अर्थात आयोग का भी गठन सरकार ने नहीं किया है, जबकि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में भी मामले चल रहे हैं सरकार न्यायालय की भी नहीं सुन रही है।

प्रेस वार्ता के माध्यम से राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा अन्य मांगों में जातीय जनगणना कराने, स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय गठन करने और राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्य के रिक्त पदों को भरने की मांग की है।

प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा ने कहा कि बजट में ओबीसी का भी बजट संख्या के अनुपात में बनना चाहिए। कहा कि जैसे अनुसूचित जाति जनजाति के लिए जनसंख्या अनुपात में बजट का प्रावधान किया जाता है। उन्होंने 27 परसेंट आरक्षण लागू कर ही सरकारी नौकरियों में नियुक्ति निकालने और राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा 50% आरक्षण को लागू करने की मांग की। मौके पर प्रदेश उमेश जयसवाल, सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, श्याम सुंदर प्रसाद, शिवप्रसाद साहू, रामलखन साहू, संतोष शर्मा, अभय प्रसाद, रामचरण साहू उपस्थित थे।

## वकीलों की हड़ताल के बीच सुलह की तैयारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** काउंसिल के आह्वान पर हड़ताल के बीच सुलह की तैयारी शुरू हो गई है। झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने इस पूरे मामले में बीच-बचाव का फैसला लिया है और सुलह के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं की 4 सदस्य टीम गठित की है। झारखंड के वरिष्ठ अधिवक्ता वी पी सिंह, वरीय अधिवक्ता एम एस मित्तल, वरीय अधिवक्ता बीएम त्रिपाठी एवं वरीय अधिवक्ता एके कश्यप इस कमेटी में शामिल हैं। यह कमिटी एक्टिंग चीफ जस्टिस के समक्ष महाधिवक्ता एवं स्टेट बार के चेयरमैन के बीच बैठक कराने की कवायद करेगी। ताकि वकीलों की मांग पर बातचीत हो सके और न्यायिक कार्य सुचारु रूप से चल सके। बता दें कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल के आह्वान पर छह जनवरी से वकीलों का न्यायिक कार्य बहिष्कार जारी है और बुधवार को भी जारी रहा। इससे जनता का कार्य प्रभावित हो रहा है। मंगलवार की देर रात लिये गये निर्णय के अनुसार आंदोलन शुक्रवार तक जारी रहेगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा**
Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्याः–RDD/SD/SIM/03/2022-23 (PR No. 286972 Rural Development (22-23).D द्वारा प्राकाशित निविदा के क्रमांक 2,3,4 एवं 7 पर वर्णित तिथियों को क्रमशः

क्रमांक 2 – 16.01.2023 के स्थान पर 12.01.2023
क्रमांक 3 – 06.02.2023 के स्थान पर 24.01.2023
क्रमांक 4 – 07.02.2023 के स्थान पर 25.01.2023
क्रमांक 7 – 08.02.2023 के स्थान पर 27.01.2023
पढ़ा जाए ।

निविदा की शेष विवरण/शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
सिमडेगा

PR287320 (Rural Development)22-23*D


## रिम्स में इलाज के दौरान महिला कैदी की मौत, दहेज हत्या का था आरोप

**रांची।** रिम्स में इलाज के दौरान महिला कैदी की मौत हो गयी है। महिला कैदी पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप था। बताया जा रहा है कि महिला कैदी जिले के नामकुम थाना क्षेत्र के केतारी बागान चुटिया रोड नंबर-3 की रहने वाली थी। इनकी उम्र 71 साल थी। कैदी ललिता देवी की मौत इलाज के दौरान रिम्स में हो गयी है। बताते चलें कि ललिता को 22 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के वक्त उसकी शारीरिक स्थिति ठीक नहीं थी। गिरफ्तारी के बाद ललिता देवी को सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच के बाद रिम्स रेफर कर दिया था। ललिता पर दहेज के लिए हत्या करने आरोप था। इधर सदर कोर्ट द्वारा प्रासंगिक कांड के प्राथमिकी अभियुक्त ललिता के स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी रिम्स निदेशक से मांगी गई है, ताकि न्यायालय में समय पर जानकारी उपलब्ध करायी जा सके।

## हाइकोर्ट में कार्य बहिष्कार के दौरान 128 केस दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूरे राज्य में अधिवक्ता अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत है। इसी कड़ी में वे स्टेट बार काउंसिल के आह्वान पर 6 जनवरी से न्यायिक कार्यों से दूर हैं। झारखंड हाईकोर्ट में सरकारी अधिवक्ता न्यायिक कार्य में शामिल हो रहे हैं इसलिए यहां सिविल और क्रिमिनल दोनों केसों की फाइलिंग भी हो रही है। इनमें सबसे ज्यादा 78 क्रिमिनल केस फाइल हुए हैं। वहीं कुछ गैर सरकारी अधिवक्ता भी शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। झारखंड हाईकोर्ट में अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के पहले दिन यानी 6 जनवरी को 50 क्रिमिनल केस और 22 सिविल केस फाइल हुए। वहीं 7 जनवरी से 9 जनवरी के बीच 14 क्रिमिनल केस और 26 सिविल केस फाइल हुए। जबकि 10 जनवरी को 14 क्रिमिनल केस और 2 सिविल केस फाइल हुए हैं।

कार्य बहिष्कार के 6 जनवरी से 10 जनवरी तक के बीच 78 क्रिमिनल केस और 50 सिविल केस फाइल की गया है। इस दौरान हाईकोर्ट में सिविल एवं क्रिमिनल के कुल 128 केस फाइल हुए है। कार्य बहिष्कार शुरू होने के 1 दिन पूर्व यानी 5 जनवरी को 110 क्रिमिनल केस और 29 सिविल केस फाइल हुए हैं।

## 23-24 को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की होगी बैठक

**रांची।** कोल्हान के बाद भाजपा ने अब संथाल पर फोकस शुरू कर दिया है। इसी के तहत 23 और 24 जनवरी को देवघर के डाबरग्राम स्थित मैहर गार्डन रिजॉर्ट में पार्टी की दो दिवसीय कार्यसमिति की बैठक बुलाई गई है। देवघर में 16 साल बाद पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होगी। 23 जनवरी को प्रदेश कोर कमेटी और प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक होगी। वहीं 24 जनवरी को कार्यसमिति के सभी सदस्य बैठक में हिस्सा लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत कई नेता और पदाधिकारी बैठक में शामिल होंगे।


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक.........................खूँटी, दिनांक..................

**Corrigendum**
**E-Procurement Notice**
**E-Tender Reference No. KNP/12/2022-23**
**(PR. No. 285095 Urban Development 22-23)**

**Name of the Work:** Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 13 KLD at Khunti town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years

| Sr.No. | Particulars | Date | Corrigendum Date |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid submission end date | 10.01.2023 at 5.00 pm | 17.01.2023 upto 5.00 pm |
| 2. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 11.01.2023 up to 2.00 pm | 18.01.2023 up to 2.00 pm |
| 3. | Bid opening date (online) | 12.01.2023 at 3.00 pm | 19.01.2023 at 3.00 pm |

Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 287263 (Urban Development)22-23*D


### झारखंड राज्य पोषण मिशन के तहत राज्य अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक

# बच्चों को कुपोषण मुक्त करने की दिशा में कार्य हो : केएन झा

**राज्य के 69 प्रतिशत बच्चे 65 प्रतिशत महिलाएं एनिमिया से हैं प्रभावित**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महिला, बाल विकास एवं समाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव कृपा नंद झा ने कहा कि बच्चे परिवार, राज्य और देश के भविष्य होते हैं। बच्चों को कुपोषण से बचाना सरकार की प्राथमिकता है। यह बातें उन्होंने बुधवार को प्रोजेक्ट भवन परिसर सभागार में राज्य हुई अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन समिति बैठक में कही। श्री झा ने कहा कि बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए विभाग पूरी तत्परता, सजगता और प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। राज्य को हर हाल में कुपोषण मुक्त करने की दिशा में कार्य करना है। राज्य के आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध कराएं। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास हेतु विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं को प्रतिबद्धता के साथ लागू करें। राज्य में कुपोषित बच्चों और एनीमिया पीड़ित महिलाओं का सर्वे कर पहचान करें तथा हेल्थ वर्कर्स इनका मेडिकल चेकअप करा कर डाटा तैयार करें। सचिव ने कहा कि प्रचार प्रसार से योजना को राज्य में मजबूती से लागू करें।



### झारखंड के अधिकतर बच्चे कुपोषण से ग्रसित

सचिव ने कहा कि राज्य गठन के 22 वर्ष बाद भी झारखण्ड कुपोषण की बड़ी आपदा से घिरा हुआ है। ताजा राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ सर्वेक्षण-5 के अनुसार झारखण्ड के अधिकतर बच्चे कुपोषण से ग्रसित हैं। एनीमिया से 69 प्रतिशत बच्चे और 65 प्रतिशत महिलाएं प्रभावित हैं। सरकार राज्य की माताओं, बच्चों और किशोरियों के स्वास्थ्य में सुधार कर कुपोषण और एनीमिया के खिलाफ महाअभियान के साथ प्रयास शुरू किया गया है : समर अभियान। अभियन का उद्देश्य अति गंभीर कुपोषण एवं एनेमिया से ग्रसित बच्चो एवं महिलाओं की पहचान कर उनका उपचार करना है।

### बच्चों को अंडा खिलाने की है व्यवस्था

झारखंड राज्य पोषण मिशन की महानिदेशक राजेश्वरी बी ने कहा कि राज्य के आंगनबाड़ी केन्द्रों में पूरक पोषाहार कार्यक्रम के तहत बच्चों को अंडा खिलाने की भी व्यवस्था की जायेगी। बच्चों के खाने में गुणवत्तापूर्ण पोषक आहार देने पर कार्य योजना बनाएं। जो बच्चे शाकाहारी है उन्हें मौसमी फल इत्यादि उपलब्ध दी जायेगी। बच्चे सहित गर्भवती महिलाएं, धात्री माताओं को पूरक पोषाहार उपलब्ध कर लाभान्वित करने को कहा गया।

### समर अभियान योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश : राजेश्वरी बी

राजेश्वरी बी ने समर अभियान योजना के कार्य प्रगति में तेजी लाने का निर्देश विभाग के पदाधिकारियों को दिया। बैठक में विभागीय सचिव ने बताया कि इस अभियान से समयबद्ध तरीके से सेवाएं प्रदान करना, ठोस एवं सघन अनुश्रवण एवं हस्तक्षेप की अवसंरचना के लिए तंत्र को सुनिश्ति किया जा रहा है। बैठक में महानिदेशक राज्य पोषण मिशन ने ज़िलावार सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों के वजन माप की स्थिति की समीक्षा करते हुए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सभी आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीकृत बच्चों का वजन करायें एवं कुपोषित/अति कुपोषित बच्चों को एमटीसी में भर्ती सुनिश्चित करायें। बैठक में योजना के सफल कार्यान्वयन को आईसी पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निदेशक समाज कल्याण छवि रंजन, अवर सचिव अरशद जमाल समेत संबंधित जिला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी- सह- असैनिक शल्य चिकित्सक व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**
**समग्र शिक्षा**

**संशोधित विज्ञप्ति सूचना**
**कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिकाओं, शारीरिक शिक्षिकाओं एवं लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर में चयन हेतु आवश्यक सूचना**

कार्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या–SSA/1289/2022 में कोडरमा जिला अंतर्गत संचालित 04 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में अनुबंध आधारित पूर्णकालिक शिक्षिका एवं लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पदों पर स्थानीय नीति को परिभाषित करते हुए मैट्रिक एवं इण्टर की परीक्षा झारखण्ड राज्य से प्राप्त अभ्यर्थियों से ही आवेदन आमंत्रित किया गया था। इस संबंध में राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक GE/08/163/2022/3694 दिनांक 30.12.2022 के द्वारा सूचित है कि उक्त नीति को माननीय उच्च न्यायालय, राँची, झारखण्ड द्वारा निरस्त कर दिया गया है। अतएव अब निर्धारित अर्हता के अनुसार अभ्यर्थी अपना आवेदन इस पद हेतु होनेवाले चयन पर कर सकते है। अतः पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन (PR No.–284923) एवं संख्या–SSA/1289/2022 में संशोधित करते हुए निबंधित डाक से आवेदन देने की तिथि को विस्तारित करते हुए दिनांक 30.01.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक निर्धारित की जाती है। सिर्फ योग्य महिला अभ्यर्थी निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा कार्यालय, कोडरमा, नया समाहरणालय भवन, राँची पटना रोड, कोडरमा, पिन कोड–825410 में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 30.01.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक है। किसी भी परिस्थिति में साधारण डाक/हाथो–हाथ आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे। उक्त निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्रकाशित विज्ञापन के तहत् पूरी प्रक्रिया पर अंतिम निर्णय लेने के अधिकार विभाग को होगा। शेष शर्तें यथावत् रहेंगे।

इसे इस हद तक संशोधित समझा जाय।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, कोडरमा

PR 287319 School Education and Literacy(22-23).D

# अखिल झारखंड छात्र संघ का 'उठो, जागो' संकल्प मार्च आज, सारी तैयारियां पूरी

## नियुक्ति की जगह सरकार ने युवाओं को विज्ञप्ति थमा दिया : प्रो. विनय भरत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंडी युवाओं ने 2019 विधानसभा चुनाव में वर्तमान सरकार को अपना समर्थन और जनादेश दिया। लेकिन, झामुमो महागठबंधन की सरकार ने इस जनादेश और विश्वास के साथ विश्वासघात किया। सरकार ने युवाओं के हाथों में नियुक्तियों की जगह विज्ञप्ति दे दिया, रोजगार देने के जगह उन्हें बेरोजगार कर दिया। राज्य के युवा बेरोजगारी की आग में झुलस रहे हैं। ये बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता प्रो. विनय भरत ने रांची स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही।

प्रो. भरत ने कहा कि युवाओं के बिखरती उम्मीदें तथा टूटते सपने हमें चुप बैठ रहने की इजाजत नहीं देता। गुरुवार को विवेकानंद जयंती तथा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल झारखंड छात्र संघ के हजारों युवा 'उठो, जागो' संकल्प मार्च के माध्यम से अरगोड़ा मैदान से बापू वाटिका मोरहाबादी तक पैदल मार्च करेंगे तथा युवा विरोधी सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेंगे।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने कहा कि गुरुवार को होने वाले 'उठो, जागो' संकल्प मार्च की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सरकार की असंवैधानिक नीतियों तथा युवाओं के साथ हो रहे विश्वासघात के विरुद्ध व्यापक एवं निर्णायक लड़ाई की शुरुआत हो चुकी है। अब झारखंड के युवाओं के समक्ष बस एक ही उपाय बचा है, सड़क और संघर्ष। और, हम इसके लिए तैयार हैं।

### युवाओं को विज्ञापन और आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला : गुंजल

झारखंड आंदोलकारी पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा के सुपुत्र तथा सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर गुंजल इकीर मुंडा ने कहा कि हम सरकार से कोई नयी मांग नहीं कर रहे, बल्कि उन्हीं के मेनिफेस्टो में किये गये वादों को याद दिला रहे हैं। बेरोजगारी भत्ता, प्रति वर्ष पांच लाख युवाओं को रोजगार, प्राथमिक से पीएचडी तक सभी लड़कियों को नि:शुल्क शिक्षा, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड सहित कई ऐसे वादे हैं, जो वर्तमान सरकार ने युवाओं के लिए किया था। मुख्यमंत्री ने चुनावी रैलियों में अपने श्रीमुख से ये बातें कही थीं। सरकार अपना तीन वर्षों का कार्यकाल पूर्ण कर चुकी है, लेकिन युवाओं को विज्ञापन और आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

## 31 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह 22 को

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप)झारखंड सेवा विभाग के सहयोग से लायंस क्लब ऑफ रांची द्वारा आगामी 22 जनवरी रविवार 2023 को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सेवा सदन पथ (सेवा सदन) बड़ा तालाब, अपर बाजार रांची में 31 शोषित वंचित आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग की लड़कियों का चौथा आशीर्वाद सामूहिक विवाह समारोह आयोजित होने जा रहा है। लायंस क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष राजेश कुमार मोर और आशीर्वाद विवाह समारोह के संयोजक राजेश चौधरी ने बताया कि लायंस क्लब का उद्देश्य केवल सहायता करना मात्र नहीं है, बल्कि समाज को एक नई दिशा देने का उद्देश्य भी है। उन्होंने बताया सामूहिक विवाह एक आंदोलन है यह कोई चैरिटी नहीं, इस समारोह के माध्यम से हम समाज के सक्षम वर्ग को ऐसे समाज से जोड़ना चाहते हैं जो आज आर्थिक रूप से पिछड़ेपन के कारण विवाह का खर्च उठाने में अक्षम है, उनका सामूहिक विवाह कर बहुत से अंधविश्वासों को तोड़ना और सामाजिक कुरीतियों जैसे नशा पान, भोजन की बबार्दी, दिखावे पर होने वाले अनावश्यक खर्चों को रोकना भी है।

## वैश्य मोर्चा ने ओबीसी आरक्षण को ले संजय सेठ, आदित्य साहु को सौंपा ज्ञापन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को स्थानीय सांसद संजय सेठ के प्रतिनिधि एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहु को ज्ञापन सौंप कर ओबीसी को 27% आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र सरकार के पास सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया है। वैश्य मोर्चा ने अपने ज्ञापन में लिखा है कि वैश्य मोर्चा सहित कई सामाजिक संगठनों एवं राज्य के 54% पिछड़ा वर्ग के संघर्ष और सतत प्रयास से राज्य सरकार ने पहले कैबिनेट की बैठक कर तथा दूसरी बार विधानसभा का विशेष सत्र आहूत कर राज्य के ओबीसी को 27% आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित किया है। यहां तक कि पिछले विधानसभा सत्र के दरम्यान मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सत्ता पक्ष सहित विपक्ष के कई नेताओं ने राजभवन जाकर महामहिम राज्यपाल से मिला था और इस प्रस्ताव को मंजूरी देने का आग्रह किया गया था। वैश्य मोर्चा ने ज्ञापन में लिखा है कि आप और आपकी पार्टी भी ओबीसी को 27% आरक्षण देने की मांग करती रही है। अब जब राज्य सरकार राज्य के 54% आबादी वाले पिछड़ों के बच्चों के शिक्षा, नौकरी और रोजगार को ध्यान में रखते हुए 27% आरक्षण देने का फैसला किया ह, तो केंद्र सरकार भी सकारात्मक पहल करते हुए इस प्रस्ताव को 9वीं अनुसूची के अधीन आगामी लोकसभा सत्र में पारित करवाये। इससे 22 साल बाद ही सही, कम से कम आपके प्रयास से ओबीसी को 27% आरक्षण का लाभ तो मिलने लगेगा। प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, हीरानाथ साहु, लक्ष्मण साहु, इंदु भूषण गुप्ता आदि शामिल थे।

## अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ व एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ का शिष्टमंडल मुख्यमंत्री के सचिव से मिला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह एवं पवन कुमार, अध्यक्ष एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ ने बुधवार को मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे से प्रोजेक्ट भवन स्थित झारखंड मंत्रालय में मुलाकात की। उन्हें महासंघ की ओर से नववर्ष की मंगलकामना की व शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया।

दोनों ने महासंघ की ओर से राज्यकर्मियों को केंद्र के अनुरूप सभी सुविधाए देने की मांग की। साथ ही, एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ की ओर से भी राज्य में कार्यरत एमपीडब्ल्यू कर्मचारी को स्थायी समायोजन करने से संबंधित मुख्यमंत्री के नाम से पत्र श्री चौबे को दिया। महासंघ द्वारा सचिव महोदय से अनुरोध किया गया कि उपरोक्त पत्र पर राज्यकर्मियों की लंबित मांगों का पूरा करें। सहकारिता विभाग से संबंधित मांगो से संबंधित पत्र भी उन्हें दिया गया, जिस पर मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा आज तक कोई कारवाई नहीं की गयी। एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों को स्थायी समायोजन करने का आग्रह किया गया। मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने महासंघ के शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि मांगों पर कार्रवाई की जायेगी। शिष्टमंडल में सुनील कुमार साह महामंत्री एवं पवन कुमार अध्यक्ष एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ शामिल हुए।

## अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम की तैयारी को लेकर सरला-बिरला विवि में हुई समीक्षा बैठक

### 16-17 जनवरी को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में होना है समागम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में बुधवार को कुलपति प्रो गोपाल पाठक के अध्यक्षता में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा 16-17 जनवरी को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, भोपाल में अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इसमें झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित राज्य के सभी सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, चेयरमैन, निदेशक, प्राचार्य तथा प्राध्यापक उपस्थित थे। बैठक में संस्थाओं की आपसी संबद्धता को बढ़ावा एवं पोषण, सतत विकास व मूल दक्षतायें, शोध एवं नवाचार, भारतीय ज्ञान परंपरा, सामाजिक विकास, पर्यावरण, नेतृत्व एवम प्रशासन तथा उच्च शिक्षा एवम राष्ट्रीय विकास के अंतर्गत वहनीय एवं सुलभ गुणात्मक शिक्षा तथा शिक्षा में लोकोपकार एवं सामाजिक जुड़ाव तथा उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर गहन विचार विमर्श किए गए। मौके पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विश्वविद्यालयों को एक साथ मिलकर छात्रों के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए आपसी समन्वय एवं अकादमिक सहयोग तथा संस्थागत तालमेल बनाए जाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि चाहे सरकारी विश्वविद्यालय हो या निजी विश्वविद्यालय सभी का उद्देश्य एक ही होना चाहिए - अपने छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर योग्य नागरिक बनाना। उन्होंने शोध की गुणवत्ता के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि रिसर्च प्रपोजल एवं शोध प्रबंध को शोधगंगा में शामिल किया जाना, भावी शोधार्थियों के लिए उपयोगी होगा।

रांची विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ राजकुमार शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्णित भारतीय ज्ञान परंपरा के अवधारणाओं की चर्चा करते हुए पाणिनी के सूत्रों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के बदौलत ही भारत ज्ञान के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के परिणाम स्वरूप अवश्य ही भारत पुनः ज्ञान के क्षेत्र में सिरमौर बनेगा और विश्व का मार्गदर्शन करेगा। बैठक में सभी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने सभी विश्वविद्यालयों की पाठ्यक्रम में एकरूपता पर जोर दिया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने सभी विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों को शत प्रतिशत कक्षाएं संचालित कराने एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की अपील की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को बेहतर एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना होगा ताकि समाज को नई दिशा मिल सके। बैठक का संचालन कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने की तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता भी उन्होंने ही पूरी की।

बैठक में वाईबीएन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एस पी यादव , उषा मार्टिन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ ए के मिश्रा, आदित्य प्रकाश जलन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ रामकेश पांडेय, सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ रामकिशोर सिंह, वाईबीएन विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ एस तिवारी, रांची विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ राजकुमार शर्मा, साईं नाथ यूनिवर्सिटी के ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट के डायरेक्टर डॉ वीरेंद्र गोस्वामी, झारखंड टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्रो रामजी यादव, श्री प्रवीण कुमार, डॉ संदीप कुमार, डॉ राधा माधव झा, डॉ रिया मुखर्जी, प्रो अमित गुप्ता, डॉ भारद्वाज शुक्ल, ओएसडी श्री अनुभव अंकित, श्री धर्मेंद्र कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा झारखंड के कार्यसमिति की बैठक संपन्न



**रांची।** अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा झारखंड का कार्यसमिति की बैठक बुधवार को दिगंबर जैन भवन रांची में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर एवं भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर पुष्पांजलि कर की गई । साथ में भारतीय शहीद सैनिकों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा झारखंड के अध्यक्ष रामाशीष यादव ने किया। बैठक में झारखंड के सभी जिलों से जिला अध्यक्ष तथा प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित हुए । कार्यसमिति की बैठक में कई कार्य योजनाओं की मंजूरी ली गई जिसमें यादव के सर्वांगीण विकास हेतु हर स्तर पर प्रयास करना, समाज में व्याप्त रूढ़िवादी परंपराओं कुरीतियों को समाप्त करने का सतत प्रयास करना तथा नवीन समाज की संरचना के लिए कार्य करना, यादव समाज से अशिक्षा व गरीबी का उन्मूलन करने का प्रयास करना तथा साधन हीन मेधावी छात्रों की शिक्षा एवं भविष्य निर्माण में सहायता प्रदान करना तथा सभी प्रकार की शिक्षा के विस्तार हेतु प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षक संस्थाओं तक आधुनिकतम तकनीकी प्रौद्योगिकी मेडिकल शिक्षण संस्थाओं छात्रावासों की स्थापना करना तथा उनका संचालन करना, यादव समाज के द्वारा नवीन भारत के निर्माण हेतु समतामूलक संस्कृति को स्थापित करने का प्रयास करना तथा उसके अनुरूप चरित्रवान नागरिकों का निर्माण करना, समाज के नारी वर्ग की गरिमा व गौरव की पुनर्स्थापना हेतु पुरुष वर्ग के समान स्तर पर प्रतिष्ठित करना तथा समानता का पूर्ण अधिकार दिलाने में सहयोग करना आदि शामिल है।

### पंजाबी हिंदू बिरादरी 13 को मनायेगा लोहड़ी पर्व

**रांची।** पंजाबी हिंदू बिरादरी इस वर्ष भी 13 जनवरी को लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनायेगा। कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी भवन,लाला लाजपत राय पथ, रांची में होगा। पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष राजेश खन्ना ने बताया कि राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह कार्यक्रम के अतिथि होंगे।

### मरांग बुरू पर आदिवासी मूलवासी का जन्मसिद्ध अधिकार : विजय शंकर नायक

**रांची।** मरांग बुरू (पारसनाथ) पर झारखंड के आदिवासी मूलवासी समाज का जन्मसिद्ध अधिकार है। इससे दुनिया की कोई भी ताकत, कोई भी सरकार वंचित नहीं कर सकती। अगर वंचित करने का प्रयास हुआ, तो इसके गंभीर परिणाम केंद्र सरकार और राज्य की सरकार को भुगतने होंगे। ये बातें बुधवार को झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने गिरिडीह में मरांग बुरू बचाओ अभियान के तहत हुए महाजुटान की सफलता पर कही।

### हरमू स्थित चडरी मसना में हुआ हड़गड़ी पूजा का आयोजन



**रांची।** चडरी मौजा के हरमू स्थित चडरी मसना में बुधवार को चडरी के मुख्य पहान गुडू पहान के अगूवाई में हड़गड़ी पूजा की गई। इस अवसर पर चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि आदिवासी समुदाय पूस एवं माघ महीने में इस पारंपरिक पूजा का आयोजन कर अपने पूर्वजों के प्रति आस्था एवं सम्मान कर कृतार्थ होते हैं। इस पूजा के दौरान मसना में पत्थलगड़ी भी करने की परंपरा पूर्वजों द्वारा स्थापित की गई है। हमें पूर्वजों के बताऐ मार्ग पर चलकर अपने धर्म, संस्कृति रीति-रिवाज एवं परंपरा को बनाए रखने की जरूरत है।

### 'एक शाम युवाओं के नाम' कार्यक्रम आज

**रांची।** श्री हनुमान सेवा संस्थान, रांची के तत्वावधान में गुरुवार 12 जनवरी को हरमू मैदान में संध्या 6:30 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इससे पूर्व प्रात: 08: 00बजे पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम संपन्न होगा। उसके पश्चात निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिन के 12:00 से 3:00 बजे इसी स्थल में रक्तदान शिविर का कार्यक्रम होगा। उक्त जानकारी आयोजन समिति के संरक्षक प्रमोद सारस्वत ने दी।

### गोस्सनर कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता आज

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज मास कम्यूनिकेशन एंड वीडियो प्रोडक्शन डिपार्टमेंट (एमसीवीपी) के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर द्वारा 12 जनवरी को दिन के 11.30 बजे अंतर विभागीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस भाषण प्रतियोगिता का विषय भाग्य विधाता है। मास कॉम डिपार्टमेंट के रुम नं.-01 में होने वाले इस प्रतियोगिता में भाग लेने को इच्छुक प्रतिभागी स्वेच्छा से हिंदा या अंग्रेजी में भाषण दे सकते है। भाषण की समय सीमा दो से पांच मिनट निर्धारित की गयी है। उक्त जानकारी मासकॉम डिपार्टमेंट की प्रो गोल्डेन बिलुंग ने दी।

### इनर व्हील क्लब ने मनाया अंतरराष्ट्रीय इनर व्हील दिवस, किये कई नेक काम



**रांची।** इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक्ट -325 की ओर से बुधवार को अत्यंत उत्साह से अंतरराष्ट्रीय इनर व्हील दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत क्लब की अध्यक्ष नम्रता कुमार के नेतृत्व में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। सर्वप्रथम रांची एयरपोर्ट में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाया गया तथा पौधे प्रदान किए गए। खूंटी के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र रनिया अड़की ब्लॉक के कुछ निर्धन ग्रामीणों का मोतियाबिंद के ऑपरेशन को स्वामी दयानंद अस्पताल में व्यवस्था की गई और उनके बीच कंबल बांटे गए। पेस्टोलॉजी चिल्ड्रेन सोसाइटी के गरीब निराश्रित बच्चों के साथ सुख दुख साझा किया गया। क्लब में दो नए सदस्य को भी जोड़ा गया। तत्पश्चात कांके रिजॉर्ट में पिकनिक का आयोजन किया गया तथा केक काटे गए। क्लब की संवाददाता अर्चना त्रिवेदी ने बताया कि इन कार्यक्रमों में उपाध्यक्ष माला श्रीवास्तव, सचिव सुप्रता लाल, आईपीपी नीता नारायण, ट्रेजरर सोमा भादुड़ी, दीपा चौहान, देवजानी सान्याल, रेखा सिंह,ज्योति तिवारी संगीता सिन्हा,प्रिया राय, निशी श्रीवास्तव,अनीता जयसवाल मीना सहाय अंबुजा शरण अंशु सहाय सुषमा पांडेय,सोनल श्रीवास्तव, अनुपमा चौधरी आदि शामिल हुईं।

## सरला बिरला स्कूल के बच्चों ने अनगड़ा में किया कंबल वितरण

### कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम 'शुभेच्छा'




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शुभेच्छा कार्यक्रम के अंतर्गत शीत ऋतु की इस विषम परिस्थिति में कंबल वितरण कर जरूरतमंद लोगों की सहायता की। छात्रों ने अपने शिक्षकों के साथ रांची जिले के अनगड़ा ब्लॉक स्थित पाइका, चतरा, सिरपा और बोंगई बेरा गांव के वृद्ध और अभावग्रस्त लोगों के मध्य कंबल वितरण किया।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने विद्यालय द्वारा किये गये प्रयास की प्रशंसा की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के अलावा स्कूल इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में प्यार, सद्भावना एवं सेवा भावना जैसे गुणों को जागृत करने का प्रयास करता है।

## उम्मीद फाउंडेशन हर माह सुजीत मुंडा को उपलब्ध करायेगा राशन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** टी-20 ब्लाइंड वर्ल्ड कप टूर्नामेंट की विजेता भारतीय टीम के सदस्य सुजीत मुंडा को उम्मीद फाउंडेशन आर्थिक मदद कर रहा है। फाउंडेशन उन्हें घर चलाने के लिए प्रत्येक माह राशन का खर्च देगा। जनवरी माह से ही उम्मीद फाउंडेशन मदद कार्य शुरू कर दिया है। उम्मीद फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष रितेश उरांव, सचिव निरंजन भारती, उपाध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, राजेंद्र ठाकुर, सोनू खलखो सहित टीम के अन्य लोगों के साथ सुजित मुंडा का घर पहुंचकर जनवरी महीने का राशन 50 किलो चावल, 10 किलो आटा, 10 किलो आलू, तेल, दाल इत्यादि जरूरत के सभी चीजें उपलब्ध कराया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष रितेश उरांव ने कहा कि उम्मीद फाउंडेशन यह चाहती है कि सुजीत मुंडा स्वतंत्र होकर क्रिकेट खेलें और अपने राज्य और देश का नाम इसी तरह रोशन करते रहें।

# यह श्रेष्ठ प्रदर्शन प्रतिभागियों के उत्साह का परिणाम : शांडिल्य

## डीएसपीएमयू में इंटर यूनिवर्सिटी ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल के विजयी प्रतिभागियों का सम्मान समारोह



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** किट्स भुवनेश्वर में संपन्न 36वें इंटर यूनिवर्सिटी ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के 49 सदस्यीय टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कई ओवरऑल और व्यक्तिगत पुरस्कार अर्जित किए। संगीत की प्रतियोगिता में डीएसपीएमयू की टीम को पूरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस विधा में युवराज मिश्रा को लाइट वोकल सोलो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

इसी प्रकार इंस्टालेशन, ट्राइबल ऑर्केस्ट्रा और ऑन स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में डीएसपीएमयू को पूरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कोलाज प्रतियोगिता में यहां के प्रतिभागियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कई प्रतिभागियों ने एकल प्रदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन उत्कृष्ट प्रदर्शन और उपलब्धियों के लिए पूरे 49 सदस्यीय दल को बुधवार को विश्वविद्यालय में विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने इस दल के नेतृत्वकर्ता डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ राहुल देव साव सहित सभी प्रतिभागियों से इस पूरी प्रतियोगिता के अनुभवों की जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागियों ने अपने अनुभवों को साझा किया।

प्रतिभागियों ने अपने मेडल और सर्टिफिकेट को इस अवसर पर काफी उत्साह से दिखाया। इस विशिष्ट अवसर पर वीसी ने कहा कि यह इन प्रतिभागियों के साथ समूचे विश्वविद्यालय के लिए गौरवान्वित करने वाला पल है और आने वाले समय के लिए यह संकेत कि डीएसपीएमयू रांची न सिर्फ अकादमिक दिशा में बल्कि अन्य सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में नित नई ऊंचाइयों की प्राप्ति की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि नए वर्ष में विश्वविद्यालय में कई सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाना है, जहां इन्हें पुनः अपनी विधा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने कहा कि अगर पूर्व के प्रदर्शनों पर दृष्टि डाली जाए तो यह स्पष्ट है कि विश्वविद्यालय निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर है और यह एक अति शुभ संकेत प्रदान करता है।

इसके उपरांत वीसी और कुलसचिव ने प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके सकारात्मक प्रयास और मनोयोग के फलस्वरूप समूचा विश्वविद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गौरतलब है कि 49 सदस्यों सहित इस दल का नेतृत्व डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ राहुल देव साव ने किया था। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## सहायक प्राध्यापक संघ ने जताया आभार

**रांची।** झारखंड सहायक प्राध्यापक संघ की रांची विश्वविद्यालय इकाई की बैठक बुधवार को हुई। इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ. त्रिभुवन शाही ने की। कहा गया कि राज्य कैबिनेट ने प्रोफेसर नियुक्ति में नैक ग्रेड के आधार पर पीएचडी की डिग्री में वरीयता देने वाले निर्णय को खत्म कर दिया है और यूजीसी के नियम को लागू किया है। सरकार के इस निर्णय पर संघ ने आभार जताया। डॉ. त्रिभुवन शाही ने कहा कि 2018 एक्ट के पृष्ठ संख्या 50 में उल्लेखित बिंदु संख्या 13.0 के अनुसार किसी भी विश्वविद्यालय में अनुबंध पर कार्यरत सहायक प्राध्यापकों का न्यूनतम मानदेय 57,700 रुपये से कम नहीं होना चाहिए। सरकार को इसे भी जल्द लागू करना चाहिए। यूजीसी रेगुलेशन के अनुसार न्यूनतम ग्रेड पे या ग्रॉस सैलरी नहीं मिलने के कारण असिस्टेंट प्रोफेसर की सीधी नियुक्ति में शैक्षणिक अनुभव का लाभ न तो केंद्रीय विश्वविद्यालयों में मिल रहा है और न ही किसी राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों में।

# बीएसएफ जवान की सड़क दुर्घटना में मौत, गांव में मातम

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** प्रखंड के सताकी पंचायत अंतर्गत भीमटंगरा गांव के 29 वर्षीय बीएसएफ जवान गोपाल मुंडा का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया है। युवक की मौत की खबर पर इनके बटालियन में शोक की लहर है। जवान बटालियन में काफी लोकप्रिय था। जवान के शव को लेकर डिप्टी कमांटेड विनोद कुमार, इंस्पेक्टर बलवीर, अपनी टीम के साथ गांव पहुँचे। शव के गांव पहुँचने पर परिजनों का रो रो के बुरा हाल था। जवानों ने सम्मान के साथ अपने साथी का अंतिम संस्कार किया। 21 फायरिंग कर जवान को अंतिम सलामी दिया। डिप्टी कमांटेड विनोद कुमार ने जवान के पिता को तिरंगा सौंपी।


जवान की फाइल फोटो



अंतिम संस्कार में उपस्थित बीएसएफ के जवान

जवान गोपाल मुंडा 7 जनवरी की शाम खेल गांव के समीप सड़क दुर्घटना में घायल हुए थे और रिम्स में इलाजरत थे। 10 जनवरी को इनकी मौत हुई थी। 29 वर्षीय बीएसएफ जवान गोपाल मंडा 2012 में बीएसएफ 167 बटालियन में जॉइनिंग किए थे। वर्तमान में इनकी पोस्टिंग छत्तीसगढ़ में थी। 5 जनवरी को छुट्टी लेकर घर आए थे और 7 जनवरी को घर के काम से रांची गए हुए थे और शाम को घटना हुई। जवान का 2 वर्ष का बेटा है। पत्नी शीला का बुरा हाल है।

बीएसएफ जवान की मौत की सूचना पर आजसु प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, जिला परिषद सदस्य बादल महतो,उप प्रमुख उमेश प्रसाद, समाजसेवी क्षेत्रमोहन महतो, मुखिया पांडू मुंडा, जवान के घर पहुंच कर शव में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किये।

# मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा की प्रतिमा दुसरी बार क्षतिग्रस्त

## आक्रोशित लोगों ने रिंगरोड किया जाम,एक घंटे में खुला जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के भूसुर चैक स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा की प्रतिमा को असमाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। असमाजिक तत्वों द्वारा प्रतिमा के हाथ में लगे हाकी स्टिक को तोड कर हटा दिया गया और प्रतिमा पर लाल झंडा लहरा दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बडी संख्या में लोग जमा हो गए और आक्रोशित लोगों ने रिंगरोड को जाम कर दिया। जिससे दोनो ओर वाहनों की कतारें लग गयी। इधर सडक जाम की सूचना पर ओपी प्रभारी सुकदेव कुमार साहा सदलबल मौके पर पहुंचे और लागों को समझाबुझा कर जाम हटवाया। इसके बाद पुलिस ने प्रतिमा पर लगे लालझंडा को हटा कर जब्त कर लिया। ओपी प्रभारी ने बताया कि प्रतिमा क्षतिग्रसत करने वाले को किसी हाल में बख्सा नहीं जाएगा, पुलिस बहुत जल्द मामले का खुलाशा कर देगी। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, मुखिया पुस्पा तिर्की,पूर्व मुखिया रितेस उरांव,माधो कच्छप, सुंदरी तिर्की, शनिचरवा तिर्की, महादेव मुण्डा सहित बडर संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।



### भुसूर चैक पर सुरक्षा का इंतजाम करें प्रशासन: रितेस

मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा स्मारक समिति के संरक्षक एंव पूर्व मुखिया रितेस उरावं ने कहा कि भुसूर चैक जैसे मुख्य रास्ते पर लगी मरांग गोमके की प्रतिमा को असमाजिक तत्वों ने दुसरी बार क्षतिग्रस्त किया है। जो काफी दुखदायक है,श्री, उरांव ने कहा कि भुसूर चैक रांची खुंटी का सबसे शॉटकट रास्ता है, इधर से बडी संख्या में लोग आनाजाना करते है। ऐसे में चैक पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा एंव लाईट की व्यवस्था करनी होगी जिससे सभी लोग अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें।

## स्पीड न्यूज

### बारेंदा गांव में हाथी ने घर ढहाया



**सोनाहातू।** प्रखंड के बारेंदा पुरान टोला में मंगलवार की रात झुंड से एक बूढ़ी हाथनी ने जम कर उत्पात मचाया है। बारेंदा पुरान टोला के अघनु पुरान के घर को ध्वस्त कर दिया है और घर में रखे अनाज को खाया और नष्ट किया। गोपाल पुरान के घर का दरवाजा और चारदीवारी को भी तोड़ दिया है। पीड़ितों ने वन विभाग और अंचल कार्यालय में घटना की सूचना देकर मुआवजा देने और हाथियों को भगाने की गुहार लगाई है। हाथी द्वारा नुकसान करने की सूचना पर निमाई चन्द्र राय, समाजसेवी लालजी पुरान, दिनेश पुरान, जगतपाल पुरान गांव में पहुँच कर नुकसान की जानकारी लिया।

### 10 वीं चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूनार्मेंट को लेकर होगी बैठक आज

**सोनाहातू।** युवा दिवस के अवसर पर सोनाहातू में युवकों और खेल प्रेमियों की बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में 10 वीं चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूनार्मेंट के आयोजन को लेकर तैयारी की समीक्षा की जाएगी। 10 वीं चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन 19 फरवरी को होना तय है। टूनार्मेंट को लेकर आवश्यक विचार विमर्श किया जाएगा। जिसमें आयोजन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी आयोजन समिति के द्वारा दिया गया है।

### राहे में धान क्रय केंद्र का शुभारंभ



**राहे।** प्रखंड के लैम्प्स परिसर में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन, बीडीओ हारून रशीद ,जिप सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश प्रसाद,प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो,मुखिया कृष्णा पातर आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि किसानों के हित को देखते हुए पैक्स के माध्यम से धान अधिप्राप्ति केंद्र में सरकार के निर्धारित 2050 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान बिचौलियों से बचे एवं सीधे लैम्प्स में आकर अपने धान को बिक्री करें। उन्होंने लैम्प्स के अधिकारियों से कहा कि किसानों के पैसे समय पर उन्हें मिले इस पर ध्यान दें ताकि अन्य फसलों की खेती वे समय पर कर सकें। मौके पर बीएसओ बिष्णु खंडित, ग्रामप्रधान द्रोण सिंह मुंडा,कृषक मित्र अक्षय महतो, जवाहरलाल महतो, आदि उपस्थित थे।

### दिव्यांग बच्चों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने को ले कार्यक्रम का आयोजन

**चान्हो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग के रिसोर्स शिक्षिका पद्मा मिश्रा ने प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी कि कैसे विशिष्ट बच्चों की पहचान की जाती है और उन्हें किस प्रकार से शिक्षित किया जाए कि वे समाज के मुख्यधारा में आसानी से जुड़ जाएं। इस दौरान उन्होंने सरकार की ओर से ऐसे बच्चों को दी जाने वाली कई प्रकार की सुविधाओं की भी जानकारी दी। मौके पर शिक्षक ब्रजेश कुमार सहित शिक्षा विभाग के कर्मी भी मौजूद थे।

### कांके, टेंडर के पीडीएस डीलर प्रवेश कुमार का लाइसेंस रद्द

**रांची।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी अलबर्ट बिलूंग की रासन की चोरी करनेवाले डीलरों के खिलाफ बैटिंग जारी है। इसी क्रम में बुधवार को उन्होंने कांके प्रखंड के टेंडर स्थित एक दबंग डीलर प्रवेश कुमार के पीडीएस दुकान का डाइसेंस रद्द कर दिया है। प्रवेश कुमार के खिलाफ सरकारी राशन वितरण में अनियमितता बरतने का आरोप है। विभागीय स्तर पर उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच करायी गयी, जिसमें सही पाया गया था। पीडीएस डीलर के जवाब से असंतुष्ट होकर उनका लाइसेंस को ही रद्द कर दिया।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के केंद्रीय अधिकारियों का दौरा आज

**कांके।** झारखंड की राजधानी से मात्र 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके और 15 किलोमीटर की दूरी पर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पिठोरिया है। यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था यहां के ग्रामीणों के अनुसार दिन और रात्रि में आकर समझी जा सकती है कि स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति कितनी अच्छी है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सहित जिला के स्वास्थ्य अधिकारियों का दौरा या निरीक्षण यहां पर नहीं के बराबर होता है। सिर्फ कागजों पर ही आदेश दिया जाता है। लेकिन मरीजों को कितनी सुविधाएं यहां मिल रही है यह देखने वाला कोई नहीं हैं। सरकारी कर्मचारी अपनी इच्छा अनुसार यहां बिना टाइम टेबल के आते हैं और अपनी हाजिरी बजा कर चले जाते हैं। कई कर्मचारी और चिकित्सक अच्छे भी हैं वे अपने नियमित समय पर आकर अपना कार्य करते हैं। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत रोगियों की सभी अच्छी सुविधाएं देने के लिए लाखों रुपए सरकार द्वारा आवंटित की गई है। लेकिन इस आवंटन राशि का मरीजों के इलाज और व्यवस्था के नाम पर वर्षों से लूट मची हुई है।

बताते चलें कि 12 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के केंद्रीय अधिकारियों का टीम इन केंद्रों पर दौरा कर निरीक्षण करेंगे इसके लिए 11 जनवरी को सुबह से ही अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार सहित कर्मचारियों की टीम पूरे केंद्र परिसर को रंग रोगन कराने, बैनर बोर्ड लगाने, स्वास्थ्य संबंधी स्लोगन लिखने, दीवार लेखन में व्यस्त देखे गए। इसमें लाखों रुपए खर्च किए गए। यह कार्य आवंटित राशि से पहले भी की जा सकती थी। इसको लेकर केंद्र को चमकाया जा रहा है और 12 जनवरी को सभी चिकित्सकों, नर्सों, कर्मचारियों को समय पर केंद्र में आकर उपस्थित रहने का आदेश प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा दिया गया है।

## बीएयू में मोटे अनाजों का मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय अधीन कार्यरत सामुदायिक विज्ञान विभाग द्वारा मोटे अनाजों का मूल्य संवर्धन विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को हुआ। मलिंडा चैरिटेबल ट्रस्ट, गुमला के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में गुमला जिले के छः पंचायतों के कुल 20 जनजातीय कृषक महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान विभागाध्यक्ष डॉ रेखा सिन्हा ने महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्रों हेतु उपयुक्त मिलेट मूल्य संवर्धन तकनीक तथा मिलेट मूल्य संवर्धन में प्रयुक्त उपकरणों की व्यावहारिक जानकारी दी। मिल्लेट्स फसल विशेषज्ञ डॉ अरुण कुमार ने विभिन्न मोटे अनाजों की उत्पादन तकनीक के बारे में बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम



के दौरान विशेषज्ञ बिंदु शर्मा एवं डॉ नीलिका चंद्रा ने प्रतिभागी महिलाओं को मडुआ का बिस्कुट, कुकिज, पास्ता, सेवई, लड्डू, निमकी, मिक्सचर, बर्फी, मल्टी ग्रेन आटा के साथ-साथ मडुआ आधारित बाल आहार, माल्ट पेय तथा मडुआ के मूल्यवर्धक उत्पाद धुसका, मोमो, कचौरी, हलवा एवं चीला बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन समारोह में सामुदायिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रेखा सिन्हा ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किया एवं महिलाओं को ग्रामीण स्तर पर आजीविका एवं पोषण सुरक्षा के लिए मोटे अनाजों का मूल्य वर्धन द्वारा उद्यम चलाने के लिए प्रेरित किया। जबकि वर्त्तमान में मक्का, रागी, ज्वार और बाजरा जैसे मोटे अनाज हमारे आहार में लगभग नगण्य हो गए है। डॉ सिन्हा ने बताया कि मोटे अनाजों की महत्ता को देखते हुए सामुदायिक विज्ञान विभाग द्वारा इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, रांची के सौजन्य से हाल में मोटे अनाज के संदर्भ में प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन पर राज्य के सभी जिलों के कुल 150 किसानों ने भाग लिया।

## एक नजर में

### मौसमी बीमारियों से अस्पतालों में बढ़े मरीज

**सिल्ली।** सिल्ली क्षेत्र में ईन दिनों ठंड बढ़ने के कारण मौसमी बीमारियों ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। जिससे अस्पतालों में मौसमी बीमारियों के मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। इन दिनों सामुदायिक अस्पताल के ओपीडी में रोज 40- 45 मौसमी बीमारी के मरीज पहूंच रहे हैं। सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, वायरल अन्य बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की संख्या ज्यादा देखी जा रही है। चिकित्सा प्रभारी जितेंद्र कुमार महली ने बताया कि अस्पताल में दवाई उपलब्ध है। ऐसे में आमजन को ठंड से बचाव के लिए पहनने, ओढ़ने से लेकर खान पान में भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अत्यधिक ठंड बढ़ने के कारण उम्रदराज लोगों से अपील करते हुए ने कहा है कि बराबर अपना प्रेशर अवश्य जांच कराएं।

### मेलानी टीम ने किया एतवा स्मृमि कप पर कब्जा



**चान्हो।** ज्योति कल्ब कुल्लू द्वारा आयोजित एतवा स्मृति चाइलेंज कप का फाइनल खिताब पर मेलानी की क्रिकेट टीम ने कब्जा जमाया। बुधवार को आयोजित फाइनल मुकाबले में मेलानी की टीम ने अपने प्रतिद्वंदी इलेवन क्रिकेट लवर्स गड़ाडी को 28 रनों से पराजित किया। फाइनल मुकाबले से पूर्व मैदान में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए जिप सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी फुटबॉल की तरह ही क्रिकेट लोकप्रिय खेल होता जा रहा है। मेरा प्रयास होगा कि लोगों को इस खेल का उचित प्लेटफार्म मिले जिससे वे इस क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर सकें। वहीं मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित सीपीआईएम विधानसभा प्रभारी ज्ञानी के द्वारा टूनार्मेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार के तौर पर शील्ड नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र उरांव, मांगू उरांव, सुनील मुंडा, विशेश्वर मुंडा, शकील अंसारी, क्यूम अंसारी, बलीमुंडा, फिरोज अंसारी, फागू उरांव, असद अंसारी, रंथु मुंडा, अशोक मिंज, मोहन महतो आदि उपस्थित थे।

## झामुमो ने गुरुजी का 79 वां जन्म दिन मनाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झामुमो सुप्रीमो, पूर्व सीएम और राज्य सभा सांसद शिबू सोरेन 79 साल के हो गये। उनके जन्म दिन पर कार्यकर्त्ता उत्साहित नजर आये। श्री सोरेन की दीघार्यु होने की कामना की गयी। रिक्शा चालक और जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इससे गरीबों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने मोर्चा जनों का आभार जताया। इससे पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अगुआई में केक काटा गया। मौके पर शमीम मंसुरी, असलम अंसारी,महावीर विश्वकर्मा, कमरुल हक, धर्मेंद्र सिंह, जाबिर अंसारी, प्रदीप किस्पोट्टा, अजय साहू, खेदू महली, बबलू मिंज, सैयद फिरोज, अमन कुमार, सुभान राय, वाशिम अंसारी, आशिफ मंसुरी, जितनंदन महतो, पहना तिर्की व रवि कुमार आदि दर्जनों लोग मौजूद थे। इधर, मोर्चा नेताओं ने गुरुजी के मोरहाबादी स्थित आवास जाकर उनका कुशलक्षेम जाना। जन्म दिन पर उन्हें बुके भेंट की और आशीर्वाद लिया।


गुरुजी को पुष्प गुच्छ देते बेलाल अंसारी।

### गुरु शिबू सोरेन का 79 वाँ जन्मदिवस झामुमो खलारी प्रखंड कार्यालय में मनाया गया

**खलारी।** झामुमो खलारी प्रखंड कार्यालय में झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान की अध्यक्षता में झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान के राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु वीर शिबू सोरेन का 79 वाँ जन्मदिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रखंड सचिव महेंद्र चौहान ने किया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी पूर्व केंद्रीय सदस्य एवं खलारी कोयलांचल के मास्टरजी के नाम से मशहूर राजकिशोर राम पासवान व विशिष्ट अतिथि में झामुमो के वरिष्ठ नेता सह रांची जिला के पूर्व उपाध्यक्ष नंदू मेहता एवं कई गन्यमान आंदोलनकारी साथी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का आगाज सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा केक काटकर झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का जन्म दिवस मनाया गया। और केक उपस्थित कार्यकर्ताओ के बीच वितरण किया गया।

### ग्रामीण प्रतिभा फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच आज, तैयारी पूरी



**रातू।** नवीन स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से आयोजित ग्रामीण खेल प्रतिभा फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल गुरुवार को 2 बजे बाजपुर और पाली के बीच खेला जायेगा। बुधवार को सेमीफा में ट्राईब्रेकर के जरिये बाजपुर ने बिजुलिया व पाली ने बानापीड़ी को पराजित कर दिया। प्रतियोगिता में बानापीड़ी तीसरे और बिजुलिया चौथे स्थान पर रही। पुरस्कार वितरण समारोह में बाबूलाल मरांडी बतौर मुख्य और सांसद संजय सेठ, राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य साहू, पूर्व मंत्री अमर बाउरी व विधायक नवीन जायसवाल विशिष्ट अतिथि होंगे। मैच का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह करेंगे। सिकीदिरी और ओरमांझी महिला टीम की प्रदर्शनी मैंच होगी। नागपुरी गीत-संगीत का भी दौर चलेगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। यह जानकारी अकादमी के अध्यक्ष जेम्स खलखो ने दी।

### हमारी व्यवस्था को सुगम बनाती है सड़क : पूनम टोप्पो



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत अंतर्गत ताबेर खुर्द में अरविंद तिवारी के घर से दुर्गा गोप के घर तक 350 फीट लंबी पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का विधायक प्रतिनिधि राजकमल गोप, पंचायत समिति सदस्य पूनम टोप्पो, मुखिया दुर्गा उरांव तथा समाजसेवी दशरथ तिर्की ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजकमल गोप ने कहा कि सड़क गांव के विकास का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम होता है। जहां सड़कों का जाल बिछा है वही सबसे अधिक विकास भी हुआ है। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य पूनम टोप्पो ने कहा अथक प्रयासों के बाद 15 वीं वित्त से इस सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सड़क हमारी व्यवस्था को सुगम बनाती है। उन्होंने कहा कि देवगांव देवों का गांव है जहां देव हैं वह पूजनीय भी है। वहीं मुखिया दुर्गा उरांव ने कहा कि देवगांव पंचायत को पूरे लापुंग प्रखंड का आदर्श पंचायत बनाया जाएगा। इस मौके पर ताबेर खुर्द निवासी जन्मेंजय तिवारी, अरविंद तिवारी वार्ड सदस्य गणेश उरांव, मोहन लोहरा, डहरू भगत, सकरा गोप सहित कई लोग मौजूद थे।

### ह्यूमन राइट्स काउंसिल के यूथ विंग ने जरूरतमंदों के बिच बांटा कंबल



**इटकी।** ह्यूमन राइट्स काउंसिल के यूथ विंग के नेशनल डायरेक्टर आरिफ रजा ने बुधवार को इटकी मौसी बाड़ी में जरूरतमंद गरीब, वृद्ध, वृद्धाओं व विधवाओं के बीच कंबल का वितरण किया। इटकी मौसीबाड़ी, खोरखा टोली, तिर्विन्धा चौक, गुलजार रोड, स्टेशन रोड, महुआ टिकरा, मल्टी, बाजार मोहल्ला व एकता नगर के करीब तीन सौ लोगों के बीच का कंबलों का वितरण किया गया। मौके पर आरिफ रजा ने कहा कि सामाजिक सरोकार के तहत संपन्न लोगों को आर्थिक रुप से कमजोर गरीब तबका के लोगों की मदद के लिए आगे आना होगा तभी सामाजिक समानता बरकरार रहेगी। गरीबों की सेवा से ही आत्म संतुष्टि मिलती है। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से इस्लाहुल एराकींन कमेटी के सदर अकील अहमद सेक्रेटरी अल्हाज मोइनुद्दीन,नायब सेक्रेटरी तफज्जुल हुसैन, आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम, सैफुल्लाह अतहर, बासित, नदीम, पवन कुमार, मो तारिक, फैजान व शमशाद सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### मृतक के स्वजनों से मिली पूर्व विधायक, शोक प्रकट कर हर संभव मदद का दिया भरोसा



**बेड़ो।** मांडर की पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने बेड़ो में अवधेश लाल खन्ना की पत्नी अणिमा देवी और कामेश्वर ठाकुर की मां अभिलाष देवी के निधन की सूचना मिलने पर दोनों मृतक परिवार के स्वजनों से मिली और अपनी संवेदना व्यक्त की। और आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए स्वजनों को ढांढस बंधाया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति मेरे परिवार के समान है। इनके दुख में शामिल होना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमारी कहीं भी अगर जरूरत पड़े तो आप लोग बेहिचक बताएंगे। इस दौरान उन्होंने घायल नौ वर्षीय आराध्या रानी से भी मिली। मौके पर भोगेन सोरेन,राजीव रंजन अधिकारी, बलराम सिंह,राजेश साहू,भीखा उरांव,आलोक मिश्रा, अरुण प्रसाद,आनंद ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टोल प्लाजा पुंदाग ओरमांझी पर चलाया गया जागरूकता अभियान

### एसडीओ रामगढ़, डीटीओ रांची और ट्रैफिक डीएसपी के नेतृत्व में चला अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/ ओरमांझी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बुधवार को एसडीओ रामगढ़ जावेद हुसैन एवं डटीओ रांची प्रवीण कुमार प्रकाश, डीएसपी ट्रैफिक जितबाहन उरांव, एनएचएआई के परियोजना निदेशक विजय कुमार एवं सड़क सुरक्षा के डीआरएसएम जमाल खान, रोड़ सेफटी इंजिनियर गौरव कुमार एवं हाईवे टोल प्लाजा हजारीबाग के इंचार्ज चेतन के सहयोग से एनएचएआई टोल प्लाजा पुंदाग, ओरमांझी मे जागरूकता कार्याक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीओ ने टोल प्लाजा के कमीर्यों एवं वाहन चालकों को एमवी एक्ट अमेंडमेंट 2019 के नियम का पालन करने को कहा गया एवं कहा गया कि विश्व का 1 % वाहन हमारे देश में है लेकिन सड़क दूर्धटनाएं 11 % है। जिस वजह से वाहन चालकों को सतर्कता पूर्वक चलना चाहिए। और यह भी कहा गया कि सड़क दुर्धटना में धायल एवं मृत व्यक्ति के परिजनों को सरकारी योजनाओं के तहत मुआवजा दिया जाता है।



कार्यक्रम में बोलते डीटीओ प्रवीन प्रकाश

डीटीओ प्रवीण कुमार प्रकाश ने बताया कि एक वर्ष में चार लाख से ज्यादा सडक दूर्धटनाएं होती है, जिसमें करीब डेढ लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इसके लिए समय समय पर लोगों के बीच सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियम से संबंधित जागरूकता अभियान चलाई जानी जरूरी है। वाहन चालकों को भी स्वयं जागरूक होने की की आवश्यकता है साथ ही जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि सडक दूर्धटनाओं में मृत्युदर में कमी लाने हेतु दूर्धटना में धायल व्यक्ति को एक घंटे की भीतर (गोलडेन ऑवर में) नजदीकी अस्पताल में पहुंचा दिया जाना चाहिए, साथ ही मदद करने वाले व्यक्ति को सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि के रूप में 5000/- रुपएं दी जाऐगी। वहीं यातायात पुलिस उपाधिक्षक जितबाहन उरांव के द्वारा हेलमेट, सीटबेल्ट, को अति महत्वपूर्ण बताया गया। रांची जिला के अंदर ज्यादातर सड़क दुर्धटनाएं तेज रफ्तार एवं उ्ञ्ल्ल' ल्लउ्ञ्5ी के कारण होती है, आंकडों के अनुसार ज्यादातर सड़क दुर्धटनाओं में 25-40 वर्ष के युवा पीढ़ी शामिल है। इस कारण युवा पीढ़ी को हेलमेंट, सीटबेल्ट एवं यातायात नियमों का स्वयं पालन करने एवं दुसरो को जागरूक करने का निर्देश दिया।

### मांग पुरा नही होने पर बीसीकेयू धरना प्रदर्शन जारी



**खलारी।** एनके एरिया के जीएम कार्यालय के समक्ष बिहार कोलियरी कामगार यूनियन सीटू के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना तीसरा दिन भी जारी रहा। धरना के माध्यम से मांग है कि तुमांग और विश्रामपुर पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह जमीन के भीतर से जहरीला धुआं निकल रहा है और जमीन के भीतर आग लगी हुई है। जिसके चलते आए दिन लोग बीमार पड़ रहे हैं और वहां के लोग हमेशा दहशत में रहते हैं। इसी मुद्दे को लेकर बीसीकेयू व ग्रामीणों ने 10 माह पूर्व ही एनकेएरिया कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किये थे। धरना में मुख्य रूप से जोनल अध्यक्ष रतिया गंझु, एरिया अध्यक्ष इरफान खान, महेन्द्र कुमार सिंह, कोलेशर भुण्डा, शुसील पासवान,उदय सिंह,अर्जुन कुमार नोनिया,विकास कुमार,दिलीप गंझु,सुभाष कुमार कर, संतोष मेहता, रोहित गंझु,अमर साव,राम असर,यश कुमार, दशरथ तुरी, सोनु गंझु,अरविंद कुमार सिंह,देवनारायण प्रजापति, भोला राम, विजय गंझु व अन्य मौजूद थें।

# खतरनाक कचरा

देश में कचरा प्रबंधन उद्योग की अनियमित प्रकृति के कारण हमारा देश दुनिया भर के कचरे का डंपिंग ग्राउंड बन गया है। यह बात हमारे पर्यावरण और जन स्वास्थ्य दोनों के लिए नुकसानदेह है। इसके लिए काफी हद तक निगरानी और नियंत्रण की कमजोरी, भ्रष्टाचार और सबसे बढ़कर गरीब भारतीय श्रमिकों की मौजूदगी जिम्मेदार है जो देश के अलग-अलग हिस्सों में अत्यधिक गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। यह बात ब्लूमबर्ग की एक हालिया रिपोर्ट से भी जाहिर होती है जिससे पता चलता है कि देश की राजधानी से महज 128 किलोमीटर दूर स्थित मुजफ्फरनगर में अमेरिका से आने वाले प्लास्टिक कचरे के लिए एक बड़ा डंपिंग ग्राउंड है। कानून के मुताबिक सरकार पुनर्चक्रित पेपर में दो फीसदी तक की मिलावट की इजाजत देती है। इस नियमन के कारण बड़े पैमाने पर प्लास्टिक कचरे मसलन शिपिंग में काम आने वाले लिफाफों, गंदे डाइपर, प्लास्टिक की बोतलों आदि के देश में बिना किसी जांच पड़ताल के आसानी से आने का मार्ग प्रशस्त हो गया। हालांकि आयातित कचरे का यह पहाड़ भी हजारों कचरा बीनने वालों को रोजगार प्रदान करता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार मिलों में वे कचरे को छांटते हैं ताकि कीमती सामान मसलन पानी की बोतल आदि छांट सकें जिनका पुनर्चक्रण संभव है। बिना लाइसेंस वाले ठेकेदार बाकी कचरा ले जाते हैं और लगभग 250-300 रुपये रोजाना की दर से भुगतान कर उसे दोबारा छंटवाते हैं ताकि पुनर्चक्रित करने लायक कोई और सामग्री मिले तो निकाली जा सके। ऐसे फिल्टरेशन संयंत्र हैं जो जहरीले उत्सर्जन को नियंत्रित कर सकें। ऐसे में इस भीड़भाड़ वाले शहर के सात लाख बाशिंदे नियमित रूप से माइक्रोप्लास्टिक वाली हवा में सांस लेने को विवश हैं। यह खतरा पूरे देश पर बढ़ता जा रहा है।

# मनरेगा पर रार

केन्द्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत राशि जारी करने में विपक्ष शासित राज्यों के साथ भेदभाव के आरोप को सिरे से खारिज करते हुए संसद में कहा कि केंद्र धन देने के लिए तैयार है लेकिन कुछ नियम हैं जिनका राज्यों को पालन करना चाहिए। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने एक पूरक सवाल के जवाब में कहा कि पश्चिम बंगाल को 2019 में केंद्रीय दल द्वारा की गई जांच पर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) देने के लिए कहा गया। लेकिन राज्य सरकार की ओर से यह रिपोर्ट तीन साल तक नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने यह रिपोर्ट 2022 में दी। तृणमूल कांग्रेस के जवाहर सरकार ने प्रश्नकाल के दौरान पूछा था कि मनरेगा के तहत राज्य को पिछले तीन साल में कोई धन राशि क्यों नहीं दी गई। उन्होंने सरकार पर पश्चिम बंगाल के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि केंद्र सरकार किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं करती। कुछ नियम हैं जिनका उन्हें पालन करना चाहिए और केंद्र राशि देने के लिए तैयार है। पश्चिम बंगाल को मनरेगा के तहत 2006 से 2014 तक 14 हजार 985 करोड़ रुपये दिए गए वहीं 2014 से अब तक 94 हजार 185 करोड़ रुपये दिए गए है। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत 2006 से 2014 तक 1660 करोड़ श्रमिकों का पंजीकरण हुआ था। उन्होंने बताया कि 2014 से अभी तक मनरेगा के तहत पांच लाख 79 हजार 523 करोड़ रुपये दिए गए हैं जबकि 2006 से 2014 तक इसके लिए दो लाख 13 हजार 220 करोड़ रुपये दिए गए थे। राज्यों की आदत बनती जारही है गरीबों के कार्यक्रम पर सिर्फ वोट लेते हैं और नियमों की अनदेखी करते हैं।

# युवा देश भारत में विवेकानंद का राष्ट्र उदघोष



**आज** 12 जनवरी को देश युवा दिवस मना रहा है। स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिन। स्वामी जी ने शिक्षा के सात उद्देश्य निश्चित किए-शारीरिक विकास, मानसिक एवं बौद्धिक विकास, समाज सेवा की भावना का विकास, नैतिक एवं चारित्रिक विकास, व्यावहारिक विकास, राष्ट्रीय एकता एवं विश्वबन्धुत्व का विकास और आध्यात्मिक विकास पर पता नहीं भारतीय संस्कृति के पोषक होते हुए भी इन्होंने सांस्कृतिक विकास पर बल क्यों नहीं दिया। सम्भवतः ये धर्म और संस्कृति को अभिन्न समझते थे। उस समय अपना देश परतन्त्र था इसीलिए शासनतन्त्र और नागरिकता की शिक्षा का प्रश्न इनके मस्तिष्क में कैसे आता अन्तर्राष्ट्रीय भी इस युग का नारा है। इनके युग में यह विश्वबन्धुत्व के रूप में जाना समझा जाता था।

शिक्षा की पाठ्यचर्या के सन्दर्भ में स्वामी जी का दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। इस सन्दर्भ में इन्होंने पहली बात यह कही कि शिक्षा की पाठ्यचर्या में वे सब विषय एवं क्रियाएँ सम्मिलित की जाएँ जो मनुष्य के भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक हैं। दूसरी बात यह कही कि देश-विदेश, जहाँ से भी जो अच्छा मिले उसे पाठ्यचर्या में स्थान दिया जाए और तीसरी बात यह कही कि मनुष्य, समाज अथवा राष्ट्र के भौतिक विकास के लिए पाश्चात्य विज्ञान एवं तकनीकी को मुख्य स्थान दिया जाए और उन्हें समझने के लिए अंग्रेजी भाषा को स्थान दिया जाए और मनुष्य के आध्यात्मिक विकास के लिए भारतीय धर्म-दर्शन को पाठ्यचर्या का अनिवार्य विषय बनाया जाए। इन्होंने मनुष्य के भौतिक विकास की दृष्टि से मातृ भाषा, प्रादेशिक भाषा, संस्कृत और अंग्रेजी भाषाओं को कला, संगीत, इतिहास, भूगोल, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, विज्ञान, गृह विज्ञान, कृषि विज्ञान, गणित, तकनीकी, और उद्योग शिक्षा विषयों को और खेल-कूद, व्यायाम, योगासन और समाज सेवा क्रियाओं को और उसके आध्यात्मिक विकास की दृष्टि से साहित्य, धर्म, दर्शन, और नीतिशास्त्र विषयों को तथा भजन, कीर्तन, सत्संग एवं ध्यान की क्रियाओं को पाठ्यचर्या में स्थान देने पर बल दिया। इन्होंने उस समय भारत में उच्च शिक्षा की व्यवस्था पर बल दिया और उसकी पाठ्यचर्या में देश-विदेश के उच्चतम ज्ञान एवं कौशल और विज्ञान एवं तकनीकी को ध्यान देने पर बल दिया।



-डॉ मेरी ग्रेस

> जब तक मनुष्य आत्म तत्व की अनुभूति नहीं करता तब तक उसके द्वारा निर्दिष्ट होने का प्रश्न नहीं उठता और आत्म तत्व की अनुभूति करने में उसे पूरा जीवन लग सकता है। स्पष्ट है कि विद्यालय अनुशासन की बात स्वामी जी नहीं कर पाए। विद्यालय अनुशासन का हमारी दृष्टि से यह अर्थ होना चाहिए कि अध्यापक और बच्चे सभी अपने प्राकृतिक स्व पर नियन्त्रण कर सकें, सामाजिक नियम एवं आदर्शों के अनुकूल आचरण करने के लिए अन्दर से प्ररित हों

शिक्षण विधियों के क्षेत्र में स्वामी जी की अपनी कोई देन नहीं हैं। इन्होंने कुछ परम्परावादी शिक्षण विधियों (अनुकरण, व्याख्यान, स्वाध्याय, तर्क और योग) और कुछ आधुनिक विधियों (निर्देशन, परामर्श और प्रयोग) का समर्थन किया है। इन सब में भी इन्होंने योग विधि को सर्वोत्तम विधि बताया है और जिस योग विधि का स्वामी जी ने समर्थन किया है, उसे उसी रूप में आज की परिस्थितियों में प्रयोग नहीं किया जा सकता।

स्वामी जी के अनुसार अनुशासन का अर्थ है आत्मा द्वारा निर्दिष्ट होना। इस सन्दर्भ में हमारा निवेदन है कि जब तक मनुष्य आत्म तत्व की अनुभूति नहीं करता तब तक उसके द्वारा निर्दिष्ट होने का प्रश्न नहीं उठता और आत्म तत्व की अनुभूति करने में उसे पूरा जीवन लग सकता है। स्पष्ट है कि विद्यालय अनुशासन की बात स्वामी जी नहीं कर पाए। विद्यालय अनुशासन का हमारी दृष्टि से यह अर्थ होना चाहिए कि अध्यापक और बच्चे सभी अपने प्राकृतिक स्व पर नियन्त्रण कर सकें, सामाजिक नियम एवं आदर्शों के अनुकूल आचरण करने के लिए अन्दर से प्ररित हों और आत्मा की अनुभूति करने के लिए निरन्तर अग्रसर रहें।

आज के युग में न शिक्षक से आत्माज्ञानी होने की आशा की जा सकती है और न शिष्ट से ब्रह्मचर्य व्रत पालन की। दोनों संयमी, ईमानदार और कर्मनिष्ठ हों, इतना ही पर्याप्त होगा।

स्वामी जी विद्यालयों को जन कोलाहल से दूर स्थापित करने के पक्ष में थे। एक ओर जन शिक्षा, स्त्री शिक्षा, और उद्योग शिक्षा की बात और दूसरी ओर जन कोलाहल से दूर विद्यालयों की स्थापना।

जहां तक जन शिक्षा, स्त्री शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, धार्मिक शिक्षा, और राष्ट्रीय शिज्ञक्षा की बात है, इन सभी क्षेत्रों में स्वामी जी ने हमारा मार्ग दर्शन किया है। जन शिक्षा के सन्दर्भ में इनका द्दष्किटकोण बड़ा व्यापक था। वे देश के सभी बच्चों, युवकों प्रौढ़ों और वृद्धों को साक्षर देखना चाहते थे, उन्हें सामान्य जीवन जीने योग्य बनाना चाहते थे, उन्हें अपनी रोजी रोटी कमाने में दक्ष करना चाहते थे। इनके इन विचारों ने हमें सामान्य अनिवार्य एवं निःशुल्क और प्रौढ़ शिक्षा दोनों की व्यवस्था करने की प्रेरणा दी।

इसमें दो मत नहीं कि स्वामी जी ने स्त्रियों को मातृशक्ति के रूप में सम्मान देकर भारतीय संस्कृति और उसकी अस्मिता की रक्षा की है और स्त्री शिक्षा की अनिवार्यता पर बल देकर हमारा बड़ा उपकार किया है। परन्तु स्त्री शिक्षा के सन्दर्भ में इनके ये विचार कि उन्हें आदर्श गृहिणी आदर्श मातायें और आदर्श शिक्षिकायें ही बनाया जाए, संकीर्ण ही कहे जायेंगे।

देश में बेरोजगारी समाप्त करने हेतु व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष जोर देकर पाश्चात्य विज्ञान और तकनीकी शिक्षा का प्रमुख स्थान दिया। आज इसी शिक्षा के बल पर हम विकास के पथ पर आगे हैं।

पढ़ने के लिए जरूरी है एकाग्रता, एकाग्रता के लिए जरूरी है ध्यान, ध्यान से ही हम इन्द्रियों पर संयम रखकर एकाग्रता प्राप्त कर सकते है।

ज्ञान स्वयं में वर्तमान है, मनुष्य केवल उसका आविष्कार करता है।

उठो और जागो और तब तक रुको नहीं जब तक कि तमु अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते।

-जब तक जीना, तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।

पवित्रता, धैर्य और उद्यम- ये तीनों गुण मैं एक साथ चाहता हूं। लोग तुम्हारी स्तुति करें या निन्दा, लक्ष्य तुम्हारे ऊपर कृपालु हो या न हो, तुम्हारा देहांत आज हो या युग में, तुम न्यायपथ से कभी भ्रष्ट न हो।

क्या तुम नहीं अनुभव करते कि दूसरों के ऊपर निर्भर रहना बुद्धिमानी नहीं हैं। बुद्धिमान व्यक्ति को अपने ही पैरों पर दृढतापूर्वक खड़ा होकर कार्य करना चहिए।

## खास बात

### युवाओं के लिये योग

स्वामी मुक्तरथ



आज युवा दिवस है। स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिन। योग जीवन में पहले किसी स्थूल विषय का आधार लेकर, उसके उपरांत किसी सूक्ष्म वस्तु को लेकर और अंत में सब विषयों का परित्याग करके चलना चाहिए और अपना चित्त स्थिर करना चाहिए। चित्त की वृत्तियों को रोकने के जो उपाय बतलाए गए हैं वह इस प्रकार हैः- अभ्यास और वैराग्य, ईश्वर का प्रणिधान, प्राणायाम और समाधि, विषयों से विरक्ति आदि। यह भी कहा गया है कि जो लोग योग का अभ्यास करते हैं, उनमें अनेक प्रकार को विलक्षण शक्तियाँ आ जाती है जिन्हें 'विभूति' या 'सिद्धि' कहते हैं। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये आठों योग के अंग कहे गए हैं, और योगसिद्धि के लिये इन आठों अंगों का साधन आवश्यक और अनिवार्य कहा गया है। इनमें से प्रत्येक के अंतर्गत कई बातें हैं। कहा गया है जो व्यक्ति योग के ये आठो अंग सिद्ध कर लेता है, वह सब प्रकार के क्लेशों से छूट जाता है, अनेक प्रकार की शक्तियाँ प्राप्त कर लेता है और अंत में कैवल्य (मुक्ति) का भागी बनता है। सृष्टितत्व आदि के संबंध में योग का भी प्रायः वही मत है जो सांख्य का है, इससे सांख्य को 'ज्ञानयोग' और योग को 'कर्मयोग' भी कहते हैं।

पतंजलि के सूत्रों पर सबसे प्राचीन भाष्य वेदव्यास जी का है। उस पर वाचस्पति मिश्र का वार्तिक है। विज्ञानभिक्षु का 'योगसारसंग्रह' भी योग का एक प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। योगसूत्रों पर भोजराज की भी एक वृत्ति है (भोजवृत्ति)। पीछे से योगशास्त्र में तंत्र का बहुत सा मेल मिला और 'कायव्यूह' का बहुत विस्तार किया गया, जिसके अनुसार शरीर के अंदर अनेक प्रकार के चक्र आदि कल्पित किए गए। क्रियाओं का भी अधिक विस्तार हुआ और हठयोग की एक अलग शाखा निकली; जिसमें नेति, धौति, वस्ति आदि षट्कर्म तथा नाड़ीशोधन आदि का वर्णन किया गया। शिवसंहिता, हठयोगप्रदीपिका, घेरण्डसंहिता आदि हठयोग के ग्रंथ है। हठयोग के बड़े भारी आचार्य मत्स्येंद्रनाथ (मछंदरनाथ) और उनके शिष्य गोरखनाथ हुए हैं।

# स्वांस से सिमरण

## धर्म-प्रवाह

साध्वी मनीषा

**जब** स्वांस भीतर जाती है तो इसका आपके प्राणों में पूरा बोध हो कि स्वांस भीतर जा रही है। स्वांस बाहर जाती है तो इसका भी आपके प्राणों में पूरा बोध हो कि स्वांस बाहर जा रही है। तब आप पाएंगे कि एक गहन शांति उतर आई है। यदि आप स्वांस आ रही है, जा रही है इसे गहराई से देख सको तो यह क्रिया अभी तक की खोजी गई ज्ञान की सारी क्रियाओं से सर्वश्रेष्ठ क्रिया है और फिर किसी भी क्रिया की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्वांस सदैव वर्तमान में है। हम अतीत में स्वांस नहीं ले सकते और न ही भविष्य में स्वांस ले सकते हैं। स्वांस लेना हमेशा इसी क्षण में है। लेकिन मन अतीत के बारे में सोच सकता है और भविष्य के बारे में सोच सकता है। शरीर तो वर्तमान में होता है लेकिन, मन अतीत और भविष्य के बीच झूलता रहता है। शरीर और मन के बीच में एक विभाजन हो जाता है। शरीर वर्तमान में रहता है और मन कभी भी वर्तमान में नहीं रहता है। वे कभी भी मिलते नहीं, वे कभी एक दूसरे के सामने नहीं आते और उसी विभाजन के कारण विषाद, चिंता, तनाव और अशांति पैदा होते हैं। हर एक तनावग्रस्त है और वह तनाव ही चिंता व अशांति है। इस मन को वर्तमान में लाना है क्योंकि वर्तमान के अतिरिक्त दूसरा कोई समय है ही नहीं। इसलिए अभ्यास के प्रति प्रतिबद्धता से मन को स्वांसों की धुन में लीन करके स्वांसों के इसी पल में एकाकार करें तभी स्वांसों के भीतर की शक्ति की पहचान होती है। परमात्मा के सानिध्य में शांति के अनुभव से मनुष्य जीवन सफल होता है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### गंभीर अपराध

**यह** एक ऐसा अपराध है जिसकी गूंज बड़ी दूर तक सुनाई देती है। इस राज्य में किसी भी लड़की को सरेआम दुष्कर्म किया जाना एक शर्मनाक घटना है। ऐसे धटनाओं पर तुरंत अंकुश लगाने ी जरुरत है। झारखंड एक शांत और अपराधमुक्त राज्य था लेकिन विगत कुछ वर्षो से राज्य के शहर और ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ा है।

**अनुराधा, गढ़वा**

### सोच कर करें फैसला

**जैन** समाज के व्यापक विरोध को देखते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने जैन धर्म के प्रमुख तीर्थ सम्मेद शिखर जी पर लिया गया फैसला वापस ले लिया है। केंद्र सरकार द्वारा फैसला वापस लिए जाने के बाद जैन समुदाय में हर्ष है। ऐसे आस्था व श्रद्धा के जो भी पवित्र स्थल हैं, उन पर कोई फैसला लेने व क्रियान्वयन के पूर्व संबंधित समाज से क्यों नहीं रायशुमारी की जाती।

**-रमेश जैन, रांची**

**पिछली** सरकारों के समय में थाना और तहसील गिरवी रख दिए जाते थे।

मगर भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता अनावश्यक सिफारिश के लिए किसी थाने या तहसील में नहीं जाता है।

**- आदित्यनाथ योगी**

## रोचक ट्वीट

**ड्रोन** की बहुआयामी उपयोगिता का लाभ देश को मिले, ड्रोन स्टार्ट अप इकोसिस्टम को प्रोत्साहन मिले, इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जी सतत प्रयत्नशील हैं।

**-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**समय** मूल्यवान सत्ता है। समय अर्थात जीवन, समय का अपव्यय परोक्षतः जीवन का ही अपव्यय है। अतः उच्चतर लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्राप्त ऊर्जा शक्ति सामर्थ्य और समय का सही उपयोग हो ।

**-अवधेशानंद गिरी**

# भारतीय संस्कृति के अग्रदूत स्वामी विवेकानंद

विजय केसरी

**स्वामी** विवेकानंद के विचार सदैव देशवासियों के मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे । वे आधुनिक भारत के महान मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में जाने जाते हैं। जिस कालखंड में स्वामी विवेकानंद ने एक अंतरराष्ट्रीय मंच से अपनी बातों को रखा था, भारत का सबसे दुर्बल कालखंड था, तब किसी ने यह कल्पना तक नहीं की थी कि एक गेरुआ वस्त्र धारी युवा सन्यासी इतना पांडित्यपूर्ण व्याख्यान दे सकता है। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो की उस धर्म सभा में कुछ ही मिनटों में भारत के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध रीति रिवाज, रहन सहन और महान संस्कृति को प्रस्तुत कर दिया था। स्वामी विवेकानंद से पूर्व देश के किसी वक्ता ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर इतनी गर्जना के साथ भारत के गौरवशाली इतिहास को नहीं रखा था। स्वामी विवेकानंद का यह मोटिवेशनल स्पीच स्वाधीनता आंदोलन संघर्ष के पूर्व का शंखनाद जैसा था, अगर मैं ऐसा लिखता हूं, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

आज से 160 वर्ष पूर्व उनका इस धरा पर प्रादुर्भाव हुआ था । तब संपूर्ण देश ब्रिटिश हुकूमत के अधीन था । देशवासियों के भीतर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जागृति की लहरें पैदा हो रही थीं। देशवासियों के मन में अपने गौरवशाली पुरखों के इतिहास हिलकोरे मार रहे थें। उन जागृति की लहरों को जन-जन तक पहुंचाने में स्वामी विवेकानंद के विचार ने देशवासियों के भीतर एक नई चेतना पैदा कर दी थी। उनका जन्म देश को जगाने के लिए ही हुआ था।

## युवा दिवस

स्वामी विवेकानंद विलक्षण प्रतिभा के महान संत थे। उन्होंने भारतीय उपनिषद, वेद, पुराण सहित विभिन्न ग्रंथों का व्यापक अध्ययन किया था। मानो उन्होंने भारत की गौरवशाली विरासत से साक्षात्कार कर लिया था। उन्हें यह पक्का विश्वास हो गया था कि जिस देश का इतना गौरवशाली इतिहास हो सकता है, वह देश कैसे परतंत्र रह सकता है ? देश की परतंत्रता के कारणों की जड़ तक पहुंचने वाले स्वामी विवेकानंद कुछ ऐसा करना चाहते थे कि संपूर्ण विश्व भारत के गौरवशाली इतिहास से परिचित हो सके। इसलिए उन्होंने 11 सितंबर 1893 का विश्व धर्म सभा का दिन चुना था। वे अंततः कई परेशानियों को झेलते हुए विश्व धर्म सभा के मंच तक पहुंच पाए थे । उस ऐतिहासिक मंच पर वे करोड़ों भारतवासियों के अकेले प्रतिनिधि थे । उन्हें यकीन था कि भारत के प्रति पश्चिम वासियों की जो सोच थी, उसे सदा सदा के लिए बदल देना था। वे इसी उद्देश्य को लेकर मंच पर आसीन हुए थे। उनका सीना गर्व से चौड़ा था। ये बातें उनकी आंखें खुद-ब-खुद बंया कर रही थीं। इस विश्व धर्म सभा में सम्मिलित विचारको ने जब स्वामी विवेकानंद को देखा तो उन सबों को अहसास हो गया था कि स्वामी विवेकानंद कुछ चमत्कार जरूर करेंगे। विवेकानंद जी ने यह चमत्कार कर दिखाया था। जिसकी गूंज आज भी विश्व भर में गूंजित हो रही है ।

भारतवासी किस तरह सभी धर्मों का समान रूप से आदर करते हैं ? भारतवासी एक सहिष्णु देश के रूप में अपने सभी भाई बहनों के साथ मिलजुल कर रहते हैं। भारत सभी धर्मों का आदर करने वाला देश है। विश्व धर्म सभा से स्वामी विवेकानंद ने जिस तरह आह्वान किया, फलस्वरूप भारत के प्रति पाश्चात्य देशों की सोच को सदा सदा के लिए बदल कर रख दिया । उन सबों को यह विचारने के लिए विवश होना पड़ा था कि जिस देश का इतना गौरवशाली इतिहास है। वह देश कैसे परतंत्र रह सकता है ?

# हाट बाजार का सामाजिक ताना-बाना टूट रहा है

सुधीर

**गांव** के हाट-बाजारों की शक्ल अब बदल गई हैं। वे प्रायः मझोले किसान होते और अपनी फसल का थोड़ा-सा हिस्सा बेचने के लिए बैलगाड़ियों में लादकर लाते। छोटी जोत की किसानी करने वाले अपने सिरों पर अनाज रखकर, उसकी बिक्री कर और अपनी जरूरत का सौदा-सुलुफ बांधकर घर लौट जाते। कई बार यह खरीदारी इतनी कम होती कि उन चीजों की खपत दो-तीन दिनों में ही हो जाती और फिर अगले बाजार का बेचैनी से इंतजार होता।

वहां बिकने वाली वस्तुओं में दाल, मसाले, गुड़, सरसों, मिट्टी का तेल, कुप्पी, साबुन, कंघी और बिसातखाने के दूसरे छोटे-बड़े सामान, कपड़ा, आलू-सब्जी की दुकानें तथा नाई से हजामत बनवाने का भी काम होता। पान और चाट के नुक्कड़ भी सज जाते। मांस-मछली की बिक्री होती, तो भीड़ से थोड़ा हटकर बैलों और घोड़ों के नाल लगाने तथा उनकी पूंछों के बाल कतरने वाले अपने कारोबार में जुटे होते। कोई एक दवाखाना भी उसी घेरे में आ जमा होता। पहले इन बाजारों में मिट्टी के बर्तन भी बिकते देखने को मिल जाते थे, पर अब छोटे घरों में भी उनकी पहुंच नहीं रही। प्लास्टिक ने कुम्हारों की कला को विस्थापित कर दिया है। बाजार में खरीदारों की आवाजों का मिला-जुला शोर बाजार के चरित्र का एक खास और

## समाज

स्थायी हिस्सा होता, जिसे चीन्हना इन दिनों कठिन हो गया है।

गांव में तीसरे दिन या सप्ताह भर में जुड़ने वाले इन बाजारों में अब गंवई स्त्री-पुरुष नहीं आते। मोटे अनाज की पैदावार घटने पर बिक्री के लिए बाजार तक उनका पहुंचना मुहाल होने लगा है। जरूरत की चीजों की खरीदारी के लिए लोग अब मोटर वाहनों से निकटवर्ती कस्बों में जाने लगे हैं। जो पक्की सड़कें गांव के निकट से गुजर कर शहर की तरफ जाती हैं, उनके किनारे बड़ी संख्या में दुकानें उग आई हैं, जिनसे देहात के बाजारों की रौनक कम होने के साथ वहां लोगों की उपस्थिति घटी है। ठंडे पेय और पैकटबंद चीजें बेचने वालों ने अब बाजार की नई संस्कृति विकसित की है। यहां हाट-बाजारों की भांति देहात के लोग मोल-भाव कर चीजें नहीं खरीद सकते। गांव में सब्जी पैदा करने वाले किसान भी अब अपना उत्पाद लेकर मंडी जाते हैं या फिर बिचैलिया उन्हें सीधे खेत से ही उठा लेता है। मुक्त अर्थव्यवस्था ने गांव के ढांचे को ही तोड़ा-बदला नहीं, परंपरागत हाट-बाजार के परिद्दश्य को भी उलट दिया है। खेतों में पैदा मूली, गाजर, आलू, लौकी, तुरई-सब कुछ अब शहर के मॉल में चमकीली पन्नियों में बिकने लगी है। देहाती बाजार अब उजड़ गए हैं। दुकानदारों और ग्राहकों के बीच जमा-जमाया रिश्ता भी दरका है। नए बाजार की संस्कृति अब गांव के छोटे हाट-बाजारों को पनपने भी नहीं देना चाहती। वह अपने व्यावसायिक शातिरपने से उन्हें वीरान करने पर आमादा है। गांव में छोटी जोत वाला बड़े लोगों से अपनी घर-गिरस्ती चलाने के लिए जो उधार-कर्ज लेता था, उसे निपटाने के लिए उसके पास साप्ताहिक बाजार में अनाज बेचकर देने का रास्ता होता था, जिसे नए बाजार ने बंद कर दिया है। एक समय बाजार स्वयं चलकर गांव आता था। तब अनाज के बदले चीजों की खरीदारी का चलन था। रसोई का सामान, मसाले, बरफ, चाट, धान का चूरा जैसी वस्तुओं की अदला-बदली का व्यापार बड़ा दिलचस्प था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

दारू वन प्रक्षेत्र के सैकड़ों हेक्टेयर में फैले जंगलों की कीमती लकड़ी हो रही है तस्करी

# लकड़ी तस्कर कर रहे हैं घने जंगल का सफाया

## वनकर्मी और वन रक्षा दल के लोगों की मिलीभगत से हो रही है जंगलों की धुंआधार कटाई

रौशन सिन्हा

**दारू।** आज पूरे विश्व मे शुद्ध पर्यावरण बनाये रखने के लिए जंगलों को संरक्षण दिया जा रहा है वही दारू वन प्रक्षेत्र के सैकड़ों हेक्टयर में फैले घने जंगलों की बेस- कीमती लकड़ियों की धुंआधार कटाई रात के अंधेरे के साथ साथ दिन के उजालों में भी किया जा रहा है। जंगल के कीमती लकड़ियों की कटाई वन विभाग के कर्मी और वन रक्षा दल के लोगों की तस्करों के साथ मिली भगत होने के कारण धड़ल्ले से पेड़ो की कटाई की जा रही है। इरगा पंचायत के भण्डारवार के जंगलों की लकड़ियों को काटकर जंगल को खोखला कर दिया गया है।तस्कर रात के साथ साथ दिन के उजाले में पेड़ो की कटाई बेफिक्र और निडर होकर करते है जिसके बदले



साफ किया जा रहा जंगल।

वनकर्मियों को मोटी रकम की प्राप्ति होती है जिससे वे मालामाल हो रहे है। भण्डारवार के जंगल पहले इतने बीहड़ और घने होते थे कि वहां दिन के उजाले में भी जाने में लोगो को डर लगता था और इन जंगलों में कई तरह के जंगली जानवर विचरण करते थे पर सिमटते जंगलों के बीच ये जानवर लुप्त होते चले गए। पर्यावरण को बचाये रखना और पेड़ो की रक्षा करना वन विभाग की जिम्मेवारी है लेकिन जब रक्षक ही भक्षक बन जाये तो पर्यावरण और वनों की रक्षा कौन करेगा, यदि इसी तरह पेड़ो की कटाई होती रहे तो इसका खामियाजा आने वाली पीढ़ी को भुगतना पड़ेगा।वन विभाग के द्वारा पिपचो से लेकर भंडरवार लुकाईया आदिवासी बस्ती तक मिट्टी मोरम से सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमे कितने मोटे पेड़ो की कटाई की गई लेकिन कटाई के बाद उन लकड़ियों का क्या हुआ इसका किन्ही के पास कोई जानकारी नही है।

76 एनपीए खातों का हुआ समझौता

## बैंक का कर्ज एक सहयोग, इसे चुकाना हमारा दायित्व : राजेंद्र



एनपीए खाता समझौता में शामिल मुखिया राजेंद्र प्रसाद।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बैंक ऑफ इंडिया एरिया मैनेजर विमल कांत झा के नेतृत्व मे बैंक ऑफ इंडिया के करियातपुर शाखा के द्वारा शाखा अदालत का आयोजन किया गया। इस अदालत मे 76 एनपीए खातों का समझौता किया गया जिसमे कुल 65.00 लाख रूपए बकाया था। इस अदालत मे मुख्य रूप से एरिया मैनेजर विमल कांत झा, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, करियातपुर शाखा के प्रबंधक अविनाश आनंद, आंचलिक कार्यालय से वसूली विभाग के अधिकारी सुमंत कुमार एरिया ऑफिस से हितेश चौधरी, अजय कुमार, आनंद कुमार, आकाश एवं करियातपुर शाखा के बैंक बीसी शाहजहां खातून, युगेश्वर कुमार, मोहम्मद रिजवान आदि उपस्थित थे। इस शाखा अदालत मे के सी सी, मुद्रा आदि ऋण का बैंक के आकर्षक योजनाओं द्वारा समझौता किया गया। इस लोक अदालत मे जो ऋण धारक एक मुश्त समझौता राशि जमा किया, उसे एरिया मैनेजर के द्वारा नो ड्यूज सर्टिफिकेट भी प्रदान कर दिया गया। एरिया मैनेजर विमल कांत झा ने पत्रकारों को बताया की अभी बैंक द्वारा विभिन्न शाखाओ में इस तरह का शाखा अदालत किया जा रहा है।

सदर विधायक ने सेवा पुस्तिका- 2022 का किया लोकार्पण

## हजारीबाग में चुंगी वसूली बेहद दुर्भाग्यपूर्ण : मनीष

### अपने विधायक कार्यकाल के 8 वर्ष पूरे होने का दिया लेखा-जोखा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बुधवार को हजारीबाग शहर के हुडहुडू स्थित निमंत्रण पैलेस सभागार में अपने विधायक कार्यकाल की 8 वर्ष पूरे होने व दूसरे कार्यकाल के सफलतम 3 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सेवा वर्ष-2022 का लेखा-जोखा जनता के समक्ष रखा। विधायक मनीष जायसवाल ने प्रेस- वार्ता का आयोजन कर और सेवा पुस्तिका -2022 का लोकार्पण कर इसकी पूरी जानकारी को जनता तक पहुंचाने की सकारात्मक पहल की। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि साल की शुरूआत कोरोना के जंग के साथ हुई और उसके बाद से जनहित में संघर्षों का सफर जारी रहा जो अबतक निरंतर जारी है। वर्तमान हेमंत सरकार की कुव्यवस्था से जूझते हुए जनता के हित में संघर्ष के साथ क्षेत्र की विकास को दिया गति और जनसेवा को प्रगति देने का कार्य किया। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की बिजली की व्यापक कुव्यवस्था के लिए किया जनांदोलन, रामनवमी- सरहुल जुलूस की अनुमति के लिए किया



लेखा-जोखा प्रस्तुत करते विधायक मनीष जायसवाल व अन्य।

संघर्ष, स्व. रूपेश पांडेय और स्व.अंकिता सिंह के लिए मांगा जस्टिस, जरूरतमंदों की सेवा में उनके मध्य रहें समर्पित, हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी को कोरोना काल के बाद परंपरागत तरीके से पूरे उत्साह और उमंग से मनाने के लिए अखाड़ाधारियों के बीच झंडा, लाठी और तलवार किया भेंट, किसानों के दर्द और सूबे को सुखाग्रस्त घोषित करने की मांग किसान वेश में सदन पहुंचकर उठाया मामला, सनातन संस्कृति की मजबूती के लिए सावन में क्षेत्र के शिवालयों में कराया रुद्राभिषेक, कई मंदिरों के जीर्णोद्धार में किया सहयोग, हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर घर पंहुचाया तिरंगा- दिलों में जगाई राष्ट्रभक्ति, नमो फुटबॉल टूनार्मेंट को अपने विधानसभा से बाहर ले जाकर फुटबॉल का बढ़ाया रोमांच-खिलाड़ियों का किया सम्मान, हजारीबाग रेलवे स्टेशन को देश के प्रमुख स्टेशनों से जोड़ने की और हजारीबाग में लंबित हवाई अड्डे के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने की उठाई पुरजोर मांग, छठ महापर्व के जरूरतमंद महाव्रतियों के लिए पूजन साड़ी और क्षेत्र की जरूरतमंद बहन/ बेटियों के अरमान को पुरा करते हुए उनकी शादियों के अवसर पर उपलब्ध कराया आकर्षक लहंगा, विकास को दिया गति और जनसेवा को प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के साथ पर्यटन के विकास और हजारीबाग को उत्कृष्ट बनाने का सपना मन में संजोए सड़क से लेकर सदन तक मुखर रहें। सदन पटल पर जनता की आवाज बनकर शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करायी। जनता के हरेक दुःख- दर्द में सहभागी बनकर उनके बीच खड़ा रहा ।विधायक ने झारखंड की गठबंधन सरकार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह विफल है। उन्होंने जनता से किए वादों को अब तक नहीं निभाया है। यह सरकार वोट बैंक की तुष्टीकरण और सरकार के नुमाइंदे सिर्फ.अपने झोली भरने में मस्त हैं। इस सरकार के कार्यकाल में उग्रवादी फिर सक्रिय हो गए हैं। सरकार महिला, किसान, युवा, व्यवसाई विरोधी है। ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग चल रहा है और अधिकारी पूरी तरह मनमानी कर रहे हैं। लॉ एंड आर्डर ध्वस्त है और जनता त्रस्त हैं। कोरोना काल के बाद हजारीबाग में चुंगी वसूली शुरू किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि आने वाले दिनों में झारखंड की जनता इस गठबंधन की सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि जनसेवा और विकास आगे भी उनकी प्राथमिकता रहेगी।

झामुमो प्रमुख दिशोम गुरु शिबु सोरेन का उरीमारी व भुरकुंडा में मना 79वां जन्मदिन

## गुरुजी के संघर्षों को कभी भुलाया नहीं जा सकता : संजीव

### कटा केक, बंटी मिठाई, गरीब-जरूरतमंदों को सहयोग करने की कही गयी बात



केक काटकर शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाते केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भदानीनगर (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी द्वारा बुधवार को उरीमारी चेकपोस्ट स्थित झामुमो कार्यालय व भुरकुंडा पार्टी कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सह दिशोम गुरू शिबु सोरेन का 79वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने केक काटकर किया। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि दिशोम गुरू शिबु सोरेन के मार्ग-दर्शन में पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जुल्म व शोषण के खिलाफ शिबु सोरेन ने आजीवन लड़ाई लड़कर गरीब-गुरबों को उनका हक-अधिकार दिलाया है। उन्हीं के दिशा-निर्देश पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पार्टी को सिंचने का काम बखूबी कर रहे हैं। श्री बेदिया ने कहा कि गुरू जी के संघर्षों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इन्हीं के कारण झारखंड अलग राज्य बना है। उन्होंने कहा कि शिबु सोरेन का मार्ग-दर्शन पार्टी को मिलता रहे यही हमारी व कार्यकर्ताओं की भी कामना है। मौके पर लोगों के बीच केक व मिठाईयां बांटकर शिबु सोरेन के सुखद जीवन, स्वस्थ्य शरीर व दीर्घायु होने की कामना की गई।

## मुखिया नीलम देवी ने जीपीडीपी की बैठक का किया आयोजन



बैठक में शामिल मुखिया व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड के बसरिया पंचायत के पडरिमा गांव में मुखिया नीलम देवी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) हेतु ग्राम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के माध्यम से सरकार के आदेशानुसार योजनाओं को चयन कर योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिलें।मौके पर ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए योजना चयन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। साथ ही ग्राम माधोपुर व कारीमाटी में स्कूली बच्चों को जन जागरण केंद्र के द्वारा खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई। मौके पर पंचायत की मुखिया नीलम देवी, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, उपमुखिया पार्वती देवी, उप मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, पंचायत सचिव नेमधारी महतो, वार्ड सदस्य मनीष शर्मा, स्कूल के शिक्षक समेत ग्रामीणों में विजय राना, विजय यादव सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## बोंगा और गोबर बंदा पंचायत में सुखाड़ की जांच पड़ताल

**इचाक।** बोंगा और गोबर बंदा पंचायत में सुखाड़ की जांच पड़ताल केंद्रीय टीम द्वारा किया गया। इसमें केंद्र से आए हुए टीम के सदस्यों के द्वारा उपस्थित किसानों और जनप्रतिनिधियों के साथ खेतों में जाकर मुवायना किया गया। खरीफ मौसम से लेकर आज तक जो फसल उत्पादन हुआ या नहीं इस पर गहन जांच पड़ताल की गई। जिसमें इचाक प्रखंड के दोनों पंचायतों के गांव में सुखाड़ पूर्ण रूप से हो पाया।इस संबंध में किसानों से गहन पूछताछ भी किया गया। जैसे कि खेतों में धान की बुवाई किए थे। किसानों के द्वारा स्पष्ट कहा गया कि धान की बुवाई नहीं हो पाया। वर्षा समय पर नहीं होने के कारण धान की बुवाई नहीं हो पाया। कई लोग पलायन की स्थिति में है। दिल्ली मुंबई गुजरात इत्यादि यहां से प्लान कर रहे हैं।

## गुरु नानक स्कूल का वार्षिकोत्सव मना



वार्षिकोत्सव का उद्घाटन करते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ का 11 जनवरी को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम उड़ान प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त माधवी मिश्रा, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, एसडीओ मो जवेद हुसैन, डॉ गुणवंत सिंह मोंगिया (मोंगिया स्टील ग्रुप ऑफ कंपनी) छावनी परिषद की नामित सदस्य कीर्ति गौरव नामित सदस्य उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया। बच्चों ने रंगा-रंग स्वागत गान एवं नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने अपने सुंदर नृत्य और गायन से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। कुछ बच्चों ने कराटे के माध्यम से लोगों को जीवन कौशल के बारे में बताया कि कैसे अपनी रक्षा स्वयं की जा सकती है।

## पंचायत समिति की एक दिवसीय बैठक संपन्न

**इचाक।** प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति सदस्य की एक दिवसीय बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमूख पार्वती देवी ने की जबकि संचालन संजय कुमार ने किया। बैठक में उप प्रमुख सतेंद्र कुमार ने प्रखंड के सारे पदाधिकारियों से क्षेत्र की तमाम समस्याओं का समाधान को लेकर सजग रहने की अपील किए। बैठक में कई तरह की बात पर चर्चा किया गया। सीडीपीओ ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रखंड वासियों से कन्यादान योजना स्वीकृत योजना की सूची मांगी गई,सावित्री बाई फुले योजना के लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक लोगों को फॉर्म भरने की अपील किया गया। इचाक थाना को दारु, शराब, जुवा, आदी अनेकों तरह की अवैध तरीके से संचालित कामों को तुरंत रोक लगाने की निर्देष दिया गया। साथ ही साथ इचाक बाजार में आय दिन भीड़ को हटाने की निर्देष दिया गया।प्रखंड खाद्य आपूर्ति विभाग को पी एम जे के वाई के माध्यम से दिसंबर माह के अनाज गरीब परिवारों को नही मिल सका है।

## झारखंड सरकार करेगी बिष्णु खीरमोहन पर शोध

### शोध टीम पहुंची चौपारण, लोकप्रियता के साथ रोजगार का बनेगा साधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड सरकार बिष्णु खीरमोहन पर शोध करेगी। इसे लेकर डॉ राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान रांची के द्वारा एक शोध टीम बुधवार को चौपारण स्थित बिष्णु खीरमोहन दुकान पहुंची। मौके पर बिष्णु खीरमोहन दुकान में संस्थान की टीम ने एक घंटे की डाक्यूमेंट्री बनाई। इसे राज्य सरकार की फूड विभाग को सौंपी जाएगी। जहां इस पर विश्वस्तरीय शोधकताओं के द्वारा विशेष शोध किया जाएगा। इसके बाद बिष्णु खीरमोहन को झारखंड सरकार एक धरोहर के रूप में परोसेगी। इससे न सिर्फ लोकप्रियता बढ़ेगी बल्कि रोजगार का मार्ग भी प्रशस्त होगा। बता दें कि 1932 से संचालित बिष्णु खीरमोहन वर्तमान समय में एक प्रसिद्ध व्यंजन के तौर पर देश भर में अपना स्थान बना चुकी है।



डॉक्यूमेंट्री बनाती शोधकर्ताओं की टीम।

**खीरमोहन के मुरीद हैं नामचीन हस्तियां:** खीरमोहन के जायका का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आजादी के पूर्व से बन रहे इस मिष्ठान के दीवाने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान इस मिष्ठान का आनंद लेते हुए इसकी तारीफ की थी। भूमिदान आंदोलन के जनक डॉ बिनोवा भावे, प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू तिलैया डैम के उद्घाटन के दौरान यात्रा में इसका आनंद उठाया। कैप्टन कूल के नाम से विख्यात क्रिकेट खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी के अलावा पूर्व रेलमंत्री व बिहार के मुख्यमंत्री लालू यादव, उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सपा नेता अखिलेश यादव, पूर्व वित्त व विदेश मंत्री यशवन्त सिन्हा, शॉटगन के नाम से मशहूर शत्रुघ्न सिन्हा, राजब्बर, वर्तमान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सहित कई हस्तियों ने खीरमोहन का आनंद लिया।

**देश विदेश में पहुंचा खीरमोहन की महक :** खीरमोहन राज्य व अपने देश तक ही सीमित नहीं रही बल्कि इसकी महक विदेशों में भी लोगों को आकर्षित किया है। इसमें स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, अमेरिका, नेपाल, थाईलैंड, पाकिस्तान, बंग्लादेश सहित कई देशों में खीरमोहन की सोंधी खुशबू पहुंच चुकी है। इसे वहां रह रहे लोग भी अपने चाहने वालों से मंगवाते रहे हैं।

एक नजर में

## इचाक में खाद बीज दुकान का उद्घाटन



अन्नपूर्णा देवी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** प्रखंड के बुढ़िया माता मंदिर के समीप कुरहा गांव में इचाक महिला फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का ऑफिस एवम इनपुट शॉप का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने फीता काटकर एवम दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के किसानों की आमदनी दोगुनी करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। इसके लिए किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती करनी होगी तभी कम पूंजी में अधिक लाभ होगा। कहा की नारी शक्ति जहां खड़ी होती है तो हर कार्य संभव हो जाता है। इचाक का धनियां विदेशों में बेचा जाता है यह किसानों के मेहनत का फल है।

## मुखिया मंजू देवी ने किया खेल किट का वितरण



किट वितरण करतीं मुखिया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के गाल्होवार पंचायत के केन्दुवाडीह टीम ओर तिलैया टीम के सभी खिलाड़ियों को फुटबॉल खेल का कीट का वितरण मुखिया मंजू देवी ने पंचायत सचिवालय में खिलाड़ियों के हाथों सौंपा` मुखिया द्वारा जर्सी बुट सेट के अलावे अन्य वस्तुवयें शामिल शामिल थी। मौके पर पंचायत सचिव सुरेश राम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य एवं वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा, उप मुखिया इरफान अंसारी, पंसस प्रतिनिधि लखन महतो, पंसस प्रतिनिधि गणेश साव, हिरामन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जंगल में रक्षासूत्र बांध लिया वन बचाने का संकल्प



रक्षासूत्र बांधते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** प्रखंड के डुमर पंचायत अंतर्गत खेरिका आदिवासी टोला में जंगल में पहली बार वृक्षो में लाल डोर बांध बुधवार को रक्षाबंधन किया गया। अहले सुबह से हीं मुखिया प्रतिनिधि सुजित रजक व वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष गणेश यादव के नेतृत्व में पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा गया। सबसे पहले गांव की महिलाओं के द्वारा वृक्षों के नीचे धूप, अगरबती, प्रसाद चढ़ाकर प्रार्थना की गई। इसके बाद वृक्ष की डालियों पर रक्षासूत्र बाधे गए। मौके पर लोगों ने कहा कि वनों को तेजी से नष्ट होने से कई गंभीर बीमारी तेजी से पनप रहा। ऐसे में हमें वनों को अभियान के तहत संरक्षण करने की आवश्यकता है। अगली बार इस स्थान पर रक्षाबंधन धुमधाम से मनाया जाएगा। मौके पर पंसस प्रतिनिधि कृपाशंकर पांडेय, मुबारक अंसारी, सोनु सिंह, दिलीप सिंह, सुरजदेव माँझी, मनीष पांडेय, महादेव पांडेय समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन का मनाया गया जन्मदिन

**बड़कागांव।** झामुमो प्रखंड कमिटी द्वारा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष आदरणीय दिसुम गुरु शिबू सोरेन का 79वां जन्मदिवस सोनी धर्मशाला में मनाया गया। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा ने कहा प्रखंड समिति के कार्यकर्ता प्रत्येक वर्ष की भांति इस बर्ष भी बाबा का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया और भगवान से दुआ किया बाबा का उम्र लंबा हो एवं बेहतर स्वस्थ रहे जिससे राज्य का नेतृत्व और बेहतर एवं कुशल होगा। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के जनता का हित में काम कर रही है जो विगत 20 वर्षों से राज्य की जनता को हक अधिकार नहीं मिला था वह अधिकार 1932 खतियान लागू कर माननीय मुख्यमंत्री ने राज्य के 3 करोड़ 50,000 जनता को एक सच्चे झारखंडी का पहचान देने का काम किए हैं। मौके पर उपस्थित प्रखंड सचिव वासुदेव यादव, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, पूर्व जिला सचिव राकेश मिश्रा, पूर्व प्रखंड सचिव नंदकिशोर भुइयां, संजय भुइयां, 20 सूत्री सदस्य पवन तूरी, अशोक गुप्ता, सोहेल खान, अरविंद महतो, विनोद यादव, राजेश ठाकुर, टेकलाल प्रजापति, सोमर भुइयां, मोती भुइयां शहीत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने बुधवार को मध्य विद्यालय अम्बाजीत परिसर में निशुल्क हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया। अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कैंप में 85 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें आवश्यक दवाएं निशुल्क प्रदान की गई। इस अवसर पर हजारीबाग के जेनरल फिजिशियन डॉ विजय चैतन्य के नेतृत्व में पैरामेडिकल स्टाफ की एक टीम ने ग्रामीणों को कई तरह की चिकित्सकीय सुविधाएं निशुल्क प्रदान की। सुबह 11:00 बजे से दिन भर चले इस कैंप में महिलाएं, ग्रामीण और बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की गयी।

## कांग्रेस की पंचायत स्तरीय बैठक संपन्न

**बरही।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत प्रखण्ड के केदारुत पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से खड्गधारी यादव उर्फ गुड्डू को केदारुत पंचायत का अध्यक्ष व तेजबहादुर सिंह को महामंत्री बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी की सोच और विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए हम सब को प्रतिबद्ध होना चाहिए। मौके पर अर्जुन यादव, सुरेश प्रसाद यादव, मो रौशन अंसारी, आलम अंसारी, खड्गधारी यादव, अहमद अंसारी, सन्नी यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## नया ट्रांसफार्मर का हुआ उद्घाटन

**बरही।** रसोईया धमना पंचायत के नहर कॉलोनी व बाराटोल में ट्रांसफार्मर पिछले कई दिनों से खराब होने के कारण उक्त दोनों क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बाधित थी। पूर्व विधायक मनोज कुमार की उपस्थिति में 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, जिसके बाद बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से लोगों को मिल रहा है। 200 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, मुखिया गोविंद साव की उपस्थिति में संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किया।

## स्पीड न्यूज

### किसानों को दी गयी जानकारी



**भंडरा ।** बड़ागाई पंचायत के कुंदो खेल मैदान मे बुधवार को कृषि सूक्ष्म सिंचाई योजना का एक दिवसीय कर्मशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया प्रखंड विकास पदाधिकारी रणजीत कुमार सिन्हा ने किसानों को आर्थिक रूप से सम्पन होने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुये बैज्ञानिक तकनीक से खेती करने की सलाह दी । मौके पर बीटीएम विजय प्रसाद ने ड्रिप सिंचाई पद्धति, मुख्य सिंचाई पद्धति, मिली स्प्रिंकलर, माइक्रो स्प्रिंकलर के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। इस मौके पर एटीएम दिनेश कुमार,रऊफ अंसारी किसान प्रदीप उरांव,संजय कुमार, एतवा उरांव,सुकरा उरांव सहित कई किसन मौजूद थे।

### जेएमएम नेता ने स्कूल का किया निरीक्षण



**भंडरा ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय भैसमुंदो का निरीक्षण किया। प्रखंड अध्यक्ष ने विद्यालय में शिक्षकों व बच्चों की उपस्थिति देखी। साथ हि मध्यान्ह भोजन की जाँच की। उन्होंने बच्चों से प्रतिदिन बनने वाले मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता के बारे मे भी जानकारी ली ।उन्होंने एमडीएम रसोईघर का निरीक्षण कर साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया । बच्चों को वितरित करने के लिए आये स्वेटर की घटिया क्वाल्टी देख प्रखंड अध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर की। स्वेटर की सप्लाई कर रहे जेएसएलपीएस के प्रगति महिला उत्पादक समूह सेन्हा की शिकायत डीसी से करने की बात कही । इस मौके पर प्रधानाधापिका संध्या रानी तिर्की व शिक्षक मौजूद थे।

### कौशल को लेकर उन्मुखीकरण



कैरो ।प्रखंड परिसर में बुधवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव,उपप्रमुख मधुलिका रानी,जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला प्रबंधक, मुखिया बीरेंद्र महली, अरविंद उरांव सहित अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि आवेदक अपने रुचि तथा योग्यता के अनुसार कोर्स का चयन करें और उस पर प्रशिक्षण लेकर अपने सपनों को साकार करें। इस कार्यक्रम में प्रबंधक जेएसएलपीएस श्रीमती मेरी कुल्लू, अमिताभ मजूमदार, रूपेश राम, साकेत,जिला समन्वयक अप्पू कुमार, बिनीता तिर्की नितेश कुजूर, चंदन कुमार, बलराम व दीदिया उपस्थित थे।

### सेन्हा में हनुमान चालीसा पाठ



सेन्हा। बरही मंदिर प्रांगण में मंगलवार को जय श्रीराम समिति के द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में समिति के लोग मौजूद थे ।इस आयोजन में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री वा रांची मेयर वा समिति संरक्षक आशा लकड़ा शामिल हुई।आशा लकड़ा ने कहा कि जय श्रीराम समिति का समाज एवं धर्म के प्रति इस तरह का प्रयास सराहनीय है । ऐसा आयोजन हर जगह होनी चाहिए। मुख्य संरक्षक महावीर प्रसाद साहू ने कहा कि समिति के प्रयास से हनुमान चालीस एवं महाआरती का आयोजन को भव्य रूप देने के लिए पूरा प्रयास होगा। जिसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है । मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री काजल प्रधान,महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री डॉ .सीमा सिंह,फुदो उराँव, भाजपा महिला मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती उषा पांडेय, सुरजमनी उराँव, बरही अध्यक्ष अमर महतो, विष्णु कुशवाहा अमर महतो, रमेश उरांव,सुनील उरांव, राजकुमार महतो,अंजू ठाकुर, रजनीकांत महतो,अशोक महतो पंकज ठाकुर,अकाश गोसाई, कृष्ण गोपाल उरांव,मुकुल पांडे प्रदीप सोनी,जितेंद्र ठाकुर,शंकर ठाकुर,उत्तम महतो,पंकज उरांव संतोष महतो,प्रवेश महतो,मुन्ना महतो,संतोष कुमार,बंधन ठाकुर, सुजीत ठाकुर,मणिकांत ठाकुर, विकास महतो,उदित महतो, नितेश कुमार,अरविंद साहू, राजकुमार साहू,विरेंद्र ठाकुर, सुनील ठाकुर,अवन ठाकुर,संतोष साहू,भीम महतो,पंकज ठाकुर, संदीप कुमार,प्रेम चंद्र महतो, दिवाकर कुमार,पिंटू कुमार, राजेश साहू,कृष्णा केसरी,पंकज महतो,विकास उरांव,गजानंद महतो,महेंद्र ठाकुर, प्रमोद कुमार, प्रेम कुमार साहू,संदीप महतो, रोहित महतो,रामकिशोर महली, नकुल कुमार साहू, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### बीडीओ ने की समीक्षा बैठक



**कैरो।** प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक किया गया। जिसमें पंचायत वार समीक्षा करते हुए मनरेगा, पियम आवास, बिरसा हरित क्रांति, दीदी बाड़ी सहित विकास योजनाओं की समीक्षा कर सभी पूर्ण योजनाओं का अभिलेख बंद करने व जरूरत के हिसाब से आवस्यक योजनाओं को प्रारम्भ करने, मानव दिवस बढ़ाने सहित आवस्यक दिशा निर्देश प्रखंड कर्मी व मनरेगा कर्मियों को दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, आवास समन्वयक दिनेश कुमार, मुखिया सुमित्रा उरांव, अरविंद उरांव, श्रवण मुंडा, सुमन लकड़ा, परवेज अंसारी, मंसूर अंसारी, पंचम एतवा पहान, सुहैल अहमद सहित प्रखंड कर्मी, मनरेगा कर्मी व मुखिया, रोजगार सेवक मौजूद थे।

# जंगल उजाड़ना अब पड़ रहा महंगा, जानवर मचा रहे उत्पात

**दीपक राम काजू**

- हाल के दिनों में गुमला जिले के घाघरा, चैनपुर और भरनो में उजाड़े कई घर व रौंदे फसल
- हाथियों के आतंक से दाने-दाने के मोहताज हो रहे हैं ग्रामीण

**गुमला।** अपनी विलासिता संबंधी सुविधाओं को पूरा करने के लिए जंगल उजाड़ने वाले मानव समाज पर अब जंगली जानवर कहर बरपा रहे हैं। आये दिन गुमला जिला में जंगली हाथी तांडव मचा रहे हैं और लोगों के घर व फसल को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ उनकी जीवन लीला भी पैरों से कूचलकर समाप्त कर दे रहे हैं। मंगलवार रात तेंदार गांव में बंधनी उराईन व बुधवार सुबह को गुमला के सतपारा गांव में सिटुवा गोप को हाथियों ने पटकर व कूचलकर मार डाला। जिसे पूरे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोग दहशत में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। हाल के दिनों में जिले के घाघरा, भरनो व चैनपुर प्रखंडों में हाथियों ने कई घरों को ध्वस्त कर दिया। वहीं खेत में लगे फसल को रौंद दिया। साथ ही जीविकोपार्जन के लिए ग्रामीणों के द्वारा घरों में रखे अनाज को भी हाथी खा जा रहे हैं। अब ग्रामीण यह पशोशप में हैं कि वे जीवित हैं तो पेट कैसे भरे और गांव में रहते हैं तो जीवित कैसे रहें। क्योंकि हाथियों का आतंक ऐसा फैला है कि ग्रामीण रतजगा कर रहे हैं और हाथी आने की सूचना पर गांव छोड़ने को मजबूर हो जा रहे हैं। एक समय था जब ग्रामीण क्षेत्रों में नक्सली संगठन के लोग तांडव मचाया करते थे। ग्रामीण नक्सलियों के भय से गांव छोड़ने को विवश हो जाते थे। अब जंगली हाथियों का भय उनके दिलो दिमाग में इस तरह कहर बरपा रहा है कि वे फिर से गांव छोड़ने को विवश दिखाई पड़ रहे हैं। जंगल उजड़ने से हाथियों का पनागाह क्षीण गया है। जिसके कारण हाथी आबादी वाले इलाके में प्रवेश कर जा रहे हैं और लोगों के साथ साथ उनके संपति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं वन विभाग जिले से हाथियों को उनके सुरक्षित पनागाह तक पहंचाने में असफल साबित हुआ है। जिसके कारण आये दिन हाथी इस गांव से उस गांव ग्रामीणों के खदेड़ने के कारण पहुंच जा रहे हैं। गुमला जिला में जंगली हाथी के साथ-साथ भालू भी लोगों के लिए खतरा बना रहते हैं। वहीं देश के कई हिस्सों में लैपर्ड का आतंक मचा हुआ है।



हाथी ने कूचलकर ग्रामीण को मारा।



क्षतिग्रस्त मकान

**हाथियों ने कई लोगों को पहुंचाया आर्थिक नुकसान :** बीते रात घाघरा प्रखंड के तेंदार गांव में जंगली हाथियों ने एतवा उरांव के घर को तहस नहस करने के बाद घर में रखे अनाज, बर्तन, गैस व मोटरसाइकिल के अलावे जरूरत के समान को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। जिसे एतवा उरांव को लगभग तीन लाख रूपये की आर्थिक क्षति पहुंची। वहीं नवाटोली में झीना उरांव 60 हजार, गणेश उरांव 50 हजार, महरंग उरांव 50 हजार, मुकुट उरांव 50 हजार, बिनु उरांव 50 हजार, राहुल उरांव 50 हजार, सोमरी देवी 50 हजार, सुंबरी उराईन 40 हजार रूपये का नुकसान पहुंचाया है।

**बच्चा हाथी के घर में प्रवेश करते ही बड़े हाथी तोड़ देते हैं मकान :** जंगली हाथियों के झुंड में एक छोटा बच्चा है जो घर टूटने के बाद घर के अंदर घुस जाता है। जिसे खोजने के लिए हाथियों का झुंड पूरा घर को तोड़-फोड़ कर नष्ट कर देते है। साथ ही घर में रखे अनाज के अलावे जरूरत के सामान खाकर व कुचल कर बर्बाद कर दे रहें है।

# अमृत महोत्सव थीम पर होगी कई प्रतियोगिताएं

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिले के सभी महत्वपूर्ण पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विभिन्न कार्यालयों में झंडोत्तोलन के समय का निर्धारण, परेड एवं परेड पूर्व अभ्यास, पुरस्कार वितरण, आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर थीम आधारित प्रतियोगिता आयोजन आदि के बारे में विमर्श किया गया। उपायुक्त ने नजारत उप समाहर्ता तथा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शहर के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, स्मारकों आदि के परिसरों की समुचित साफ-सफाई व साजसज्जा करवाना सुनिश्चित करें। मौके पर मौजूद पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारीब ने जिले की अपनी पूरी पुलिस टीम को यथोचित निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश दिया कि गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों के बीच थीमेटिक प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाएं। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि स्वास्थ्य, सामाजिक विषय व विधि व्यवस्था विषय को लेकर झांकी तैयार की जाएं। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, खेल आदि विभागों के निष्ठावान कर्मियों को पुरस्कृत भी किया जाए। बैठक में सभी प्रमुख विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

### मकर संक्रांति पर मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में लगेगा मेला



**कैरो।** खरता-हनहट दक्षिणी कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद भव्य मेला का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसकी जानकारी देते हुए मेला समिति के बजरंगी यादव ने बताया कि मेला में पूजा, प्रसाद वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारा का आयोजन किया गया है। अनुष्ठान संपन्न होने के बाद झारखण्ड के मशहूर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दिन एक बजे अतिथियों द्वारा किया जाएगा। इससे पहले 13 जनवरी की शाम में हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। जिसमें आसपास के कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में आजसू नेत्री नीरू शांति भगत सहित क्षेत्र के प्रतिनिधि, सभी राजनीतिक दल, सामाजिक कार्यकताओं एवं जिला व प्रखंड के अधिकारी, भक्तों व दर्शकों को आमंत्रित किया गया है।

# पिछले साल नक्सल अभियान में काफी कामयाबी मिली : एसपी

### पुलिस लाइन में अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी की अध्यक्षता में गोष्ठी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ऐहतेशाम वकारिव की अध्यक्षता में बुधवार को चंदाली स्थित पुलिस लाइन में अपराध नियंत्रण को लेकर अपराध गोष्ठी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसपी ने कहा कि वर्ष 2022 गुमला पुलिस के लिए अच्छा रहा। जिला में हत्या व अपराधिक मामलों में काफी कमी आई तथा नक्सल अभियान में बढ़िया सफलता मिला। बैठक में पिछले 02 वर्ष से अधिक समय से लंबित कांडों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। एसपी ने थानों में लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन करने तथा आप्रकृतिक मृत्यु के मामलों का 24 घंटे के अन्दर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सड़क दुर्घटना से बचाव व रोकथाम हेतु तथा डायन बिसाही, महिला उत्पीड़न, नशापान, नशीली मादक पदार्थ के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही अनुसंधान, विशेष छापामारी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला, बसिया व चैनपुर, सभी अंचल निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारी तथा शाखा प्रभारियों उपस्थित थे।

# गैरमजरुवा जमीन पर शव दफनाने से ग्रामीणों ने रोका



**सिसई।** सिसई प्रखंड के बड़ा सैंदा गांव में गैर मजुरवा जमीन पर गांव के ही जवेल बाड़ा के पुत्र का शव को दफनाने से ग्रामीणो ने बुधवार को रोक दिया। जिसे पूरे गांव में विवाद फैल गया। मामले की सूचना पर अंचल अधिकारी, पुलिस इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी दल बल के साथ गांव पहुंचे। जहां अधिकारी मामले की जानकारी ली। उसके बाद गांव के ग्रामीणो के साथ बैठक किया। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के पूर्वजों के द्वारा ग्राम सभा कर खेती बारी करने के लिए जवेल बाड़ा जमीन दिया गया था। ग्रामीणो का कहना है कि बड़ा सैंदा पश्चिम की ओर गैर मजूरवा जमीन लगभग 33 एकड़ जो जमाने से प्रति है। उसे धीरे धीरे कर जवेल बाड़ा फर्जी रूप से 8 एकङ जमीन को चारो पुत्र के नाम से फर्जी बंदोबस्ती करा लिया है। यह जमीन गांव के पूर्वजो का दिया हुआ। उक्त जमीन को कब्जा करने के लिए दो तीन लोगो का शव को भी उसी भूमि के अन्य हिसा में दफन किया गया है। जमीन पर अवैध कब्जा से सैंदा गांव के ग्रामीणो ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। जबकि की अवैध रूप से कब्जा किये गये गैर मजूरवा जमीन का बंदोबस्ती को रद्द कराने को लेकर ग्रामीणो ने अंचल को बहुत पहले आवेदन भी दिया है जो मामाल एलआरडीसी कोर्ट में विचाराधीन है। अब जवेल पूरे 33 एकड़ जमीन पर दावा करने लगा है जो गैर कानूनी है।

# पांचवें दिन भी वकीलों का आंदोलन जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



### कोर्ट फीस वृद्धि रद्द करने की मांग

लोहरदगा।झारखण्ड स्टेट बार कॉन्सिल राँची के निर्देशानुसार बुधवार को पांचवे दिन भी जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्तागण प्रदर्शन करते हुए अपने को न्यायिक कार्यों से दूर रहे। विदित हो कि झारखंड सरकार द्वारा कोर्ट फी में बड़ोतरी को वापस लेने को लेकर 6 जनवरी से पूरे राज्य में वकीलों का कार्य बहिस्क र और प्रदर्शन चल रहा है।इसके साथ ही अधिवक्ता प्रोटेक्सन बिल लानें अधिवक्ता कल्यान कोष गठित करने तथा अनुभवी अधिवक्ताओं के बीच से ही लोक अभियोजना अपर लोक अभियोजना (ढ.ड., अ.ढ.ढ.) की बहाली करने की मांग शामिल है। संघ के अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पुजारी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में सर्वसहमति से सभी अधिवक्तागण कॉन्सिल के निर्णय एवं आवहन का स्वागत करते हुऐ एकजूट होकर आन्दोलन करते रहेंगे। उक्त बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि सरकारी अधिवक्ता विमल किशोर नारायण तिवारी तथा अन्य अधिवक्ता कॉन्सिल के निर्देश का अनुपालन नहीं कर संघ विरोधि काम किया है, फलतः बार से मिलने वाली सभी सुविधाओं से वंचित कर बार कॉन्सिल को अग्रेतर कारवाई हेतू अग्रसारीत किया जाय। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष डॉ० प्रमोद पुजारी महासचिव लाल दीपक नाथ शाह देव, उपाध्यक्ष अमेरेन्द्र सिंह, सह सचिव लाल धमेन्द्र देव, सह सचिव पुस्ताकालय बिक्रम कुमार, कोषाध्यक्ष पवन कुमार कार्यकारिणी सदस्य, नरेन्द्र मिंज, फुन्नी साहु, बिपिन बिहारी दुबे, अजय लकड़ा, बिनय साहु, राधा शर्मा, आनन्द अग्रवाल, प्रमोद प्रसाद, देवाषिश साहु मनोज प्रसाद, अनुप राय गौतम देवघरिया, दीपक कुमार, युगल किशोर सिंह, भोला शंकर मुरारी अग्रवाल, पारन प्रसाद, ब्रजकिशोर साहु दिनेश प्रसाद, मोतिलाल, विवेक कुमार, प्रवीण भारती, फताउल रहमान, नफीया रहमान, सुरेन्द्र साहु, राकेश अखौरी, सतीश कुमार विधार्थी, अनिल कुमार पाण्डेय, राजललित प्रसाद के अलावे काफी संख्या में अधिवक्ता गण के साथ आम जनता एवं लिपिक गण के सदस्य गण भी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### डायन के आरोप में देवर ने भाभी को पीटा



**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के करंज टंगराटोली गांव में मंगलवार शाम डायन बिसाही मामले को लेकर देवर बुन्नी खड़िया ने भाभी सलमी देवी को लाठी डंडे से बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। घटना में पीड़िता को सिर और आंख पर गंभीर चोट लगी है। पड़ोसियों ने इलाज के लिए तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में मंगलवार की देर शाम सदर अस्पताल लाया गया। पीड़िता ने बताया कि करीब 15 वर्ष पूर्व डायन बिसाही का आरोप लगाकर देवर बुन्नी खड़िया के द्वारा मेरे पति के साथ भी मारपीट की गई थी। परंतु डर से हमने थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराया। वहीं घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को दे दी गई है।

### अज्ञात वाहन के धक्के से दो घायल

गुमला। सदर थाना क्षेत्र के अरमई गांव निवासी 45 वर्षीय पीठू उरांव मंगलवार की रात अज्ञात वाहन के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गया। पीठू उरांव पैदल राशन लेने के लिए डुमरडीह बाजार घर से आ रहा था। इसी क्रम में वाहन ने धक्का मार दिया और वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने इलाज के लिए पीड़ित को सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। इधर टोटो झरगांव निवासी 60 वर्षीय भूखली देवी रोड पार करते दौरान अज्ञात वाहन के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया है। महिला के सर व दोनों पैर में गंभीर चोटें आयी है।

### घाघरा में बाइक से गिरकर दंपति घायल

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के ब्लॉक के समीप बाइक सवार दंपत्ति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया। लोहरदगा कोराम्बे निवासी संजय उरांव व उसकी पत्नी सरोजिनी बाइक में सवार होकर अपने नए घर के पूजा का निमंत्रण देने गुमला स्थित चंदाली आये थे। जहां से वापसी के क्रम में घाघरा में अपनी मौसी के यहां गये थे। वहां से शाम में अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में घाघरा ब्लॉक के समीप पैदल चल रही एक महिला को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना में पति को पैर व हाथ में हल्की चोट पहुंची है,जबकि उसकी पत्नी सरोजिनी को गंभीर चोट पहुंची है।

### दो फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**घाघरा।** पुलिस ने गुमला मुख्यालय के हुसैन नगर आजाद बस्ती निवासी वाजिद खान उर्फ वाजिद अली उर्फ बादशाह के घर में बुधवार को इश्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में एसआई प्रवीण महतो ने बताया कि कोरेक्स बेचने के आरोप में वाजिद खान के ऊपर घाघरा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। लगातार वाजिद फरार चल रहा है। साथ ही एसआई के द्वारा परिजनों को यह जानकारी भी दी गई कि 30 दिन के अंदर वह न्यायालय में प्रस्तुत हो अन्यथा कुर्की जब्ती भी किया जाएगा। वहीं घाघरा पुलिस ने खरका के बेम्बो टोली में प्रेमचंद उरांव के घर भी इश्तेहार चिपकाया है। एसआई देव प्रताप प्रधान ने बताया कि वर्ष 2019 में मसरिया डैम के समीप से अवैध हथियार व उग्रवादियों का पोस्टर बरामद किया गया था। जिसमें चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जिसमें दो को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेज दिया गया है। वहीं एक आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर किया था। प्रेमचंद लंबे समय से फरार चल रहा है।

### हाथी से प्रभावित गांवों का भाजपा नेता ने किया दौरा



**घाघरा।** पूर्व आईजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर अरुण उरांव ने बुधवार को हाथी से प्रभावित गांव का दौरा किये और लोगों का हालचाल जाना। इस दौरान रूकी, सेहल व बिमरला सहित कई जगहों पर भाजपाइयों के साथ डॉ अरुण उरांव ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। मौके पर श्री उरांव ने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि हाथी को किसी भी कीमत पर छेड़छाड़ ना करें। हाथी को जितना छेड़ेंगे वह उतना ही नुकसान पहुंचाएगा। साथ ही पीड़ित परिवार को मुआवजा के लिए उपायुक्त सुशांत गौरव से मुलाकात कर बात करने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से बिपिन बिहारी सिंह, तिम्बू उरांव, गोपाल गोप, श्याम किशोर पाठक, अमित ठाकुर, आशीष सोनी, जयंत जयसवाल, पप्पू गुप्ता, तेजू महतो, श्याम साहू, बालो राम सहित दर्जनों की संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

### प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर द्वारा संचालित परियोजना जैविक खेती विस्तार वर्ष 2022-23 के अंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय प्राकृतिक खेती पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर बुधवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के समापन सत्र विकास भारती के महेंद्र भगत उपस्थित थे। इस तरीके का प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी प्रखंडों से आए किसानों को प्राकृतिक खेती का मास्टर ट्रेनर बनाना था। जिनको प्रशिक्षण में प्राकृतिक उत्पादों को बनाने पर प्रायोगिक कार्य कराते हुए सिखाया गया। प्राकृतिक खेती के अंतर्गत उपयोग किए जाने वाले वीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्रा, ब्रह्मास्त्र, अग्निस्त्र को कैसे बनाकर और प्रयोग करेंगे। इस प्रशिक्षण के समापन सत्र के दौरान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर निशा तिवारी, मास्टर प्रशिक्षक डॉक्टर नीरज कुमार वैश्य, सहित राजीव कुमार सिंह फार्म प्रबंधक उपस्थित थे।

### अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

गुमला। एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बुधवार को गुमला थाना क्षेत्र के करमडीपा के समीप पत्थर लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। साथ ही ट्रैक्टर चालक सुरेश चकी बड़ाईक को गिरफ्तार किया है। जब्त वाहन को गुमला थाना में रखा गया है। एसडीपीओ ने बताया कि पत्थर लदे ट्रैक्टर से कागजात की मांग की गई तो कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। वाहन में अवैध रूप से पत्थर लादा गया था। जिसे जब्त कर लिया गया है। वहीं वाहन चालक का कहना है कि वह करमडीपा के पास से पूर्व में गिरे पत्थर को उठाकर ले जा रहा था।

### कड़ाही चेहरे पर गिरने से युवक घायल

गुमला। मकान निर्माण के कार्य के दौरान मशाला रखे कड़ाही के चेहरे पर गिर जाने से बुधवार को पुगु ढंवठा टोली निवासी 35 वर्षीय बसंत उरांव जख्मी हो गये। इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बसंत ने बताया कि उसका ही मकान निर्माण कार्य चल रहा है। वह कड़ाही में मशाला भरकर उसे दे रहा था कि अचानक कडाही फिसल गयश और उसके चेहरे पर जा गिरा। जिसे उसे चोट लगी।

## स्पीड न्यूज

### दुकान बंद रखने का बीडीओ को ज्ञापन



**नौडीहा बाजार(पलामू)।** प्रखंड में कार्यरत सभी डीलरों ने खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के खिलाफ बीडीओ को लिखित आवेदन दिया। पीडीएस संघ के अध्यक्ष रामचंद्र राम ने लिखित आवेदन में नौडीहा बाजार के कार्यरत खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने सतर्कता समिति के बैठक में अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया। इससे सभी डीलरों ने अपनी दुकान बंद रखने का ऐलान किया। जिसकी लिखित सूचना नौडीहा बाजार बीडीओ को दे दी है।

### बिश्रामपुर मवि के बच्चों में कॉपी वितरण



**बिश्रामपुर (पलामू)।** रामवि में बुधवार को विद्यार्थियों के बीच कॉपी बांटा गया। कॉपी वितरण विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज लाल, नगर परिषद प्रतिनिधि राजन पांडेय, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील चौधरी, समाजसेवी विजय कुमार रवि व प्राचार्य रामू वाजपेई ने किया। पंकज ने कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाना प्रतिनिधियों का दायित्व है। मौके पर राजन पांडेय, सुनील चौधरी समेत शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्रा मौजूद थे।

### केतात की बेटी पहले प्रयास में ही सफल



**बिश्रामपुर (पलामू)।** जिला के रेहला थाना क्षेत्र के केतात गांव की बेटी अलका पाठक ने इतिहास रचते हुए गांव का नाम रौशन किया है। अलका ने चार्टर्ड एकाउंट (सीएम) जैसे प्रतिष्ठित परीक्षा में पहली ही प्रयास में सफलता अर्जित कर ली है। अलका अब चार्टेड एकाउंटेंट बन चुकी है। अलका केतात के सेवानिवृत शिक्षक पदमाकर पाठक की पुत्री है। अलका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता, मां चिंतामणी पाठक व गुरु सहित अश्वनी चौधरी को दी है। अलका ने देश में 17वां रैंक हासिल की थी। उसने अपना ट्रेनिग एमएस अश्विनी चौधरी कंपनी में प्राप्त किया है। वह वर्तमान में दिल्ली में ही रहकर और उच्च शिक्षा हासिल करना चाहती है।

### फरार अभियुक्त के घर साटा इश्तेहार



**हुसैनाबाद, पलामू।** अनुमंडल के हैदरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरसोत के फरार अभियुक्तों के घर पर बुधवार को हुसैनाबाद महिला एवं बाल संरक्षण थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज ने न्यायालय के आदेश पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया। उन्होंने बताया कि उक्त अभियुक्त पर हुसैनाबाद महिला थाना कांड 11/2022 का केश हैं जिसमें न्यायालय जीआर नंबर 1852 के अभियुक्त सुलेमान अंसारी, पिता स्व रमजान अंसारी एवं यासमीन बीबी पति समीम अंसारी दोनों अभियुक्त फरार हैं, जिनके लिए न्यायालय से इश्तेहार निकाला है। दोनों अभियुक्तों को 16 फरवरी तक सशरीर माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण होना अनिवार्य है। नहीं तो अग्रेतर करवाई की जायेगी। मौके पर हैदरनगर थाना के एसआई संजीव कुमार, सशस्त्र बल एवं महिला थाना हुसैनाबाद के एसआई चंद्रदीप प्रसाद, कॉन्स्टेबल गुड्डी कुमारी, मुंशी अजय तिवारी क्षेत्र के चौकीदार एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### शिक्षा किट पाकर खुश हुए स्कूली बच्चे



**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच शिक्षा किट बांटा गया। इसके लिए मुखिया अनुज त्रिपाठी व एसएमसी अध्यक्ष कुंती देवी को विशेष रूप से आमंत्रित किया था। शिक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त स्टूमेंट बाक्स, कॉपी, कलम, पेंसिल, रबर व कटर का वितरण मुखिया ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चे इन सामग्रियों का सदुपयोग करें तथा नियमित व मनोयोग से पढ़ें। प्राचार्य परशुराम तिवारी ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि बच्चों के बीच पठन सामग्री की कमी न रहे तथा वे बिना बाधा पढ़ाई पूरी करें। कार्यक्रम को शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व विजय कुमार ठाकुर ने कुशलतापूर्वक संयोजित किया।

### एलएडीसी का परीक्षा परिणाम घोषित

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने बुधवार को एल ए डी सी के लिए चयनित छह अधिवक्ताओं का नाम घोषित कर दिया है। विदित हो कि पलामू जिले में एल ए डी सी के चीफ व डिप्टी चीफ का एक-एक पद सृजित किया गया है। वहीं चार पद असिस्टेंट के लिए सृजित किया गया है। विदित हो कि जिले में इसके लिए सितंबर महीने में साक्षात्कार लिया गया था। जिसमें काफी संख्या में अधिवक्ताओं ने साक्षात्कार में भाग लिया था। जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि एलएडीसी के स्थापना हो जाने से गरीब तबके के लोगों को सुलभ न्याय मिलेगा। साथ ही उनके मामले में पक्ष रखने के लिए एल ए डी सी की ओर से नियुक्त अधिवक्ता उनके मामले में पैरवी करेंगे। विदित हो कि एल ए डी सी को ले पूर्व से ही तैयारी जोर शोर से चल रहा था। इसके लिए कोर्ट भवन में ही कमरा का नवीनीकरण किया गया है। तथा इसके लिए दो चेंबर बनाये गये हैं तथा काम करने के लिए सभी सामान की खरीदारी कर ली गयी है। एलकेडीसी चीफ अधिवक्ता अमिताभ सिंह चुने गये हैं। वहीं डिप्टी चीफ के रूप में अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय का चयन किया गया है। असिस्टेंट के रूप में वीर बक्स रे, पुष्कर राज, उत्तम कुमार व कुमारी नीतू सिंह अधिवक्ता का चयन किया गया है। एलएडीसी के लिए चयनित अधिवक्ताओं का झालसा रांची में ट्रेनिग प्रोग्राम का आयोजन किया गया हैं।

### अधिवक्ता आंदोलन पांचवें दिन भी जारी

**मेदिनीनगर।** कोर्ट फीस बढ़ोतरी वापस लेने, अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने व अन्य मांगों को लेकर झारखंड स्टेट बार काउंसिल रांची के निर्देश पर पलामू जिले के अधिवक्ता पांचवे दिन बुधवार को भी न्यायिक कार्य से अलग रहे। इससे विभिन्न न्यायालयों में लंबित जमानत, अग्रिम जमानत, गवाही, बयान, बहस का कार्य पूर्णतः ठप रहा। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से अलग रहने से पक्षकारों का काम नहीं हो सका। विदित हो कि पलामू जिले के अधिवक्ताओं ने चट्टानी एकता का परिचय देते हुए न्यायिक कार्य से अपने को अलग रखा। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से अलग रहने के कारण न्यायालय में सन्नाटा पसरा रहा। स्टेट बार काउंसिल के निर्देश पर शुक्रवार तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे। इसके बाद झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्देश पर आगे की रणनीति पर चर्चा की जायेगी।

# पलामू जिले में 11 से 17 जनवरी तक मनाया जायेगा सड़क सुरक्षा सप्ताह

➲ उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा कर रथ को किया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बुधवार को जिले के डीसी आंजनेयुलू दोड्डे, एसपी चंदन कुमार सिन्हा व डीटीओ अनवर हुसैन ने हरी झंडी दिखाकर एलईडी युक्त सड़क जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से रवाना किया। मौके पर सदर एसडीपीओ भी उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि जिले में 11 से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके तहत यह रथ जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण कर ऑडियो-वीडियो के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा।

**वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें पालन : उपायुक्त**



उपायुक्त श्री दोड्डे ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें। जिला मुख्यालय में जागरूकता वाहन को रवाना करने के बाद उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के पालन से सड़क पर सुरक्षा बनी रहती है। विशेषकर युवा वर्ग से अपील करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जब भी दो पहिया वाहन का प्रयोग करें तो हेलमेट अवश्य पहनें और पूरी सावधानी बरतें।

**जीवन अनमोल है : एसपी-** इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा ने कहा कि जीवन अनमोल है यह हम सबको समझना होगा। सड़क पर वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने से हम खुद को सुरक्षित रख सकते हैं साथ ही बेवजह फाइन से भी छुटकारा पाया जा सकता है। इसी तरह सदर एसडीपीओ ने भी सड़क सुरक्षा संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला।

**जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को किया जायेगा जागरूक : डीटीओ-** इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से आम जनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूक किया जायेगा।यह रथ 17 जनवरी तक पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को विभिन्न माध्यमों से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा।

# सुखाड़ का आकलन करने पहुंची केंद्रीय टीम ने किया चैनपुर प्रखंड के कई गांवों का दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** जिले में सूखे की स्थिति का आकलन करने बुधवार को अंतर मंत्रालयी की केंद्रीय टीम मेदिनीनगर पहुंची। यहां टीम के सदस्यों ने जिला कृषि पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी व हॉर्टिकल्चर ऑफिसर के साथ बैठक कर जिले में पड़े सूखे की स्थिति व प्रभावित किसानों की जानकारी ली। साथ ही सूखे के मद्देनजर किसानों को राज्य सरकार से मिल ही सुविधाओं की पूरी जानकारी ली। मेदिनीनगर पहुंची टीम में डायरेक्टर सीडब्लूसी प्रमोद नारायण, उप निदेशक महेश कुमार, सहायक निदेशक ब्रिज मोहन सिंह,उप कृषि निदेशक (अभियंत्रण) अशीम रंजन एक्का शामिल थे।



**टीम ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों संग किया संवाद**

मेदिनीनगर पहुंची टीम के सदस्यों ने चैनपुर के बांसडीह पंचायत अंतर्गत बजरमरवा व तीन टोलवा का दौरा किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने अलग-अलग किसानों से संवाद किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने लोगों से बारिश की स्थिति,फसलों की बुआई, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कितना खेती हुआ संबंधी जानकारी ली।

**सूखा के कारण माड़-भात पर संकट : आदित्य नारायण पांडे, किसान-** टीम ने महुगांवा में चौपाल लगाकर स्थानीय रैयीतों से सूखे की जानकारी ली। इस दौरान मौजूद सभी किसानों ने एक सुर में टीम के सदस्यों को बताया कि यह सूखा वर्ष 1966 में पड़े सूखे से भी भयावह है। अभी फसल नहीं हुआ तो किसान पलायन कर दूसरे राज्य में जाकर दो पैसे कमा ले रहे हैं। हमलोगों की चिंता भविष्य में पेयजल को लेकर है। गांव के तालाब सूख चुके हैं। चापाकल भी जवाब दे रहा है। पेयजल को लेकर कोई व्यवस्था नहीं हुई तो लोग पानी बिना कैसे रहेंगे।

# जन समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है हेमंत सरकार : आलोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने अधिवक्ताओं की हड़ताल का नैतिक समर्थन दिया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड सरकार को जनहित में कोर्ट फीस बढ़ोतरी को वापस लेना चाहिए। इससे आम अवाम जनता परेशान हो रही है। यह सिर्फ अधिवक्ताओं का मुद्दा नहीं बल्कि कोर्ट फीस बढ़ोतरी आम जनमानस का मुद्दा है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया सकता है। उन्होंने कहा कि कोर्ट फीस बढ़ोतरी जनता पर थोपा गया अतिरिक्त भार है। जिससे गरीबों को न्याय पाना मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से अलग रहने के कारण न्याय की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है। इस पर सरकार को त्वरित निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार अविलंब कोर्ट फीस बढ़ोतरी वापस ले। श्री चौरसिया ने कहा कि जब से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है। तबसे राज्य के जनता के अहित में कदम उठा रही है। यह सरकार जन समस्या के प्रति गंभीर नहीं है। झारखंड की जनता त्राहिमाम कर रही है।

अधिवक्ताओं का मांग उचित है इस पर सरकार को गंभीरतापूर्वक विचार कर फैसला लेने की जरूरत है। श्री चौरसिया मोहन चाय दुकान में बैठकर अधिवक्ताओं से बात कर रहे थे। मौके पर महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा, अधिवक्ता दिनेश चंद पांडे, संतोष कुमार पांडे, जिला परिषद सदस्य रामलाल चौरसिया, भाजपा नेता परशुराम ओझा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# पांकी विस क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना लक्ष्य : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने विभिन्न गांवों में विभागीय अभियंता के साथ निरीक्षण किया। उसने उन्होंने गार्डवाल निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए गार्डवाल निर्माण के लिए अनुशंसा की। तरहसी प्रखंड में अस्पताल के पूर्व दिशा में अमानत नदी के तट पर स्थित किसान भवन सह उत्पादन सह प्रशिक्षण केंद्र के समीप गार्डवाल निर्माण एवं पूर्व-उत्तर दिशा में गार्डवाल निर्माण की अनुशंसा की।

ग्राम सोनपुरा अमानत नदी पुल के बगल से शिव मंदिर तक गार्डवाल निर्माण तथा तरहसी प्रखंड के कसमार पंचायत के कसियाडीह में गार्डवाल निर्माण,



विकास कार्य की आधारशिला रखते पांकी विधायक व अन्य।

ग्राम सिलदिलिया टईया रोड के जमुना नदी के बगल में गार्डवाल निर्माण का अनुसंशा किया। उन्होंने कहा कि उपरोक्त स्थानों पर गार्डवाल निर्माण का निर्माण हो जाने से जमीन और सड़क बर्बाद होने से बचेगी। साथ ही लोगों को अवागमन में भी सहूलियत होगा। मेरा लक्ष्य है कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के अंतिम गांव तक विकास कराना है। क्षेत्र की जनता से अनुरोध है कि क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों से मुझे अवगत कराकर विकास कार्य में सहयोग करें। इस मौके पर गोपाल साव, मृत्युंजय सिंह, अनरूद्ध सिंह, पायनियर पांडे, विधायक के निजी सचिव प्रो बच्चन ठाकुर एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# पाटन : मुखिया मंजू देवी ने किया सगुना प्रीमियर लीग का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन, पलामू।** मंगलवार को ग्राम पंचायत सगुना के सगुना में सगुना प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। मुख्य अतिथि मुखिया मंजू देवी ने फीता काट कर खेल की शुरुआत की। जिसमें विशिष्ट अतिथि पंसस समरून बीबी, जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, धनंजय पासवान, रामनाथ चंद्रवंशी, पूर्व पंसस मुस्तकिम अंसारी, रंजीत सिंह, मुखिया समर्थक उदय सिंह, सुभाष सिंह, राजू रंजन पाण्डेय, सामाजिक कार्यकर्ता राजा बाबू उपस्थित रहे। रंजीत सिंह ने कहा कि खेल भावना से खेल खेलना चाहिए। खेल से शारीरिक, मानसिक और आर्थिक विकास होता है। नईम अख्तर ने कहा कि गांव देहात में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। बस जरूरत निखारने की है। मौके पर आजाद अहमद, शाहिद अंसारी, सहजाद अंसारी, तालिब अंसारी, करण कुमार आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हरतुवा-दारूडीह बाइक से पहुंचे डीडीसी

■ सड़क खराब होने के कारण डीडीसी को मनरेगा योजनाओं की जांच करने में हुई परेशानी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पलामू डीडीसी ने प्रखंड के दारूडीह पंचायत के मनरेगा योजना की जांच की। इस दौरान मनरेगा योजना में विदेशी राम के खेत में कूप निर्माण में गहराई 35 फीट की जगह 27 फीट ही था। वहीं कुआं में एक बूंद पानी नहीं मिला और कुएं में डीप बोरिंग मिला। गड़बड़ी पर डीडीसी रवि आनंद ने बीपीओ रविकांत सिंह को निर्देश दिया कि 10 दिनों में त्रुटि सुधार करें।

बताते चलें कि उक्त कुआं के लिए 2,03,000 की लेबर मिस्त्री मजदूरी को निकासी कर ली गई है। उसी पंचायत में मुनारीक राम के पास नाला उड़ाही में भी असंतोष व्यक्त किया। हरतुआ पंचायत के अमवा रास्ता ठीक नहीं होने के कारण डीडीसी ने बाइक से विश्वनाथ सिंह के खेत में कूप निर्माण की जांच की। जहां कई दिनों से कार्य बंद होने पर कूप निर्माण में यथाशीघ्र करवाने को कहा। विकास आयुक्त ने बताया इसी तरह लगातार योजनाओं की जांच की जा जायेगी। गड़बड़ी मिलने पर संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी।

### थाना प्रभारी से मिले प्रमुख समेत मनातू के भाजपाई



**मनातू पलामू।** मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार से मनातू प्रमुख गीता देवी एवं मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी अंतू यादव ने औपचारिक मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया। थाना प्रभारी ने कहा कि प्रमुख का धन्यवाद पाकर बहुत खुशी हुई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, अंतू यादव, समाजसेवी रोशन यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

### 16 को होगा विधायक का कार्यकर्ता सम्मेलन



**सतबरवा।** डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया का कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम की तिथि में परिवर्तन हुआ है। अब यह 15 के बदले 16 जनवरी को होगा। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने दी। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी को मकर संक्रांति का त्योहार होने के कारण कार्यक्रम की तिथि में फेरबदल किया गया है। उन्होंने क्षेत्र के सभी भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा समर्थकों को मलय डैम स्थित मुरमा खेल मैदान में उक्त कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

# झामुमो नेताओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ क्षेत्र के जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



**हुसैनाबाद पलामू।** झामुमो के वरिष्ट नेताओं ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 79वें जन्मदिवस पर केक काटकर मनाया एवं क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने को लेकर गरीब, असहाय व जरूरतमंद महिला-पुरुष के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के अल्पसंख्यक केंद्रीय सचिव डॉ एजाज आलम एवं युवा नेता विवेकानंद सिंह, नेहाल असगर आदि ने संयुक्त रूप से स्थानीय रुद्रा होटल परिसर में कंबल का वितरण किया। इसके पूर्व झारखंड के पूर्व मुख्य मंत्री दिशुम गुरू शिबू सोरेन की 79वें जन्मदिन पर स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

### 13 जनवरी को होगी राजद कार्यकर्ताओं की बैठक

**हुसैनाबाद, पलामू।** राष्ट्रीय जनता दल के हुसैनाबाद विधानसभा के कार्यकर्ताओं का मकर संक्रांति के मिलन कार्यक्रम रखा गया है। इसकी जानकारी देते हुए पार्टी के अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद खान ने बताया कि यह बैठक हुसैनाबाद के पूर्व विधायक सह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के फार्म हाउस पुरंदर विगहा में रखा गया जिसमें सभी कार्यकर्ताओं का आमंत्रण है। साथ ही नव वर्ष में मकरसंक्रांति के दही चूड़ा मिलन समारोह भी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से

# पूर्व प्रत्याशी अभिमन्यु सिंह ने नागदेव के निधन पर घर पहुंचकर जताया दुख

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नावा बाजार, पलामू।** विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने नावा बाजार प्रखंड के कंडा पंचायत निवासी 80 वर्षीय बाबू नागदेव सिंह के निधन पर उनके घर पहुंच कर दुःख प्रकट किया। उन्होंने कहा कि किसी भी घर मे बुजुर्ग घर के शोभा होते हैं। क्योंकि उन लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। साथ ही उन्होंने कहा कि नये पीढ़ी के लोगों को कुछ समय बुजुर्गों के साथ बिताना चाहिए।

इसके बाद अभिमन्यु ने ग्रामीण लोगों से मिलते हुए कहा कि करीब 40 वर्षों से दो ही लोग बिश्रामपुर विस क्षेत्र से जीतते आ रहे हैं। जो क्षेत्र में कुछ भी विकास न कर केवल अपने विकास करने में लगे रहे। साथ ही अभिमन्यु सिंह ने कहा कि अगर में अगर विश्रामपुर विस की जनता हमे चुनती है, तो हर खेत तक पानी पहुंचाने का काम करूंगा।

### आठ वारंटियों को पाटन पुलिस ने भेजा जेल



**पाटन, पलामू।** पाटन पुलिस ने आठ वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि पलामु एसपी के निर्देश पर चार टीम बनाकर विभिन्न स्थानों से वारंटी को पकड़ा गया। थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि पुलिस की टीम रात भर छापामारी कर खरौंधा लोइंगा कांके कला सगुना पकरी इत्यादि जगहों से पकड़ कर वारंटी को मंगलवार की सुबह जेल भेज दिया है।

### बाबू नागदेव के दाह संस्कार में शामिल हुए मुखिया



**नावा बाजार, पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत कंडा निवासी 80 वर्षीय बाबू नागदेव सिंह का निधन दिन बुधवार को हो गया। जिसकी खबर मिलते ही कण्डा पंचायत के मुखिया सह नावा बाजार मुखिया संघ अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने दिवंगत नागदेव सिंह के दाह संस्कार में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और शोकाकुल परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे।

# झामुमो के संस्थापक दिशोम गुरु का 79वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

➲ झारखंड राज्य शिबू सोरेन की देन है : राजेंद्र सिन्हा

■ गरीब असहाय व रोगियों के बीच कंबल व फल का किया गया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जनक दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 79वां जन्मदिवस धूमधाम से जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में जिला कार्यालय में केक काटकर मनाया गया। मौके पर गरीबों में खाद्य सामग्री और कंबल बांटा। सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच कंबल, ब्रेड फल का वितरण किया गया।



गुरुजी के जन्मदिन पर केक काटते झामुमो कार्यकर्ता।

कार्यकर्ताओं ने गुरुजी के लंबे उम्र की कामना को लेकर ईश्वर से प्रार्थना की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलन के नेतृत्वकर्ता व झारखंड के जनक शिबू सोरेन का जन्मदिवस हर साल की भांति इस साल भी इस दिन को लोगों की सेवा करते हुए मनाया जाता है। इस अवसर पर गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया। अलग झारखंड राज्य के गठन में उनकी भूमिका, संघर्ष और उनके बलिदानों को जनता के बीच बताया और प्रसारित किया जा रहा है। साथ ही उनके विचारों को जल, जंगल, जमीन के महत्व को लोगों तक पहुंचाया जायेगा।

**कार्यक्रम में ये भी रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना सिन्हा, संजीव तिवारी, चंदन सिन्हा, सुनील तिवारी, मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, रंजन चंद्रवंशी, असफर रब्बानी, विभूति सिंह, अविनाश देव, दीपक तिवारी, सन्नी शुक्ला, अभिषेक सिंह, अनुराग सिंह, आशुतोष विनायक, देवानंद भारद्वाज, धर्मेंद्र सिंह, डॉ जशवंत सिंह, छोटू त्रिपाठी, हाजी ललन, इकबाल कुरैशी, नवीन सिन्हा, मन्नत सिंह, कलाम खा मुकेश सिंह, महिला मोर्चा के सुशीला मिश्रा, दीपू चौरसिया, इकबाल अहमद, रोहित सिंह, नीतिश सिंह, कमरुद्दीन अंसारी, अधिवक्ता, रामेश्वर सिंह चेरो, बीरबल राम रावत, रमेश कुमार, परवेज आलम, नसीम खान समेत अन्य उपस्थित थे।

# सतबरवा के भाजपाइयों ने मनाया बाबूलाल मरांडी का 64वां जन्मदिन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का 64वां जन्म दिवस बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के मलय डैम स्थित मुरमा खेल मैदान में सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिप सदस्य सुधा कुमारी, विशिष्ट अतिथि मुखिया रिंकी यादव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, महामंत्री संदीप कुमार, चंचल कुमार ने केक काटकर किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय पाठक ने किया



जबकि संचालन आशीष सिन्हा ने किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने श्री मरांडी को दीघार्यु होने की कामना किया। वहीं जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी एक संघर्षशील तथा जुझारू व्यक्तित्व वाला नेता है। इनके शासनकाल में राज्य के उत्थान के लिए अनेकों कार्य आरंभ किये गये थे। वहीं आशीष सिन्हा ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के जन्म दिवस को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनता के लिए समर्पण दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस दौरान गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल तथा फल का वितरण किया जायेगा। विजय पाठक ने कहा कि बाबूलाल मरांडी पार्टी के अच्छे आदिवासी नेता है। इनके प्रयास से भाजपा आगे बढ़ रहा है। मौके पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष ज्योति सिंह उर्फ पप्पू सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक यादव, गुड्डू सिंह, रामनाथ पाठक, सिकंदर भुइयां, रवि प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, राजेंद्र सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा कर जागरूकता रथ को किया रवाना

**लातेहार।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत समाहरणालय लातेहार से जागरूकता रथ रवाना कर सड़क सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत की गई। सड़क सुरक्षा के लिए बनाए गए नियमों का पालन कर जीवन को सुरक्षित रखने की बात जन जन तक पहुंचाने के उदेश्य से जागरूकता रथ रवाना किया गया। सभी लोगों से सड़क सुरक्षा के तहत बनाए गए। नियमों के अनुसार वाहन चलाने की अपील की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा सप्ताह एवं सड़क सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी।

### भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी पहुंचे बालूमाथ

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ होटल देव इन में बुधवार को भाजपा झारखंड प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपाई की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकताओं की एक बैठक हुई। बैठक के पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर उन्हें नमन किया गया ।बैठक में भाजपा मंडल के पदाधिकारी,मंडल कार्यसमिति सदस्य,मंडल में निवास करने वाले प्रदेश जिला के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं सभी पूर्व मंडल अध्यक्ष मंडल के सभी मोर्चा अध्यक्ष व महामंत्री और पंचायत संयोजक उपस्थित रहे। आयोजित बैठक में संगठन को लेकर कई मुद्दों पर भी चर्चा की गई। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह जिला संगठन मंत्री जी मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे मनोज सिंह प्रदेश प्रभारी, लातेहार जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह कोषाध्यक्ष संजय साहू राम कुमार गुप्ता अमित कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### शुक्रबाजार महावीर मंदिर में रामलीला का हुआ उद्घाटन


रामलील का उद्घाटन करते अतिथि।

**चंदवा।** प्रखंड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत शुक्रबाजार टांड स्थित निर्माणाधीन महावीर मंदिर प्रांगण में रामलीला का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन पंडित त्रिभुवन नाथ पाठक के अलावे गुलामन साव, दिनेश प्रसाद, सुरेश प्रसाद, दिलीप पाठक, राधेश्याम साहू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आयोजन समिति के लोगो ने बताया कि प्रयागराज की एक टीम चंदवा पहुंची है जिसके द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। टीम के संचालक पंडित राजेंद्र पांडे के नेतृत्व में सभी सदस्य रामलीला का मंचन कर रहे हैं। उक्त कार्यक्रम 9 दिनों तक चलेगा। जिससे लोगो को अपने धर्म व संस्कृत को नजदिक से जानने का मौका मिलेगा।

### लोहरसी शिव मंदिर में आह्वान झंडा को किया गया स्थापित


पूजन के मौके पर मौजूद लोग।

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत लोहरसी शिव मंदिर में विधिवत पूजन के साथ आहवान झंडा को मंदिर में स्थापित किया गया। प्रेरक फलाहारी बिरी बाबा के वैदिक मंत्रोचार के बीच बतौर मुख्य यजमान संतोष सिंह के द्वारा अहवहन झंडा स्थापित किया। झंडा स्थापित होने के बाद मौजूद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। मौके पर माल्हन मुखिया जतरू कुमार मुंडा, शिव मंदिर समिती अध्यक्ष उमेश सिंह, सचिव सतेंद्र गिरी, बालदेव गंझू, मुनेश्वर गिरी पुरान महतो बबलू गिरी, बहुरान सिंह, सतेंद्र गिरी, पिंटू गिरी, नागेंद्र गंझु मथुरा सिंह, बले महतो, सरजू साव, गोबिंद मुंडा, कामेशर मुंडा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### हाथियों के आतंक से पीड़ितों को मुआवजा दिलाने का अश्वासन


पीड़ित परिवार से मुलाकात करते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत के बारा व विश्रामपुर मे हाथियों के झुंड द्वारा घर को क्षतिग्रस्त किए गए पीड़ित परिवार से जिला परिषद रमेश राम ने मुलाकात कर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। हाथियों की झुंड ने सात जनवरी शनिवार देर रात को विश्रामपुर ग्राम निवासी जुगेसर गंझु, बिमलेश गंझु व बारा ग्राम निवासी गुढू गंझु की घर तोड़फोड़ कर दिया साथ ही घर मे रखे अनाज व कई किसानों की फसल को रौंदकर बर्वाद कर दिया था। जिसकी जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने उक्त तीनो पीड़ित परिवार से मिलकर सम्बंधित विभाग से मुआवजा दिलाने के साथ साथ हर संभव मदद करने की बात कही। मौके पर समाजसेवी मो. माशूम, लवकुश सिंह, सिताराम लोहरा, कुणाल लोहरा, लुरका लोहरा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### पुलिस ने महुआ शराब को किया नष्ट

**बारियातू।** प्रभारी थानेदार दीपक नारायण सिंह व उत्पात विभाग के एसआई अभिषेक द्वारा शिबला पंचायत के पुरना शिबला में महुआ शराब व जावा महुआ को नष्ट किया गया। प्रभारी थानेदार दीपक ने बताया कि अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने को लेकर उत्पात विभाग के साथ लगातार अभियान चलाकर महुआ शराब व जावा महुआ को नष्ट किया जा रहा है। इसी क्रम में पुरना शिबला में दिले उरांव के यहां पचास लीटर महुआ शराब व जावा महुआ नष्ट किया गया। शराब नष्ट अभियान में बारियातू थाने से एएसआई द्वारिका नाथ पांडेय सहित कई सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे।

## बैद्यनाथ राम ने सांसद व दिशोम गुरु को दी जन्मदिन की बधाई

# गुरुजी ने अपने खून पसीने से सींचा है झारखंड : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता


दिशोम गुरु से आर्शीवाद लेते विधायक वैद्यनाथ राम।

**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरू सह राज्य सभा के सांसद शिबू सोरेन ने झारखंड राज्य को अपने खुन पसीने से सिंचने का काम किया है। अलग राज्य आंदोलन में अग्रणी भुमिका निभायी थी वहीं राज्य के मुख्यमंत्री रहते हुये उन्होने राज्य के विकास को आयाम व जहां के मुलवासियों को पहचान देने का काम किया था। उक्त बातें लातेहार झामुमो विधायक वैद्यनाथ राम ने बुधवार को दिशोम गुरू शिबु सोरेन के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कही। उन्होने आगें कहा कि गुरू जी झारखंड को सिंचा है और उनके पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य को संवारने का काम कर रहे है। विधायक कार्यकर्ताओं से उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लेने की बात कही। इस मौके पर इन्होने दिशोम गुरू से मुलाकात कर उन्हे जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान झामुमो कार्यकताओं ने जोशीले नारे लगा कर माहौल को खुशनुमा बना रखा था। हर व्यक्ति बधाई देने के साथ शिबू सोरेन के साथ सेल्फी लेने को उत्सुक दिखे। इस दौरान शिबू सोरेन ने कहा कि उनको जनता ने जो अपार स्नेह,प्यार और आशीर्वाद दिया है, उसके लिए वह सदैव सबके आभारी रहेंगे और अपना जीवन जनता की सेवा में लगाएंगे। मौके पर विधायक वसंत सोरेन, राजकुमार साहू, रंजीत कुमार, विकाश कुमार समेत पार्टी के कई वरिष्ट लोग मौजूद थे।

## राशन नहीं देने पर ग्रामीणों ने किया प्रखंड कार्यालय का घेराव, बीडीओ को सौंपा आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यालय का घेराव करते ग्रामीण।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बड़का बालूमाथ के ग्रामीणों ने बुधवार को डीलर द्वारा राशन नहीं दिए जाने के विरोध में प्रखंड कार्यालय का घेराव किया और बीडीओ को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपा। इस संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया की बड़का बालूमाथ के डीलर माला देवी( अशोक कुमार ) द्वारा वर्ष 2022 में नवंबर और दिसंबर का राशन ग्रामीणों के बीच नहीं बांटा गया है। जब बुधवार को हम सब ग्रामीण राशन लेने के लिए जन वितरण प्रणाली के दुकान में गए तो डीलर द्वारा कहा गया की दो महीने के बदले एक माह का राशन हम अभी देंगे। लेकिन आपलोग को जनवरी माह का राशन उठाव का अंगूठा लगाना होगा। ग्रामीणों का आरोप है कि डीलर द्वारा हमेशा इसी तरह किया जाता है राशन लेने का अंगूठा लगवा कर समय पर राशन नहीं दिया जाता है। वहीं सरकार द्वारा प्रति व्यक्ति 5 किलो राशन मुफ्त दिया जाता है लेकिन डीलर द्वारा राशन देने के नाम पर पैसे की अवैध उगाही की जाती है। दिए आवेदन में मुकेश पासवान, सरस्वती देवी, दीपक लोहरा, यशोदा देवी, प्रेम ठाकुर, सुमन सेवी, सुमंती देवी, पार्वती देवी, सरिता मसोमात, उषा देवी, मालती देवी, रेणु देवी, छोटू ठाकुर, आरती देवी, रिंकी देवी, उषा देवी सहित कई लोगो के हस्ताक्षर है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी आशीष रंजन ने बताया कि संबंधित डीलर को शोकॉज किया जाएगा और जिन जिन ग्रामीणों को नवंबर और दिसंबर का राशन डीलर द्वारा नहीं दिया गया है उन्हें मेरी उपस्थिति में डीलर से राशन दिलवाई जाएगी।

## उपायुक्त को आवेदन देकर दबंगों के पेड़ काटने पर कार्रवाई की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता


काटा गया पेड़।

**लातेहार।** मनिका प्रखंड निवासी शंकर पासवान ने उपायुक्त को आवेदन देकर अपनी रैयती प्लॉट में दबंगों के द्वारा पेड़ काटने को लेकर अविलंब कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया मनिका निवासी रंजीत प्रसाद मनिका निवासी के द्वारा तीन जनवारी को मेरा रैयती प्लॉट में बहुत पुराना चिलबिल का एक विशाल पेड़ था जिसे रात का फायदा उठाकर विशाल पेड़ को काट दिया। इसका शिकायत मैंने लिखित आवेदन वन विभाग को दिया। लेकिन अभी तक वन विभाग के द्वारा कोई करवाई नहीं हुआ। 9 जनवरी 2023 को जब मैं स्थल में गया तो रंजीत प्रसाद के द्वारा जेसीबी मशीन से जड़ को कबार कर हटा दिया। जब हमने उससे पूछा मेरा जमीन में जेसीबी से जड़ क्यों हटा रहे हो बस इतना ही पूछे जाने पर हम को धमकी देता है और कहता है कि हमें कुछ नहीं कर सकते हो और गाली गलौज करने लगा, इसके बाद मैने जिला उपायुक्त भोर सिंह को आवेदन देकर न्याय का गुहार कि मांग किया हूं। मामले को पुछे जाने पर रंजीत प्रसाद ने कहा कि मेरे द्वारा कोई पेड़ नहीं काटा गाया है। आपसी रंजीश के कारण हमें फंसाने के नियत से आरोप लगाया जा रहा है।

### 11 फरवरी को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बैठक


बैठक करते पदाधिकारी।

**लातेहार।** झालसा रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश लातेहार सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के निर्देशानुसार 11 फरवरी को आहूत राष्ट्रीय लोक अदालत को सफलता के क्रम में स्थाई लोक अदालत लातेहार के सदस्यगण डॉ. मुरारी झा एवं शकील अख्तर ने बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक लातेहार में शाखा के मुख्य प्रबंधक मनोज कुमार सिह की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्री–लीटिगेशन से संबंधित बैंक के ऋण धारियों के विरुद्ध जितने मामले है उन सभी का निष्पादन स्थाई लोक अदालत लातेहार के माध्यम से किया जायेगा। एसबीआई लातेहार शीघ्र सभी ऋणधारियों के विरुद्ध मामलों को स्थाई लोक अदालत लातेहार को प्रेषित करेगी एवं पीएलए एक्ट सभी मामलों में नोटिस निर्गत कर बैंक और ऋणधारियों के बीच समझौता के माध्यम से मामलों का निस्तारण करेगी। इस बैठक में स्थाई लोक अदालत लातेकार के सदस्यगण डॉ. मुरारी झा शकील अख्तर, ब्रांच कं मुख्य प्रबंधक मनोह कुमार सिंह, फील्ड ऑफिसर अनुराग कुमार, राजीव भगत उपस्थित रहेंगे।

### मनिका क्षेत्र में नारायण सेवा समिति ने किया गर्म वस्त्र का वितरण

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के राकींकला पंचायत अंतर्गत स्थित ग्राम नवाटोली और उरांवटोली में दिन बुधवार को नारायण सेवा समिति ट्रस्ट के द्वारा बढ़ती हुई ठंड के मौसम से बचाव हेतु गांव के गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म वस्त्र वितरण करने का काम किया गया। आपको बताते चलें कि नारायण सेवा समिति ट्रस्ट के द्वारा क्षेत्र में लगातार गरीबों को मदद करने का काम किया जा रहा है। मौके पर नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है,हम सभी को गरीबों की मदद के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है। आज भी हमारे सुदूरवर्ती क्षेत्र में बच्चों को सही से शिक्षा नहीं मिल पा रही है,गांव के बच्चे,युवा वर्ग के लोग नशा और जुआ खेल कर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव गांव जाकर लोगों को मदद करने के साथ साथ शिक्षा, नशा मुक्ति और जुआ के प्रति जागरूक करना ही हमारा लक्ष्य है। मौके पर सत्येंद्र प्रसाद उर्फ संतु, राजू उरांव, लल्लू उरांव, विष्णु देव,गेंदा उरांव, सिरकिशुन उरांव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

➲ **समिति के अध्यक्ष ने कहा- नर सेवा ही नारायण सेवा, सभी बढ़-चढ़ कर भाग लें**

### मलेरिया, टीबी व लेप्रोरोसी को लेकर सहिया को दिया गया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण लेतीं सहिया।

**बारियातू।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारियातू मे मलेरिया, टीबी व लिपरोसी को लेकर एकीकृत प्रखंड बालूमाथ, बारियातू व हेरहंज के सहिया को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मे मुख्य रूप से राज्य समन्यवक डॉ. सिद्धार्थ विश्वाल, काशीनाथ चक्रवर्ती राज्य सिबीआर समन्यवक, निशांत कुमार डीपीसी, जिला मलेरिया विभाग से आर्यन व डॉ पंकज कुमार ने उपस्थित सहियाओं को टीवी रोग के संबंध मे बताया की एक सप्ताह से अधिक खांसी हो या खांसते समय मुंह से खून आए, वजन घटने, सांस लेने मे पारेशनी होने पर खखार जांच करवाने के संबंध मे जानकारी दिया गया। साथ ही मलेरिया के संबंध मे बताया कि ठंड लगकर व छोड़–छोड़ बुखार आने पर मलेरिया का लक्षण हो सकता है। लिपरोसी यानि फलेरिया, एक हाथी का पैर जैसा मोटापा से फलेरिया का लक्षण हो सकता है। वैसे वैसे लोगों को चिन्हित करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे जांच करवाने के सम्बन्ध मे जानकारी दी गईं। वहीं प्रशिक्षण मे बताया की मलेरिया व फलेरिया मच्छर काटने से इन्फेक्शन के वजह से बढ़ता है। वहीं सहिया को कार्य करने व स्वास्थ्य संबंधी कई तरह के महत्वपूर्ण जानकारी दिए।

## महुआडांड़ में निकाली गयी भारत जोड़ो यात्रा, कांग्रेस नेताओं में उत्साह

# गांव-पंचायत के लोगो को जोड़ना है उद्देश्य : धीरज साहू

खबर मन्त्र संवाददाता


यात्रा में उपस्थित कांग्रेसी।

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में कांग्रेस कार्यकर्ता भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई। इस भारत जोड़ो यात्रा में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह एवं राज्यसभा सांसद धीरज साहू महुआडांड़ पहुंचे एवं महुआडांड़ बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर यात्रा की शुरूआत की गई। विधायक रामचंद्र सिंह एवं राज्यसभा सांसद धीरज साहू को पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। यात्रा बिरसा चौक से मुख्य सड़क रामपुर कटहल मोड़ होते हुए शास्त्री चौक पहुंची। इस दौरान यात्रा में पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं का उत्साह भी बहुत देखने को मिला। विधायक ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की जरूरत इसलिए जरूरत पड़ी कि महंगाई के कारण घर टूट रहे थे। नफरत के कारण समाज टूट रहा था और बेरोजगारी के कारण लोग अपने मां-बाप को छोड़ रहे थे। इस कारण भारत को जोड़ने के लिए कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की है। सभी को एक साथ जोड़ कर रखा जाए तभी समाज में आपसी सौहार्द और मजबूती बनी रह सकती है। इस कार्यक्रम को पूरी तरह से पंचायतों तक ले जाना हमारा उद्देश्य है। हमारा उद्देश्य है कि राज्य के पंचायतों में पहुंचकर हम लोगों के साथ रिश्ता जोड़े और जिस तरह का डर का माहौल केंद्र सरकार ने बनाने का काम किया है, उसको हम लोगों के जहन से निकालने का काम करेंगे। मौके में उप प्रमुख अभय मिंज, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इस्तेखार अहमद, रामनरेश ठाकुर, रानू खान वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर डीएसपी राजेश कुजूर, एसडीओ नीत निखिल सुरीन, थाना प्रभारी आशुतोष यादव एवं मौके पर पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर मौजूद थे।

## एक नजर में

### सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत गांधी इंटर कॉलेज में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम


शपथ लेते बच्चे।

**लातेहार।** सड़क सुरक्षा उपायुक्त, लातेहार भोर सिंह यादव के आदेशानुसार गांधी इटर कॉलेज लातेहार में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूल बच्चों के बीच सुरक्षा से बचाव के बारे मे बतलाया गया। साथ ही सड़क दुर्घटना को कैसे रोका जाये अथवा कम किया जा सके इसकी भी जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा टीम के सदस्यों के द्वारा विद्यार्थियों को अपने–अपने परिवार में हेलमेट के महत्व की चर्चा करने को कहा गया। थोड़ी सी चूक के कारण होने वाली दुर्घटना से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया जाये ताकि भविष्य में विद्यार्थी ऐसी गलती न करें। 2022 में सड़क दुर्घटना के आंकड़े एवं दुर्घटना के कारण के बारे में बताते हुए उन्हें जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी, संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य गांधी इटर कॉलेज दशरथ साहू, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक तनवीर हुसैन, आरईए ऋषि राज और आईटी असिस्टेंट राजेश प्रसाद शामिल थे।

### शिव मंदिर के समीप पीएचडी विभाग से लगाया गया जलमीनार एक वर्ष से खराब, ग्रामीण परेशान

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के टोटी पंचायत अंतर्गत हेसला शिव मन्दिर के समीप पीएचडी विभाग से लगाए गए जलमिनार पिछले एक वर्ष से खराब रहने के कारण ग्रामीण परेशान है। ग्रामीण अनिल प्रसाद, विजय प्रसाद, खुशीयाल साव, सुखसागर कुमार, लखन साव, प्रमोद विश्वकर्मा, कृष्णा मिस्त्री, आदर्श कुमार, नरेश साव, कमल साव, जितेन्द्र कुमार, सहदेव साव, नेमधारी साव, सहित अन्य लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि हेसला शिव मन्दिर के आस–पास लगभग पच्चास घरों को पेयजल सेवा आपूर्ति के लिए 2019–20 में पीएचडी विभाग से जल मीनार लगाया गया था। परन्तु एक वर्ष पूर्व खराब हो गया। जिससे हम सभी ग्रामीणों को पेयजल सहित अन्य कार्यों के लिए काफी परेशानी हो रही है। पीएचडी विभाग व स्थानीय मुखिया को जलमिनार बनवाने को कहा गया पर किसी ने पहल नहीं किया। इस संबंध में पीएचडी विभाग के जेईई बिरेंद्र सिंह ने बताया कि खराब जलमिनार को अविलंब बनवाया जायेगा। वहीं टोटी हेसला के ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव से जलमिनार बनवाने की मांग किया है।

### मनिका प्रखंड की जुंगूर पंचायत में मुखिया ने निजी खर्च से करवायी कच्ची सड़क की मरम्मत


जेसीबी में के माध्यम से सड़क की मरम्मत का कार्य करवाते लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के जुंगूर पंचायत में पंचायत के मुखिया देवेंद्र कुमार कुजूर के द्वारा अपने निजी खर्च से दिन गुरुवार को जेसीबी मशीन के माध्यम से जुंगूर गांव से होते हुए ज्ञानचंद उरांव के घर से लेकर मसना घाट तक लगभग 2 किलोमीटर कच्ची सड़क का मरम्मत का कार्य करवाया गया। मौके पर मुखिया देवेंद्र कुमार कुजूर ने कहा कि मसना घाट तक जाने वाली इस सड़क की महीनों पूर्व से बहुत ही दयनीय स्थिति थी। जिस कारणवश इस सड़क पर आवागमन करने वाले वाहनों एवं ग्रामीणों को काफी दिक्कत होती थी। लोगों की समस्याओं को देखते हुए आज सड़क का मरम्मत का कार्य करवाया गया है ताकि लोगों को सड़क पर आवागमन के लिए सुविधा मिल सके। वहीं सड़क का मरम्मत का कार्य करवाने पर आसपास रहने वाले लोगों ने मुखिया का आभार व्यक्त किया। मौके पर राकेश उरांव, संदीप उरांव, संतोष उरांव, ज्ञानचंद उरांव, तेतर उरांव, जयपाल उरांव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### विद्युत विभाग के कनीय अभियंता ने सौ यूनिट फ्री विजली को लेकर किया जागरूक


बिजली कनेक्शन की जांच करते विद्युत कर्मी।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत सिबला पंचायत के भाटचतरा, टोंटी हेंसला व सिबला सहित अन्य गांवो मे विद्युत विभाग के कनीय अभियंता ने विजली कनेक्शन जांच कर सरकार द्वारा सौ यूनिट फ्री विजली को लेकर जागरूक किया। कनेक्शन जांच के संबंध में जानकारी देते हुए कनीय अभियंता संतोष कुमार मंडल ने बताया की बारियातू प्रखंड के टोंटी, भाटचतरा व सिबला सहित अन्य गाँवो मे विजली उपभोक्ताओं का कनेक्शन जांच कर सरकार द्वारा सौ यूनिट फ्री विजली देने के सम्बन्ध मे भी जानकारी दी जा रही है। वहीं ग्रामीणों को अपने अपने घरों मे मीटर लगाने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर रुपनारायण, गुप्तानाथ यादव, रिंकेश कुमार, जितेंद्र यादव,नीरज कुमार शर्मा, अशोक उरांव मौजूद थे।

### झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री और विपक्षी दल के नेता बाबूलाल मरांडी के जन्मदिवस पर दी गयी बधाई


मिठाई खिलाकर बधाई देते लोग।

**लातेहार।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री और विपक्षी दल के नेता बाबूलाल मरांडी के जन्मदिवस के अवसर पर स्थानीय समाजसेवियों ने बधाई दी है। लातेहार के प्रसिद्ध व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता मोती प्रसाद सोनी ने बाबूलाल मरांडी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना की। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य को नई दिशा देने में और समाज को सही रास्ते पर ले जाने में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी हमेशा ही अग्रणी रहे हैं। इन्होंने हमेशा समाज की भलाई की राजनीति की है। वर्तमान की राजनीति व्यवस्था के बीच बाबूलाल मरांडी सकारात्मक राजनीति के एक मिसाल हैं। वर्तमान समय में ऐसे ही राजनीतिज्ञ की जरूरत है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार शौंडिक ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर कई अन्य लोगों ने भी श्री मरांडी के जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी।

## भाजपा की जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न, झारखंड प्रदेश प्रभारी व राजसभा सदस्य लक्ष्मीकांत बाजपेयी हुए सम्मिलित

# संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करें : वाजपेयी

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित गणयमान्य।

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के अध्यक्षता में जिला कार्यसमिति की बैठक होटल द ब्लिस में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश प्रभारी सह राजसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई ने महापुरुषों के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पांजलि एवं वंदे मातरम गीत से प्रारंभ हुआ तथा मुख्य अतिथि लक्ष्मीकांत बाजपेई को पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के द्वारा स्वागत भाषण एवं सांगठनिक विषय प्रवेश किया गया। वहीं श्री बाजपेई ने कहा कि संगठन को सशक्त एवं मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों को पहुंचाने का कार्य करें। प्रधानमंत्री के द्वारा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाई जा रही है। उसकी चर्चायें आम लोगों में किया जाए। ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू एवं जिला महामंत्री विष्णु देव प्रसाद गुप्ता के द्वारा मुख्य अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं मोर्चा के पदाधिकारियों के द्वारा सामूहिक रूप से स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पंकज सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री बंसी यादव ने किया। मनिका दोमुहान के पास दुर्घटना में दिवंगत हुए तीनों कार्यकताओं के आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई।

**कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित गणयमान्य**

झारखंड प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, पूर्व विधायक प्रकाश राम, लाल कौशल नाथ शाहदेव, राजधानी प्रसाद यादव, अवधेश सिंह चेरो, अमित लाल, अध्यक्ष जिला परिषद पूनम देवी, अध्यक्ष नगर पंचायत सीतामणि तिर्की समेत पुरे जिले के भाजपाई मौजूद थे।

# गुरुजी के जन्मदिन को झामुमो ने केक काटकर एवं कंबल वितरण कर मनाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**टुण्डी।** बुधवार को टुण्डी विधानसभा के पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना स्थित तिर्थस्थल तुल्य पोखरिया शिबू सोरेन आश्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 79वां जन्म दिवस कार्यक्रम बतौर मुख्य रूप से उपस्थित रमेश टुडू के नेतृत्व में आश्रम में उपस्थित सभी परिवारजनों के साथ आश्रम परिसर में बच्चों के हाथों गुरु जी के छायाचित्र के समक्ष केक काट कर हर्षोल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाया। वहीं आश्रम परिवार में कम्बल वितरित किया। मौके पर विशिष्ट रूप से रतिलाल टुडू, वरिष्ठ नेता झा०मु०मो० उपस्थित रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री रमेश टुडू जी ने कहा कि शिबू सोरेन आश्रम का सौंदर्यीकरण के लिए राज्य सरकार सतत प्रयासरत है।



गरिब गुर्बा, मजदूर किसान, शोषित पीड़ित और दलितों के लिए गुरु जी के संघर्ष और पुरानी यादें संजोए रखने के लिए आश्रम का जिर्णोद्धार होना प्रस्तावित है। झारखण्ड राज्य के सर्वोच्च आदिवासी संथाल नेता 'दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी' ने महाजनी कुप्रथा, नशा उन्मूलन, समाज सुधार और शिक्षा के लिए व्यापक अभियान इसी आश्रम में रहकर शुरूआत की थी जो पुरे समाज के लोगों को जागरूक और अभिप्रेरित किया । आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी ने हम वंचित लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया जिसके बुते आज हमलोग उन्हीं के बताए मार्ग पर चलकर अपना हक अधिकार लेने में सक्षम हुए हैं। शिबू सोरेन जी ने अपना पूरा जीवन झारखंडियों के उत्थान में लगाया। उन्होंने अलग राज्य आंदोलन के साथ-साथ महाजनी प्रथा और सूदखोरी को खत्म करने के लिए अभियान चलाया जिसके बाबत दिशोम गुरु ने वर्षों जंगल की खाक छानी और कई दफा जेल गए। आज अलग राज्य की आबोहवा में आदिवासी मूलवासीओं का जीवन निर्वाह उन्हीं का देन है, ऐसे महान विभूति को मैं नमन करता हुँ। बाबा आप दिघार्यु हो मरांगबुरू से आपके सदैव उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोलिन बास्की, हेमंत कुमार सोरेन, लखीन्द्र हाँसदा, मैनेजर हेम्ब्रम, सुरेन्द्र चौहान, नूनी बास्की, मंगल हेम्ब्रम, नित्यानंद पाण्डेय, अब्दुल रशीद, शाजिद अंसारी, संतोष सिंह, संतोष महतो, शिवनारायण किस्कू, गणेश मराण्डी, संजय मंडल, रौनक सिन्हा, नसिम अंसारी, आतिष साव, राजू कोल, मेघनाथ, भोला भुईयां, छोटू, कृष्णा आदि मौजूद रहे।

## झामुमो सिंदरी कार्यालय में मना झामुमो प्रमुख का जन्मदिन

**सिन्दरी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 79वां जन्मदिन सिंदरी के युवा नेता रामु मंडल के नेतृत्व में रोहड़ाबाँध स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा सिन्दरी कार्यालय में झामुमो के लोगो से बने केक काटकर हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

इस मौके पर वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं ने दिशोम गुरु के दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना भी की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से परशुराम सिंह, देवेन मंडल, अशोक महतो, चमकलाल सिंह, दिवास बेहरा, जगदीश हाँसदा, नाजु सिंह, विश्वजीत सिंह, विनय मंडल, तपन बाउरी, सचितानंद मुंडा, मुकेश गोराई, अजय कालिंदी, विजय रवानी, मोतीलाल मुर्मू, सुजीत मुर्मू, विकास मंडल, संतोष सिंह, शुभंकर मंडल, आनंद मंडल, बलराम मंडल सहित कई झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए।



# चलकरी में शिबू सोरेन का जन्मदिन मिठाई बांटकर मनाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बुधवार को चलकरी में दिशोम गुरू शिबू सोरेन का जन्मदिन झारखंड आंदोलनकारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर मनाया और उनके दीघार्यु होने की कामना की। मौके पर झामुमो के वरीय नेता काशीनाथ केवट ने कहा कि चलकरी के लोग शिबू सोरेन को नहीं भूल सकते, क्योंकि चलकरी वासियों पर शिबू सोरेन का बहुत बड़ा उपकार है। उन्होने कहा कि 70 के दशक में चलकरी व झुंझको में ग्रामवासियों के अधीनस्थ प्राईवेट कोयला खदान लीज पर चला करता था। एक व्यवस्था के तहत कोऑपरेटिव और छोटे छोटे समूह बनाकर ग्रामीणों द्वारा कोयला खदानों को संचालित करना और कोयले का रेजिंग व बिक्री किया जाता था। उस समय धनबाद के सूर्यदेव सिंह, केपी सिंह, सीडी सिंह आदि बड़े कोयला माफियाओं की गिद्ध दृष्टि इसमें पड़ी थी और अपने ही जमीन पर मिलजुलकर चला रहे कोयला खदानों को ग्रमीणों के हाथ से इन माफियाओं नें गुंडों के बल पर छीन लिया था और गुंडागर्दी का आलम ऐसा कि गांववालों को खदान तरफ जाना भी दुश्वार हो गया था। माफियाओं के गुंडे अपने को लोहा सिंह, चट्टान सिंह, उठापटक सिंह कहते थे। आतंक इतना कि ग्रामवासियों का इज्जत अस्मत पर संकट आ गया था। ऐसे संकट से त्राण पाने के लिए चलकरी के बाशिन्दों ने बेरमो बोकारो में अवस्थित सभी बड़े नेताओं अर्थात बिन्देश्वरी दुबे से लेकर सभी नामी गिरामी नेताओं से आरजू मिन्नतें की थी लेकिन किसी ने साथ नहीं दिया। कहा कि अंत में लोगों नें शिबू सोरेन से संपर्क साधा। शिबू सोरेन दूसरे ही दिन चलकरी आए तथा स्कूल मैदान में एक बड़ी सभा किये थे। दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने उसी सभा से ऐलान किया था कि माफियाई गुंडे आज रात तक भाग सके तो भाग जाएँ अन्यथा कल सबों को खदेड़ दिया जाएगा। लेकिन इन गाँवों में आतंक के पर्याय बने ये मनबढु गुंडे नही भागे और उल्टे पुटुस जिला कहकर उपहास उड़ाया। दूसरे दिन लालू सोरेन व रामू सोरेन के नेतृत्व में जुलूस निकला और कोलियरी स्थल पर पहुँचकर गुंडों की खूब पिटाई की गई थी। कितनों का हाथ पैर तोड़कर दामोदर नदी पार कर दिया गया था। चलकरी और आसपास के गाँवों के लोग उस रात में दिया जलाकर खुशी का इजहार किया था। कहा कि ऐसे सैकड़ों उदाहरण है। समरोह की अध्यक्षता माले नेता पंचानन मंडल और संचालन राजेश गिरी ने किया। आंदोलनकारी जनक प्रसाद भगत ने कहा कि आज के समय में तमाम तरह के लोग जुड़ गए लेकिन झारखंड आंदोलन के समय हम ग्रामीणों ने जोरदार संघर्ष किया है।

# डीपीएस बोकारो को मिला 7 स्टॉर रेटिंग अवार्ड



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित चौथे सम्मेलन के दौरान ग्रीन स्कूल इनीशिएटिव की विशेष कैटेगरी में कुल 1975 विद्यालयों में झारखंड से अकेले डीपीएस बोकारो को 7 स्टार रेटिंग और ए-ट्रिपल प्लस की ग्रेडिंग मिली। विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए. एस. गंगवार ने सम्मेलन की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के हाथों यह पुरस्कार ग्रहण किया। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, एनसीईआरटी के पूर्व निदेशक ऋषिकेश सेनापति, सीबीएसई के निदेशक जी. बालासुब्रमण्यम एवं उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. जीसी त्रिपाठी, राज्य महिला आयोग (उ.प्र.) की सदस्य संगीता तिवारी सहित अन्य गणमान्य जनों की विशेष उपस्थिति रही।

## राजगंज बन सकता है 265वां प्रखंड

**धनबाद।** राजगंज को प्रखंड बनाने के लिए पिछले कई वर्षों से विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के द्वारा और विभिन्न संगठनों के द्वारा आंदोलन अनवरत जारी था। उपरोक्त मामले को लेकर दिनांक 10 जनवरी 2023 को जदयू बाघमारा प्रखंड के द्वारा बाघमारा प्रखंड कार्यालय का घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया गया। जो मांग पत्र बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया था उसमें राजगंज को प्रखंड बनाने की मांग भी जदयू कमेटी बाघमारा के द्वारा की गई थी। सूत्रों की मानें तो 18 पंचायतों को काटकर राजगंज को 265 वां प्रखंड का दर्जा जल्द ही मिल सकता है। बताते चलें कि बाघमारा प्रखंड कार्यालय के द्वारा राधानगर और राजगंज को प्रखंड बनाने का रिपोर्ट जिला में भेज दिया गया है। रिपोर्ट का जिला में जिला की बैठक में अनुमोदन के बाद राज्य सरकार एवं गृह विभाग को भेजा जाएगा।

# बीएसएल में परफॉरमेंस इंप्रूवमेंट वर्कशॉप का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के एच आर डी सेंटर में संयंत्र के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों के लिए मिशन 85000 टन प्रति माह सीआरएम-3 के पीएलटीसीएम से विषय पर परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें ईडी बी के तिवारी, कार्यकारी सीजीएम अखौरी अशोक कुमार, जीएम बी के सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।बी के तिवारी ने बोकारो प्लांट के लिए कोल्ड रोल्ड प्रोडक्ट की महत्ता पर चर्चा की तथा 85000 टन उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने हेतु इस वर्कशॉप को बहुत ही उपयोगी बताया। श्री अखौरी ने सभी प्रतिभागियो से लक्ष्य को हासिल करने के लिए उपयुक्त सुझाव देने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन तथा प्रोग्राम ब्रीफिंग वरीय प्रबंधक (मा.सं.वि.)जी के सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन जीएम बी एन त्रिपाठी ने किया।

## पेपर रिसाइक्लिंग व सोलर पैनल सहित कई कारगर पहल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** प्राचार्य डॉ. गंगवार ने कहा कि डीपीएस बोकारो ने अपने गो ग्रीन इनीशिएटिव के तहत प्रकृति से बच्चों को जोड़े रखने तथा ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई अनूठी व कारगर पहल की है। यहां रद्दी कागज को रीसाइकिल कर पुनः उपयोग के लायक बनाने के लिए पेपर रीसाइक्लिंग यूनिट, सौर-ऊर्जा से संचालित सोलर पैनल सिस्टम, औषधीय पौधों की चरक वाटिका, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, महापुरुषों के नाम पर पौधशाला आदि की स्थापना की गई है। विद्यार्थियों के लिए ग्रीन आई कार्ड, विभिन्न अवसरों पर अतिथियों के लिए फल-सब्जियों के बीज वाले विशेष ग्रीन कार्ड उपलब्ध कराने के साथ-साथ पौधे भेंट कर अतिथियों का ग्रीन वेलकम करने की परंपरा भी विगत कई वर्षों से निभाई जा रही है।

# कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस : उप विकास आयुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक की गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि मुख्य समारोह पूर्व की भांति गोल्फ ग्राउंड में आयोजित होगा। जिसमें परेड और भव्य झांकी की व्यवस्था होगी। उन्होंने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को गणतंत्र दिवस से संबंधित तैयारियों को लेकर जरूरी दिशा - निर्देश दिए। सभी विभागों को झांकी में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को परदर्शित करने को कहा। परेड की सारी व्यवस्था वरीय पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में किया जाएगा।परेड का पूर्वाभ्यास 20 जनवरी से 24 जनवरी तक किया जाएगा। परेड में कोलफील्ड स्कूल की बैंड पार्टी भाग लेंगे। परेड समारोह में डीएपी के 2 प्लाटुन, जैप का एक प्लाटुन, एनसीसी का एक प्लाटुन, आरपीएसएफ का एक प्लाटुन, भारतीय स्काउट एवं गाइड का एक प्लाटुन, सीआईएसफ धनबाद के दो प्लाटुन, सीआरपीएफ का एक प्लाटुन और होमगार्ड का एक प्लाटुन शामिल होंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान समाजिक दूरी का विशेष रूप से ध्यान रखने, अनिवार्य रूप से मास्क लगाने, समारोह स्थल का विशेष रूप से स्वच्छिकरण कराने, भीड़ भाड़ न करने और संवेदनशील व्यक्तियों का विशेष रूप से ध्यान रखने का निर्देश दिया गया।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को उपायुक्त ने किया रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह ने आज समाहरणालय परिसर से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ को हरी झंडी दिखाने के बाद उपायुक्त ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 11 जनवरी से 17 जनवरी 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में आज जागरुकता रथ को रवाना किया गया। यह 17 जनवरी तक जिले के विभिन्न प्रखंड एवं पंचायत में भ्रमण कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करेगा। इसके अलावा 12 जनवरी को सभी विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। 13 जनवरी को भारी वाहनों के चालक एवं कंडक्टरों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें विशेषकर उनके नेत्रों की जांच की जाएगी।

## पेंशन की आस में वृद्धा कई महीनों से लगा रही है बैंक की दौड़

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया थानाक्षेत्र अंतर्गत होसिर की रहने वाली तारा देवी, शांति देवी आदि लाचार वृद्ध महिलाओं को इन दिनों बैंक से पैसे की जगह मायूसी ही मिल रही है। बैंक के द्वारा इन महिलाओं को बैंक खाता बंद होने का हवाला दिया जा रहा है। इस संबंध में 70 वर्षीय वृद्धा तारा देवी ने बताया कि वे हृदय रोग से ग्रसित है। पति की मृत्यु कई वर्ष पूर्व हो चुकी है। पुत्र दिहाड़ी मजदूर है। सरकार की तरफ से मिलने वाली पेंशन की राशि से वह अपना किसी तरह दवा की व्यवस्था करती है। इधर कई महीनों से पेंशन की जगह बैंक में उसे मायूसी ही मिल रही है। बैंक से जानकारी मिलती है कि उनका खाता बंद हो गया है। खाता चालू कराने के लिए उन्होंने कई बार बैंक में आवेदन दिया भी, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिलता आया है। उन्होंने बताया कि पैसे के अभाव में खाने के लाले पड़ गए है।

# सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी का 356वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मना

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविन्द सिंह जी का 356 वां प्रकाश पर्व बुधवार को सरसापहाड़ी स्थित गुरु नानक मिसन स्कूल प्रांगण में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दरबार साहिब अमृतसर से पहुंचे हजूरी रागी जत्था भाई सुखजीत सिंह ने शबद कीर्तन से सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं दरबार साहिब अमृतसर से आए कथा वाचक भाई हरप्रीत सिंह ने गुरु गोविंद सिंह जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को बताया कि किस तरह से गुरु गोविंद सिंह ने मानवता और धर्म के लिए अपना सरवंश दान कर दिया। कहा कि जरूरत है आज की युवा पीढ़ी जो धर्म से दूर होती जा रही है गुरु गोविंद सिंह के इतिहास को जाने और उनके आदर्शो पर चलने का प्रण करें। प्रकाश पर्व में पहुंचे पूर्व विधायक अरूप चटर्जी को प्रबंधक कमेटी के प्रधान निर्मल सिंह ने सिरोपा देकर उनका अभिनंदन किया। कुमारधुबी, चिरकुंडा, पंचेत, मुगमा, निरसा, मैथन, कुल्टी, बराकर, बर्नपुर आदि क्षेत्र से हजारो की संख्या में श्रद्धालु प्रकाश पर्व में पहुंचे। प्रकाश पर्व के अवसर पर लंगर का आयोजन किया गया जिसे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात नौ बजे से गुरु नानक मिसन स्कूल प्रांगण में दीवान सजाया जाएगा। दीवान में रागी जत्था सुखजीत सिंह और कथावाचक हरप्रीत सिंह द्वारा शबद कीर्तन और कथा का पाठ किया। प्रकाश पर्व के सफल आयोजन में कुमारधुबी गुरुद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी,स्त्री सत्संग एवं समूह सिख संगत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## एक नजर में

### गरीब मजदूरों की आवाज को दबने नहीं देगे : संतोष

**केंदुआ।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गंसाडीह 4 नंबर बस्ती में 43 घरो को अतिक्रमण मुक्त करने के दौरान दो घरो को तोड़े जाने की सुचना के बाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह केंदुआ करकेंन्द के नगर अध्यक्ष जयप्रकास चौहान अनु पासवान अपने समर्थको के साथ गंसाडीह 4 नंबर बस्ती पहुँचे। वहां के लोगों से मिलकर जिला प्रशासन और बीसीसीएल द्वारा किए गए इस करवाई की घोर निंदा की. और कहा कि यहां पर रह रहे सभी लोगों को पहले सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास करें इसके बाद उनके घरों को ध्वस्त करें.नहीं तो मैं और मेरे पार्टी के लोग यहाँ के लोगो के साथ मिलकर इसका विरोध करेंगे। कांग्रेस सरकार गरीबों के हित के लिए काम करती है. भाजपा मानसिकता के लोग कांग्रेस और जे एम एम सरकार को बदनाम करने का काम कर रही है।यहां गरीबों का घर तोड़ा जा रहा है और सांसद विधायक मौन है।

### एनएसयूआइ ने की प्राचार्य से की शिष्टाचार मुलाकात

**धनबाद।** बुधवार को आरएसपी कॉलेज में उपाध्यक्ष संजय तिवारी के नेतृत्व में आरएसपी कॉलेज के प्राचार्य से शिष्टाचार मुलाकात की गई। मुलाकात के दौरान जूलॉजी तथा बॉटनी के शिक्षक की कमी पर बात की गई एंव शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की गई। और नियमित कक्षा संचालन कराने की बात कही गई जिसमें कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि जल्द ही नियमित रूप से सभी कक्षाएं संचालित की जाएगी तथा जल्द से जल्द जूलॉजी तथा बॉटनी के शिक्षकों की कमी का समाधान किया जाएगा। साथ ही दर्जनों छात्र छात्राएं एनएसयूआई के कार्य से प्रेरित होकर के एनएसयूआई परिवार में शामिल हुए।शामिल हुए छात्र-छात्राओं में मुस्कान, मुस्कान कुमारी, सूरज कुमार, रौनक कुमार,राहुल कुमार, बंटी कुमार इत्यादि मौके पर मौजूद कमेटी उपाध्यक्ष संजय तिवारी, महासचिव में आशिक अंसारी, मोहित कुमार, शिवम कुमार, सचिव में राजीव, मयंक मीडिया प्रभारी सनी कुमार मौजूद थे।

### गोधर मटकुरिया मेन रोड पर स्ट्रीट लाइट बंद

**धनबाद।** गोधर से मटकुरिया बैंक मोड़ जाने के क्रम में निगम के द्वारा जो स्ट्रीट लाइट लगाई गई है लाइट काफी दिनों से खराब रहने के कारण बंद है। जिसके कारण प्रत्येक दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। लाइट बंद रहने के कारण और धुंध के कारण डिवाइडर लोगों को नजर नहीं आ रहा है। कई बार दुर्घटनाएं घट भी चुकी है । निगम के अधिकारी भी आंख पर चश्मा लगाकर पड़े हुए हैं। सब कुछ देखते हुए भी अधिकारी लाइट ठीक कराने की दिशा में कोई पहल नहीं कर रहे हैं। अगर विभाग के द्वारा जल्दी लाइट ठीक नहीं कराया गया तो आने वाले समय में बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### सेल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय सचिव बने रमेश पांडे

**धनबाद।** बुधवार को धनबाद क्रिस्टल होटल में सेल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा का स्वागत कार्यक्रम किया गया। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा ने सेल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय संरक्षक एवं राष्ट्रीय सचिव रमेश पांडे को मनोनीत किया। रमेश पांडे ने सेल्यूट तिरंगा के अध्यक्ष राजेश झा को धन्यवाद दिया। साथ ही सेल्यूट तिरंगा के वरीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजन चौधरी को धन्यवाद किया। साथ ही इस कार्यक्रम में उपस्थित बॉबी पांडे को धन्यवाद दिया। श्री पांडे ने बताया कि सेल्यूट तिरंगा में राष्ट्रीय हित के लिए आगे बढ़ चढ़कर पूरे भारत में काम करेंगे। युवाओं को संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगे संघे शक्ति कलियुगे।

### मरीजों के बीच फल का वितरण

धनबाद। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने सदर अस्पताल में रोगियों को फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश कुमार राही, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, उपाध्यक्ष संजय झा, वीरेंद्र हांसदा, मानस प्रसून, मिल्टन पार्थ सारथी, भीम दे, पंकज मंडल, नरेंद्र त्रिवेदी, उमेश सिंह, श्रवण झा, मनोज यादव, अमरजीत कुमार जयंती सिंह चौधरी, रामप्रसाद महतो, रोशन टुडू में शामिल थे।

### सर्वधर्म सामूहिक विवाह के भूमि पूजन में शामिल हुए विजय

**धनबाद।** पूर्व बियाडा अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय कुमार झा ने धनबाद के गोल्फ ग्राउंड मैदान स्थित सर्वधर्म सामुहिक विवाह समिति की ओर से नौवां वार्षिक समारोह आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर समिति सदस्यों संग पूजा अर्चना कर आरती की साथ ही उपस्थित गणमान्य जनों के बीच नारियल फोड़कर कार्यक्रम का आगाज करते हुए समस्त 121 वैवाहिक जोड़ों के बीच विवाह हेतु वस्त्र एवं अन्य वैवाहिक वस्तुओं की वितरण की। मौके पर प्रदीप सिंह, दिलीप सिंह,दीपक पोद्दार, विभुति कुमार, सीके सिंह, राजेन्द्र वर्मा, प्रदीप अग्रवाल,एसके गुप्ता, अजय तिवारी, राजीव रंजन मिश्रा,नीतू तिवारी,रमा सिन्हा, सुषमा सिंह एवं अन्य सैंकड़ों गणमान्य व वैवाहिक जोड़ों के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**बेरमो /तेनुघाट।** तेनुघाट अधिवक्ता संघ के सदस्यों के द्वारा पिछले 6 जनवरी से न्यायिक शुल्कों में अप्रत्याशित वृध्दि को लेकर न्यायिक कार्यों से अलग रखा जा रहा है ' जिसे लेकर अधिवक्ता संघ के सदस्यों के द्वारा संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा एवं महासचिव वकील प्रसाद महतो की अगुवाई में माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, माननीय मुख्य न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय एव न्यायाधीश प्रभारी बेरमो तेनुघाट के नाम का ज्ञापन अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो को सौंपा गया ' ज्ञापन में कहा गया कि बार काउंसिल रांची के निर्देश पर राज्य भर के लगभग 35,000 अधिवक्ता सरकार के द्वारा न्यायिक शुल्कों में अप्रत्याशित वृद्धि को लेकर आंदोलनरत है, साथ ही अधिवक्ताओं के हित के निम्नलिखित मांगों के आंदोलन का हिस्सा है ' जिस पर सरकार अविलंब गंभीरता पूर्वक विचार कर आवश्यक निर्णय ले ' अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में न्यायिक शुल्क में अप्रत्याशित वृद्धि संबंधी विधेयक अविलंब सरकार वापस ले, राज्य के अधिवक्ताओं के हित में अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करें, राज्य सरकार अन्य राज्यों की भांति झारखंड प्रदेश के अधिवक्ताओं के हित में वार्षिक बजट में कम से कम 10 करोड़ का प्रावधान करें, राज्य के सभी अधिवक्ताओं के हित में जीवन सुरक्षा बीमा एव मृत्यु लाभ योजना के अंतर्गत कम से कम 10 लाख रुपए भुगतान की व्यवस्था करें।

### झरिया भाजपा ने फूंका झमाडा प्रबंधन का पुतला

**झरिया।** भाजपा झरिया नगर के तत्वाधान में झरिया शहर में बद से बदतर होती जा रही जलापूर्ति की समस्याओं के समाधान के लिए झरिया अंचल के जमाडा कार्यालय के समक्ष नगर अध्यक्ष अरुण साव की अध्यक्षता में जोरदार प्रदर्शन किया गया। वर्तमान व्यवस्था के खिलाफ पुतला दहन करके चेतावनी और विरोध दर्ज कराई गई। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने एक स्वर में जमाडा प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अविलंब झरिया शहर की जलापूर्ति की व्यवस्था में गुणात्मक सुधार नहीं आता है तो भाजपा इस मुद्दे को लेकर जनता के साथ सड़क पर उतरेगी और जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होगी। वर्तमान सत्ता पक्ष के विधायक पूर्णिमा सिंह की आलोचना करते हुए कहा कि आज झरिया की जो भी समस्या होती है उसके प्रति उनकी उदासीनता इस बात का द्योतक है कि उनको जनता के लिए नहीं बल्कि अपने हित के लिए राजनीति में आना था। झरिया की जनता पानी सहित अनेक मूलभूत सुविधाओं की समस्या से त्रस्त है परंतु विधायक के कान में चूं तक नहीं रेंगता है।उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राजकुमार अग्रवाल, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शैलेश सिंह चंद्रवंशी, सुमन अग्रवाल, अखिलेश सिंह,दिलीप भारती, सरवन राम सुनील साहू मनोज प्रसाद शिव अग्रवाल संजू वर्मा राज माली, जितेन सिंह ,अमित चौहान विजय चंद्रवंशी अशोक बरनवाल, उपेन्द्र विश्वकर्मा,रामप्रकाश सिंह, अजय वर्मा, भोला सेन मोदक, सुनील गुप्ता, राजेश गोस्वामीआदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## गृह मंत्री अमित शाह करेंगे राजौरी का दौरा



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस सप्ताह के अंत में जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले का दौरा करेंगे और जमीनी स्थिति की समीक्षा करेंगे। मालूम हो कि राजौरी और श्रीनगर के जदीबल इलाके में आतंकियों ने हिंदू परिवारों पर फायरिंग की थी। इस हमले में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है।

## एनसीपी सांसद को दस साल की सजा

**लक्षद्वीप।** लक्षद्वीप के कवारत्ती की एक अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सांसद मोहम्मद फैजल को 2009 के हत्या के प्रयास के मामले में 10 साल की सश्रम सजा सुनाई है। फैजला 2014 से संसद में इस केंद्र शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कोर्ट ने फैजल और तीन अन्य दोषियों की जमानत रद्द कर दी।

## शेयर बाजार सपाट

**मुंबई।** वैश्विक बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर बारह समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ सपाट बंद हुआ। सेंसेक्स 9.98 अंक फिसलकर 60105.50 अंक और निफ्टी 18.45 अंक उतरकर 17895.70 अंक पर सपाट रहा।

## हत्या के मामले में आम्रपाली के एमडी के खिलाफ केस दर्ज

**नयी दिल्ली।** आम्रपाली ग्रुप के प्रबंध निदेशक अनिल शर्मा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अगस्त 2014 में बिहार के एक प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान के पूर्व सचिव की हत्या के सिलसिले में आम्रपाली ग्रुप के प्रबंध निदेशक अनिल शर्मा और छह अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पटना हाईकोर्ट के आदेश पर केंद्रीय एजेंसी ने हत्या की जांच अपने हाथ में ली है।

## इजरायल के पीएम से मोदी ने की बात

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल का छठी बार पीएम बनने के बाद बेंजामिन नेतन्याहू को बधाई दी है। फोन पर बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने नेतन्याहू को भारत आने का आमंत्रण दिया है। साथ ही दोनों ही भारत-इजरायल संबंधों को मजबूत करने पर दोनों ने सहमति जताई है। भारत और इजरायल की सामरिक साझेदारी पर मोदी और नेतन्याहू ने संतुष्टि जताई।

### वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री

# नये कीर्तिमान गढ़ रहा देश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पिछले आठ सालों के दौरान राजनीतिक स्थिरता और सतत सुधारों के चलते भारत निवेश की आकर्षक मंजिल बन चुका है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर निगाह रखने वाले संस्थान तथा 'विश्वसनीय स्वर' देश पर अभूतपूर्व भरोसा जता रहे हैं। पीएम ने बुधवार को मध्य प्रदेश सरकार के इंदौर में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन 'इन्वेस्ट मध्य प्रदेश' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश वर्ष 2014 से 'रिफॉर्म', ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म के रास्ते पर चल रहा है।

उन्होंने कोविड-19 के प्रकोप की ओर परोक्ष इशारा करते हुए कहा कि यहां तक कि सदी में एक बार सामने आने वाले भीषण संकट के दौरान भी हमने सुधारों की राह नहीं छोड़ी। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश में सुधारों को बड़ी गति दी है। नतीजतन आज भारत निवेश की एक आकर्षक मंजिल बन चुका है।

### संकट के वक्त भी जारी रही सुधारों की राह : मोदी



### वैश्विक संस्थानों का भारत पर अभूतपूर्व भरोसा

मोदी ने कहा कि भारत के प्रति निवेशकों का आशावाद सशक्त लोकतंत्र, राजनीतिक स्थिरता और युवा मानव संसाधन की बदौलत प्रदर्शित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर निगाह रखने वाले संस्थानों तथा 'विश्वसनीय स्वरों' ने भारत पर अभूतपूर्व भरोसा जताया है और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों ने भी देश को लेकर ऐसा ही आशावाद प्रदर्शित किया है। अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भारत के प्रति आशावान होने का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद के चलते अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) देश को वैश्विक अर्थव्यवस्था के 'उजले बिंदु' की तरह देखता है और विश्व बैंक का कहना कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पैदा होने वाले विपरीत हालात से निपटने के मामले में भारत कई देशों के मुकाबले बेहतर स्थिति में है।

**निवेशकों ने पूंजी लगाने के लिए भारत को तरजीह दी**

मोदी के मुताबिक फिलहाल जी20 की अध्यक्षता कर रहे भारत के बारे में ओइसीडी ने कहा है कि देश इस समूह में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक प्रतिष्ठित बैंक को सर्वेक्षण में पता चला कि ज्यादातर निवेशकों ने पूंजी लगाने के लिए भारत को तरजीह दी। मोदी ने यह भी कहा कि भारत में होने वाला प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नित नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने हाल ही में मिशन ग्रीन हाइड्रोजन को मंजूरी दी है। इसमें 8 लाख करोड़ रुपये के बजट के साथ विकास की संभावनाएं हैं। यह न केवल भारत की बल्कि विश्व की भी जरूरतों और मांगों को पूरा करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत गांव-गांव तक ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क पहुंचा रहा है। वहां तेजी से 5जी नेटवर्क का विस्तार हो रहा है। 5जी से हर इंडस्ट्री और कंज्यूमर के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स से लेकर एआई तक जो भी नए अवसर बन रहे हैं वो भारत में विकास की गति को और तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि बीते 8 सालों में हमने रिफॉर्म की स्पीड और स्केल को लगातार बढ़ाया है। आज का नया भारत अपने प्राइवेट सेक्टर के ताकत पर भी उतना ही भरोसा करता हुआ आगे बढ़ा रहा है। हमने निजी क्षेत्र के लिए रक्षा, खनन और अंतरिक्ष जैसे कई रणनीतिक क्षेत्र खोले हैं।

## अफगान विदेश मंत्रालय के बाहर फिदायीन हमला 20 लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में भीषण बम धमाका हुआ है। यह बम विस्फोट अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के बाहर हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक इस बम धमाके में कम से कम 20 लोगों के मारे जाने की खबर है। बड़ी संख्या में लोग जख्मी भी हुए हैं। यह बम धमाका ऐसे वक्त में हुआ, जब अफगान विदेश मंत्रालय के अंदर चीनी अधिकारियों के साथ तालिबान की अहम बैठक चल रही थी। अब तक यह सामने नहीं आया है कि किस आतंकवादी संगठन ने यह हमला किया है। इसके अलावा किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी भी नहीं ली है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि मैं नहीं जानता कि इस धमाके में कितने लोग मारे गए हैं या जख्मी हुए हैं। लेकिन मैंने देखा कि एक शख्स ने खुद को उड़ा लिया है। यह बम धमाका उस हमले के ठीक तीन दिन बाद हुआ है, जब बम ब्लास्ट में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 8 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। यह हमला काबुल मिलिट्री एयरपोर्ट के बाहर हुआ था। संघर्षरत तालिबान में बीते कुछ महीनों में कई आतंकी हमले हुए हैं। इनमें से कुछ अटैक्स में इस्लामिक स्टेट का अहम रोल था।

## महंगाई ने तोड़ी पाक की कमर प्याज 500% तो ब्रेड-दूध भी महंगा

### श्रीलंका जैसा हो सकता है हाल

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की आर्थिक हालात लंबे समय से खराब हैं, जिन्हें बीते साल आई बाढ़ ने और भी चिंताजनक बना दिया है। पाकिस्तान इन झटकों से उबरा नहीं था कि अब महंगाई की मार भी पाकिस्तान की जनता को झेलनी पड़ रही है। मालूम हो कि पाकिस्तान में खाद्य पदार्थों के दाम बीते एक साल में 50 फीसदी तक बढ़ गए हैं। रोजमर्रा के जरूरत का सामान जैसे प्याज का भाव बीते साल 6 जनवरी 2022 को जहां पाकिस्तान में 36.7 पाकिस्तानी रुपए प्रति किलो था, उसी प्याज के भाव 5 जनवरी 2023 को बढ़कर 220 पाकिस्तानी रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं।

**आटे की कमी :** पाकिस्तान में दिसंबर 2021 में महंगाई दर 12.3 फीसदी थी जो दिसंबर 2022 तक बढ़कर 24.5 फीसदी तक पहुंच गई है। वहीं खाद्य पदार्थों पर महंगाई की मार सबसे ज्यादा पड़ी है। दिसंबर 2021 में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 11.7 फीसदी थी, जो दिसंबर 2022 में बढ़कर 32.7 फीसदी हो चुकी है। पाकिस्तान गेहूं की भारी कमी से भी जूझ रहा है। कई जगह आटा मिल नहीं रहा है और जहां मिल रहा है, वहां इसके दाम आसमान छू रहे हैं। कराची जैसे शहरों में आटे के भाव 140-160 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं।

**विदेशी मुद्रा भंडार में भारी गिरावट**

पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से कम हो रहा है। दिसंबर 2022 के आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान के पास अब सिर्फ 11.4 बिलियन डॉलर का ही विदेशी मुद्रा भंडार बचा हुआ है।

### टूटी जनता की कमर

पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतों में बीते साल के मुकाबले जनवरी में 48 फीसदी और डीजल की कीमतों में 61 फीसदी की बढ़ोतरी हो चुकी है। यकीनन इसका असर खाने-पीने के सामान की कीमतों पर पड़ना था और और वो हुआ भी, पाक ब्यूरो ऑफ स्टेटिक्स के आंकड़ों के अनुसार, चिकन के दामों में बीते साल के मुकाबले 82 फीसदी, दालों के दाम में 51 फीसदी, बासमती चावलों के दाम में 46 फीसदी, सरसों के तेल के दाम में 42 फीसदी, दूध के दामों में 30 फीसदी की बढ़ोतरी हो चुकी है।

## हर साल 5 सेमी खिसक रहा जोशीमठ आसपास के इलाकों पर बढ़ा खतरा

एजेंसी

**देहरादून।** जोशीमठ में भूं-धंसाव होटलों, और घरों में दरारें पड़ने के बाद लोग खौफजदा हैं। दरारग्रस्त घरों, और होटलों को तोड़ने को लेकर उत्तराखंड सरकार, और स्थानीन निवासियों के बीच तकरार चल रही है। हर कोई घरों में दरारें, और शहर में हो रहे पानी रिसाव की असली वजह जानना चाहता है। इसी के बीच इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग-आईआईआरएस की रिपोर्ट चिंताजनक है। सरकार को दिए गए प्रजेंटेशन में यह जानकारी दी गई कि जोशीमठ और उसके आसपास की जमीन हर साल पांच सेंटी मीटर तक धंस रही है। आईआईआरएस की ओर से विशेषज्ञों का कहना है कि उस क्षेत्र में रॉक के साथ साथ स्लॉप भी धंस रहा है, जो स्थिति को ज्यादा चिंताजनक बना रहे हैं। जिसमें कहा गया कि जोशीमठ और उसके आसपास का समूचा इलाका हर साल पांच सेंटीमीटर के करीब धंस रहा है। हालांकि उन्होंने साफ किया कि यह भू धंसाव केवल जोशीमठ में ही नहीं हो रहा, बल्कि इसमें उसके आसपास का समूचा क्षेत्र भी शामिल है। सचिव आपदा प्रबंधन ने बताया कि केंद्र सरकार ने जोशीमठ में हो रहे भू धंसाव के कारणों का पता लगाने के लिए पांच अलग-अलग वैज्ञानिक संस्थानों की टीम भेजी है।

## कांग्रेस ने 30 जनवरी को 21 दलों को श्रीनगर बुलाया

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने समान विचारधारा वाले 21 राजनीतिक दलों को श्रीनगर में 30 जनवरी को होने वाले 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने इन दलों के प्रमुखों को लिखे पत्र में यह भी कहा कि उनकी उपस्थिति से यात्रा के सत्य, करुणा और अहिंसा रूपी संदेश को मजबूती मिलेगी। मैं आप लोगों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करता हूं कि श्रीनगर में 30 जनवरी को भारत जोड़ो यात्रा के समापन समारोह में शामिल हों। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी की स्मृति को समर्पित है जिन्होंने घृणा और हिंसा की विचारधारा के खिलाफ अपने अथक संघर्ष में इसी दिन अपना जीवन खोया था।

# अमेरिका में ठप हुई विमान सेवा

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** कंप्यूटर में गड़बड़ी के चलते पूरे अमेरिका में उड़ानें रोक दी गई हैं। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के कंप्यूटर्स आउटेज की समस्या देखी गई। इसके बाद पूरे संयुक्त राज्य अमेरिका में सैकड़ों उड़ानें प्रभावित हुईं हैं।



**शुरू हुआ सामान्य संचालन**

एफएए ने ट्वीट किया, 'नोटिस टू एयर मिशन सिस्टम के रात भर के आउटेज के बाद पूरे अमेरिका में सामान्य हवाई यातायात संचालन धीरे-धीरे फिर से शुरू हो रहा है। ग्राउंड स्टॉप को हटा लिया गया है। हम प्रारंभिक समस्या के कारण को देख रहे हैं।' इससे पहले एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा था कि वह अपने नोटिस टू एयर मिशन सिस्टम को बहाल करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा था कि हम अंतिम सत्यापन जांच कर रहे हैं और सिस्टम को अभी पुनः लोड कर रहे हैं। उन्होंने बताया था कि नेशनल एयरस्पेस सिस्टम में संचालन प्रभावित हैं। जानकारी के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 6.45 बजे तक अमेरिका के अंदर या बाहर करीब 1200 से अधिक उड़ानें प्रभावित हुई हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के डाटा सेंटर के सर्वर में खराबी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में डाटा सेंटर के एक सर्वर में बुधवार को अचानक खराबी आ गई। इससे कई कंप्यूटर एप्लिकेशन और आईटी सेवाओं को व्यवधान का सामना करना पड़ा। ये ऐप्स और सेवाएं काफी देर तक अनुपलब्ध रहीं। शीर्ष कोर्ट की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि सभी संबंधित इस बात पर ध्यान दें कि डाटा सेंटर में सर्वरों में से किसी एक के अचानक खराबी आने के कारण निम्नलिखित कंप्यूटर एप्लिकेशंस और आईटी सेवाओं को व्यवधान और अनुपलब्धता का सामना करना पड़ रहा है- एससीआई इंजेशन, एसीआई इंटरैक्ट, पेस अटेंडेंस, सिक्योर गेट, एससी ईएफएम और अन्य संबंधित एप्लिकेशंस।

## टाटा ने पेश कीं कारें

**नयी दिल्ली।** टाटा ने ऑटो एक्सपो 2023 में अपनी नई कार टाटा कर्व को रिवील कर दिया है। टाटा कर्व के साथ कंपनी ने इलेक्ट्रिक कार अविन्या और टाटा हैरियर के इलेक्ट्रिक वर्जन को भी रिवील किया है। कंपनी ने इसके साथ एक अन्य इलेक्ट्रिक कार टाटा सिएरा को भी पेश किया है। टाटा ने ऑटो एक्सपो 2023 में टाटा अल्ट्रोज के सीएनजी वेरियंट को भी पेश किया है। टाटा की अल्ट्रोज और पंच में सीएनजी सिलेंडर का साइज छोटा करके 2 सिलेंडर दिए गए हैं जिससे इन कारों में बूट स्पेस काफी बड़ा हो गया। दोनों सिलेंडर को टायर की जगह फिक्स किया है और ऊपर समान रखने के लिए पूरा स्पेस मिलता है। दोनों कारों के साथ 30-30 लीटर के दो सीएनजी सिलेंडर दिए गए हैं।

## ऑटो एक्सपो 2023 : एमजी मोटर इंडिया ने पेश किया ड्राइव ए हेड



**ग्रेटर नोएडा।** एमजी मोटर इंडिया ने बुधवार को ऑटो एक्सपो 2023 में भविष्य की गतिशीलता के लिए विजन ड्राइव एहेड को पेश किया। कंपनी ने भारत में एमजी के विजन के तहत इस प्रदर्शनी में अपने पोर्टफोलियो से प्रॉडक्शन के लिए तैयार 14 वाहनों का प्रदर्शन किया, जो स्थायी, सजग और नई टेक्नोलॉजी पर ब्रैंड के फोकस का प्रसार करती है। एमजी मोटर इंडिया के प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक राजीव चाबा ने कहा कि हम एक ऐसी दुनिया का निर्माण करने की दिशा में काम कर रहे हैं, जो स्थायी, मानवीय और सहज तकनीक से लैस हो। हमारा मकसद एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना है, जहां दिमागी सतर्कता और जागरूकता जिंदगी जीने के तरीके बन जाए। हमारे यहां डिस्प्ले किए गए ईवी और एनईवी रेंज के प्रॉडक्ट्स एमजी की प्रतिबद्धता और भारत में पर्यावरण के अनुकूल आवागमन के स्थारयी तरीकों को अपनाने के हमारे प्रयासों को दर्शाते हैं।

## बिहार में खरमास बाद होगा मंत्रिमंडल विस्तार

**मधुबनी ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि खरमास के बाद राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। मधुबनी में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने यह बात कही। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने इस चर्चा को फालतू करार दिया, जिसमें जदयू की ओर से भी एक उपमुख्यमंत्री बनाये जाने की बात कही गई है। पता नहीं यह बात कहां से आ रही है। भाजपा हमलोगों के साथ थी, तो उसकी ओर से दो उपमुख्यमंत्री बने थे। सीएम ने कहा कि राजद कोटे से जो दो मंत्री हटे हैं, उनकी जगह किसी अन्य को शामिल किया जाएगा। साथ ही, कांग्रेस की ओर से भी नये सदस्य मंत्रिमंडल का हिस्सा बनेंगे। नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य में 7 दलों का गठबंधन सरकार चल रही है।

## बक्सर में किसानों-पुलिस के बीच झड़प के बाद आगजनी

### गाड़ियों में तोड़फोड़, पावर प्लांट में लगायी आग

खबर मन्त्र संवाददाता



**बक्सर।** बिहार के बक्सर में थर्मल पावर प्लांट को लेकर किसानों को प्रदर्शन बुधवार को उग्र हो गया। पुलिस पर आधी रात को घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाते हुए किसान सुबह सड़क पर उतर आए और लाठी-डंडे लेकर पुलिस और पावर प्लांट पर टूट पड़े। किसानों ने इस दौरान पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ की और प्लांट के गेट पर आग लगा दी। प्रदर्शन हिंसक होता देख पुलिस ने किसानों को तितर-बितर करने के लिए हवाई फायरिंग भी की। इससे पहले मंगलवार को किसानों ने प्लांट के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया था। यहां भूमि अधिग्रहण के खिलाफ मुआवजे की मांग कर रहे किसान 85 दिन से शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन मंगलवार को किसानों ने प्लांट के गेट पर ताला जड़ दिया और वहीं पर बैठ गए। किसानों का आरोप है कि दिन में प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारी कुछ नहीं बोले, लेकिन रात होते ही लिस जबरन उनके घरों में घुस गई और मारपीट करने लगे। इस दौरान एक किसान परिवार को बेरहमी से पीटा गया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। किसानों ने बताया, रात करीब 11:30 मिनट पर पुलिस वाले किसानों के दरवाजों को पीटने लगे, जिन्होंने दरवाजा खोल दिया, उन्हें पीटा गया। आरोप है कि इस दौरान महिलाओं व बच्चों को भी नहीं छोड़ा गया।

## फिल्म आरआरआर के नाटू नाटू को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग का गोल्डन ग्लोब अवार्ड



दक्षिण भारतीय फिल्मकार एस एस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' के गाना नाटू-नाटू को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड् 2023 दिया गया है। एस एस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' ने पूरी दुनिया में तहलका मचाया है।राम चरण और जूनियर एनटीआर स्टारर इस फिल्म की रिलीज को एक साल होने आ रहा है। इस फिल्म के गाने 'नाटू-नाटू' को दर्शकों से मिले प्यार के बाद अब इसे 'गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2023' में बेस्ट ओरिजिनल गाने के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हॉलीवुड फिल्मों के बेहतरीन गानों को पछाड़ राम चरण और जूनियर एनटीआर के इस गाने ने देश में ही नहीं, बल्कि विदेशी फैंस को भी डांस करने के लिए मजबूर कर दिया। नाटू-नाटू गाने को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2023 में मिले पुरस्कार के बाद फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने आरआरआर की पूरी टीम को बधाई दी हैं। एस एस राजामौली की इस फिल्म की अभिनेत्री आलिया भट्ट ने भी पूरी टीम को जीत की बधाई देते हुए अवॉर्ड फंक्शन की तस्वीर शेयर की और उन्होंने कैप्शन में 'नाटू-नाटू' लिखते हुए हार्ट वाला इमोजी पोस्ट किया है।

### पीएम मोदी ने आरआरआर टीम को दी बधाई

प्रधानमंत्री ने आरआरआर फिल्म की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि एक बहुत ही खास उपलब्धि! एमएमकीरावानी, प्रेम रक्षित, काल भैरव, चंद्रबोस व राहुलसिप्लुगंज को बधाई। मैं एसएसराजमौली, तारक 9999, ऑलवेजरामचरण और आरआरआर फिल्म की पूरी टीम को भी बधाई देता हूं। इस प्रतिष्ठित सम्मान ने हर भारतीय को बहुत गौरवान्वित किया है।

स्पोर्ट्स

## रणजी ट्रॉफी: पृथ्वी शॉ ने जड़ा धमाकेदार तिहरा शतक, दोहरे शतक से चूके रहाणे



**गुवाहाटी।** भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी में धमाकेदार तिहरा शतक लगाया है। उन्होंने मुंबई की ओर से खेलते हुए असम के खिलाफ बुधवार को 379 रन की पारी खेली। वह 400 रन पूरे करने से चूक गए। पृथ्वी के प्रथम श्रेणी करियर की यह सबसे बड़ी पारी है। एलीट ग्रुप-बी में मैच के पहले दिन मंगलवार को पृथ्वी 240 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने दूसरे दिन अपनी पारी को आगे बढ़ाया और तिहरा शतक लगाया। पृथ्वी ने 383 गेंद की पारी में 49 चौके और चार छक्के लगाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 98.96 का रहा। यह रणजी इतिहास का दूसरा बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। साथ ही 74 साल में किसी बल्लेबाज द्वारा खेली गई सबसे बड़ी पारी भी है। दिसंबर 1948 में महाराष्ट्र की ओर से बल्लेबाजी करते हुए भाऊसाहेब निंबाल्कर ने कठियावाड़ के खिलाफ नाबाद 443 रन की पारी खेली थी। यह रणजी और भारत के प्रथम श्रेणी के इतिहास में खेली गई अब तक की सबसे बड़ी पारी है। पृथ्वी के पास उनके आगे निकलने का मौका था, लेकिन वह चूक गए। हालांकि, अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने संजय मांजरेकर को जरूर पीछे छोड़ दिया।

## दूसरा वनडे जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त बनाने उतरेगा भारत



**कोलकाता।** पहले वनडे में मेहमान टीम को 67 रन से रौंदने के बाद भारत ईडन गार्डन में गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ दूसरा एकदिवसीय मुकाबला जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने उतरेगा। गुवाहाटी में खेले गये पहले मुकाबले में जहां रोहित शर्मा और गिल के बीच पहले विकेट के लिये हुई 143 रन की साझेदारी ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, वहीं विराट कोहली के 73वें अंतरराष्ट्रीय शतक की मदद से टीम 373 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर सकी।

## छत्तीसगढ़ : पुलिस पर नक्सलियों का हमला 5 जवान घायल, एक नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के सुकमा जिले से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। सर्चिंग पर निकले संयुक्त पुलिस फोर्स पर नक्सलियों ने बड़ा हमला किया है। इस हमले में 5 से 6 जवानों के घायल होने की खबर है। वहीं पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक नक्सली मारा गया है। हालांकि पुलिस ने अभी तक अधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि नहीं की है। नक्सलियों ने भी कोई पर्चा या रिलीज जारी नहीं किया है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar-I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 | | |
| English Grammar-I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!